

हैदराबाद टेस्ट में टीम इंडिया की करारी हार: पहले मैच में इंग्लैंड ने 28 रन से जीत दर्ज कर ली है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 09 अंकः 29 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




## फास्ट न्यूज

### नीतीश का नीतिगत विरोध था, है और.. रहेगा'

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**जहां** राजद इस इस्तीफे को लेकर नीतीश पर हमलावर है। वहीं, एनडीए के नेता भी राजद को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अब लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने इस गतिविधि पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। चिराग पासवान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में सरकार की क्या रूपरेखा होती है, एजेंडे में किस-किस चीज को जोड़ा जाता है...इन विषयों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि आज महत्वपूर्ण था कि मौजूदा और पूर्व मुख्यमंत्री (नीतीश कुमार) पहले इस्तीफा दें और उसके बाद वे पुनः शपथ लें...मैं एनडीए के सहयोगी के तौर पर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने जा रहा हूं।

**बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट का विजनः** चिराग ने आगे यह भी कहा कि हमें खुशी है कि बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बन रही है। हमारी सोच 'बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट की है। उन्होंने कहा कि मेरा सीएम नीतीश से नीतिगत विरोध था, है और अगर उनकी नीतियों पर काम चलता रहा तो यह विरोध आगे भी रहेगा। चिराग ने कहा कि उन्होंने हमेशा माना है कि नीतीश कुमार की नीतियों से बिहार का विकास नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि नई सरकार में भाजपा और लोजपा (रामविलास) के विजन को जोड़ा जाता है तो बिहार के लिए फायदेमंद होगा।

### 'स्वदेशी समुदाय को धर्मांतरण कराने के लिए किया जाता है टारगेट'

**डिब्रूगढ़:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को दावा किया कि भारत के स्वदेशी समुदाय अक्सर मुख्यधारा के धर्मों द्वारा धर्मांतरण के प्रयासों का "लक्ष्य" बन गए हैं। इसमें स्वदेशी समुदाय के व्यक्तियों को "भौतिक लाभ के प्रलोभन" के माध्यम से लुभाया जाता है।

### इनसैट-3 डीएस के प्रक्षेपण की तैयारी कर रहा इसरो

**बेंगलुरु:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) मौसम संबंधी उपग्रह इनसैट 3डीएस के प्रक्षेपण के लिए तैयारी कर रहा है। इसरो ने शनिवार को कहा कि इनसैट 3डीएस को जीएसएलवी एफ14 से लॉन्च किया जाएगा। इसे प्रक्षेपण के लिए यूआर राव उपग्रह केंद्र से श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) एसएचएआर के लिए रवाना किया गया है।

# बिहार में 9वीं बार नीतीशे सरकार

= बिहार का किंग! सीएम की कुर्सी पर फिर नीतीश कुमार ने जमाया कब्जा, दो साल में दूसरी बार ली शपथ

**कुर्सी किंग**

**8 नीतीश ने महागठबंधन से अलग होने का कारण कांग्रेस और इंडी गठबंधन के आगे न बढ़ने को बताया**



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार** की राजनीति में कई दिनों से चल रही उथल-पुथल और कयासबाजी रविवार को सही साबित हो गई। नीतीश कुमार ने महागठबंधन सरकार से इस्तीफा देकर एक बार फिर एनडीए के साथ सरकार बना ली। इस बार भी वे ही मुख्यमंत्री पद पर आसीन हुए। यह दो साल में दूसरा मौका है जब नीतीश कुमार ने सीएम पद की शपथ ली। जिस प्रकार से वे बीते दिसंबर महीने से ही अपनी पार्टी में बदलाव ला रहे थे, यह उनकी इसी रणनीति का हिस्सा था। नीतीश कुमार ने सुबह राज्यपाल विश्वनाथ आर्लेकर को अपना इस्तीफा सौंपा।

शाम को उन्होंने नौवीं बार सीएम पद की शपथ ली। इस सरकार में भाजपा से सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा उप मुख्यमंत्री बने हैं। वहीं, भाजपा और जदयू के अलावा जीतन राम मांझी की पार्टी के कुल 5 नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली। वहीं, एक निर्दलीय विधायक सुमित सिंह भी मंत्री बने हैं।

नीतीश ने महागठबंधन से अलग होने का कारण कांग्रेस और इंडी गठबंधन के आगे न बढ़ने को बताया साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि काम हम कर रहे थे, लेकिन राजद के लोग यह दावा कर रहे थे कि सारा काम वे ही कर रहे थे। पिछली बार नीतीश कुमार ने 10 अगस्त 2022 को एनडीए के साथ गठबंधन तोड़कर राजद, कांग्रेस और वाम दलों के साथ मिलकर सरकार बनाई थी, लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए वे वापस एनडीए के साथ आ गए हैं।

### क्या कार्यकर्ताओं के मन की बात सुन रहे मोदी-शाह?

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

2022 में जब अचानक नीतीश कुमार ने भाजपा का साथ छोड़ लालू यादव के साथ सरकार बनाने का निर्णय किया था, भाजपा के शीर्ष नेता सन्न रह गए थे। उन्हें इस घटना पर जवाब नहीं सूझ रहा था। 2024 के लोकसभा चुनाव पर नीतीश के उस निर्णय का असर भांपते हुए उनके चेहरे तमतमाये हुए थे। लेकिन केंद्रीय नेताओं से ठीक उलट भाजपा का आम कार्यकर्ता इस घटना से बेहद खुश था। बिहार से लेकर दिल्ली तक, भाजपा के तमाम कार्यकर्ताओं का यह मानना था कि अब पार्टी को बिहार में अपने बूते खड़ा होने का अवसर मिलेगा। पार्टी कार्यकर्ता मान रहे थे कि चाहे इसके कारण पार्टी को एक-दो चुनाव में हार का ही सामना करना पड़े, लेकिन राज्य में उनकी अपनी पहचान होगी,



अपना आत्मसम्मान होगा। इन कार्यकर्ताओं का विश्वास था कि चाहे उन्हें फौरी तौर पर नीतीश के फैसले के कारण नुकसान उठाना पड़े, लेकिन जल्द ही वे अपने दम पर सरकार बनाने की स्थिति में आ जाएंगे।

भाजपा कार्यकर्ताओं के इस मनोभाव को पार्टी के शीर्ष नेता भी समझ रहे थे। यही कारण था कि अमित शाह ने यह एलान कर दिया कि नीतीश कुमार के लिए अब पार्टी के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो चुके हैं।

## हमें तो इसकी भनक पहले से थी: खरगे





**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार के मुख्यमंत्री** पद से इस्तीफ देते ही बिहार की राजनीति का एक बार फिर पारा बढ़ गया है। पिछले कुछ दिनों से लगातार अटकलें लगाई जा रही थी कि नीतीश कुमार की जेडीयू सहयोगी दल आरजेडी के साथ गठबंधन तोड़ सकती हैं। तमाम कयासों के सही साबित करते हुए आखिरकार राजभवन में राज्यपाल को इस्तीफा देने के बाद नीतीश कुमार ने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। पुराने गठबंधन के साथ काम नहीं कर पा रहा हूं। जिससे बिहार का विकास रुक रहा है। अब मैं नए गठबंधन के साथ नई सरकार बनाऊंगा।

**लालू यादव-तेजस्वी ने पहले ही बता दिया था-खरगेः** नीतीश कुमार के इस्तीफे ने देशभर की राजनीति में हलचल तेज कर दी है। 'इंडिया' गठबंधन का मुख्य चेहरा मानें जाने वाले नीतीश कुमार ने विपक्षी गठबंधन को हासिए पर ला खड़ा किया है। उनके इस्तीफे के बाद पहली बार विपक्षी गठबंधन का प्रमुख सदस्य दल कांग्रेस ने प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि तेजस्वी यादव और लालू प्रसाद यादव ने इस बारे में संकेत दिया था और आज यह सच हो गया है। ऐसे देश में बहुत सारे लोग हैं, आया राम गया राम...।

**भाजपा 'इंडिया' गठबंधन से डर गई हैः टीकेएसः** जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार के बिहार के सीएम पद से इस्तीफे पर डीएमके नेता टीकेएस एलंगोवन ने कहा कि मुझे नहीं पता कि वह भाजपा से किस तरह के दबाव का सामना कर रहे हैं। भाजपा इंडिया गठबंधन तोड़ना चाहती है क्योंकि उन्हें डर है कि वे चुनाव में हार सकते हैं।

### राजनीतिक नाटक रचा जा रहा: जयराम

**कांग्रेस** नेता जयराम रमेश ने कहा कि यह स्पष्ट है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के ध्यान भटकाने के लिए राजनीतिक नाटक रचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ दल भाजपा कांग्रेस नेता राहुल गांधी की इस यात्रा से डर गए हैं, क्योंकि वह जल्द ही बिहार में प्रवेश करने वाले हैं। सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखते हुए जयराम रमेश ने कहा कि बार-बार राजनीतिक साझेदार बदलने वाले नीतीश कुमार रंग बदलने में गिरगिटों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। जयराम रमेश ने कहा कि बिहार की जनता इस विश्वासघात का सबक जल्द ही उन्हें सिखाएगी। नीतीश कुमार ने एनडीए में शामिल होने पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि इससे 'इंडिया' गठबंधन पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## 'राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा ने देश को एक सूत्र में बांधा'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**साल के** पहले मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा दो दिन पहले हम सभी देशवासियों ने 75वां गणतंत्र दिवस बहुत धूमधाम से मनाया। हमारे संविधान को 75 साल पूरे हो रहे हैं। हमारे लोकतंत्र के ये पर्व मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं। भारत का संविधान काफी मंथन के बाद तैयार हुआ इसी लिए उसे जीवंत दस्तावेज कहा जाता है। ये बहुत दिलचस्प है कि संविधान के तीसरे अध्याय के प्रारंभ में संविधान




निर्माताओं ने भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के चित्रों को स्थान दिया था।

**'सामूहिकता की शक्ति ही देश को ऊंचाई पर पहुंचाएगी'** प्रधानमंत्री ने कहा प्रभु राम का शासन, हमारे संविधान निमार्ताओं की भी प्रेरणा का स्त्रोत था इसलिए 22 जनवरी को अयोध्या में मैंने देव से देश की बात की थी, राम राष्ट्र की बात की थी। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा ने देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांध दिया है। सबके हृदय में सबकी भक्ति में राम

**मन की बात**

**8 देशवासियों ने 75वां गणतंत्र दिवस बहुत धूमधाम से मनाया। हमारे संविधान को 75 साल पूरे हो रहे**

हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा 'प्रभु राम का शासन, हमारे संविधान निमार्ताओं की भी प्रेरणा का स्त्रोत था इसलिए 22 जनवरी को अयोध्या में मैंने देव से देश की बात की थी, राम राष्ट्र की बात की थी। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा ने देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांध दिया है।

### एक देश, एक चुनाव': कोविंद ने पूर्व सीजेआई से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

पूर्व राष्ट्रपति और एक देश, एक चुनाव' पर उच्चस्तरीय समिति के प्रमुख राम नाथ कोविंद ने शनिवार को एक साथ चुनाव के मुद्दे पर भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ परामर्श किया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के साथ अपने विचार-विमर्श को जारी रखते हुए, कोविंद ने मेघालय उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीब बनर्जी और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा से मुलाकात की, जिन्होंने इस विषय पर अपनी राय दी।

### 'राहुल गांधी के जल्द बॉडी डबल की पहचान उजागर करूंगा'

**गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि वह राज्य में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए 'बॉडी डबल' का नाम और पता साझा करेंगे। सरमा ने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद द्वारा 'बॉडी डबल' का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। उन्होंने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया था कि यात्रा बस में बैठा और लोगों की ओर हाथ हिलाने वाला व्यक्ति राहुल गांधी बिल्कुल नहीं हैं।

## 'सुप्रीम कोर्ट ने भारत के लोकतंत्र को किया मजबूत'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने (रविवार) सुप्रीम कोर्ट सभागार में डिजिटल सुप्रीम कोर्ट रिपोर्ट (डिजी एससीआर) लॉंच किया। सुप्रीम कोर्ट के हीरक जयंती समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नागरिक केंद्रित सूचना और प्रौद्योगिकी पहल का शुभारंभ करते हुए कहा,"सुप्रीम कोर्ट ने भारत के जीवंत लोकतंत्र को मजबूत किया है। भारत की आज की आर्थिक नीतियां कल के उज्ज्वल भारत का आधार बनेंगी।



आज भारत में जो कानून बन रहे हैं, वे कल के उज्ज्वल भारत को और मजबूत करेंगे।"

**अगले 25 वर्षों के लक्ष्य के साथ काम कर रही देश की कार्यपालकः** उन्होंने आगे कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने भारत की वाइब्रेंट डेमोक्रेसी को मजबूत किया है।

## 'भारत-फ्रांस मिलकर बनाएंगे सैन्य उपकरण'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच वार्ता के बाद दोनों देशों ने एक महत्वाकांक्षी रक्षा औद्योगिक रोडमैप पर मुहर लगा दी। इसके तहत दोनों देशों ने विभिन्न रक्षा उपकरणों के साझा विकास और निर्माण पर सहमति जताई है। वहीं, एयरबस एसई और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लि. के बीच भी एक सौदा हुआ है, जिसके तहत एच-125 हेलिकॉप्टर को संयुक्त रूप से निर्मित किया जाएगा। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने जयपुर में मोदी-



मैक्रों वार्ता के बाद इसके नतीजों की घोषणा करते हुए बताया कि 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के पेशेवरों को एक-दूसरे के देशों में भेजने की योजना और स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल कर चुके भारतीय छात्रों के लिए पांच साल की वैधता के साथ शेंगेन वीजा जारी करने पर भी सहमति बनी। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने यह एलान भी किया कि 2030 तक 30 हजार भारतीय छात्र फ्रांस में पढ़ाई कर सकेंगे। मैक्रों ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह बहुत ही महत्वाकांक्षी लक्ष्य है, लेकिन वह इसे पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**सहमति**

**8 दोनों देशों ने विभिन्न रक्षा उपकरणों के साझा विकास और निर्माण पर सहमति जताई**

**दरकने लगी!** चार महीने से चल रही उठापटक का नतीजा नीतीश के बिहार में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के साथ आया

# ममता-केजरीवाल ने बिगाड़ा था नीतीश कुमार का खेल!

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**विपक्षी** दलों के गठबंधन 'इंडिया' के दरकने और नीतीश कुमार के अलग होने की पटकथा सितंबर से ही लिखी जाने लगी थी। लेकिन इस पटकथा को मजबूती दिसंबर में तब मिली जब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बड़ा दांव खेल दिया। जानकारी के मुताबिक इस दांव के तहत केजरीवाल और ममता बनर्जी ने कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को गठबंधन का चेहरा बनाकर पेश किया। इस पेशकश के साथ सितंबर में लिखी जाने वाली नीतीश कुमार के गठबंधन से



अलग होने की कहानी को मजबूत आधार दे दिया। जानकारी के मुताबिक चार महीने से चल रही अंदरूनी उठापटक का नतीजा नीतीश कुमार के बिहार में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के साथ दोबारा भाजपा के सहयोग से सरकार बनाने के तौर पर सामने आया।

**'विपक्षी गठबंधन में नीतीश कुमार की खास भूमिका थी':** सियासी जानकारों की मानें तो इंडिया गठबंधन में नीतीश कुमार सबसे महत्वपूर्ण भूमिका में थे। गठबंधन में सभी विपक्षी दलों को इकट्ठा करने की महत्वपूर्ण भूमिका बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही निभा रहे थे। सूत्रों की मानें तो मुंबई में हुई पहली बैठक के बाद एक महत्वपूर्ण फैसला लिया गया, जिसमें तय हुआ कि गठबंधन में कोई चेहरा नेता के तौर पर प्रोजेक्ट नहीं होगा। इस बात पर जदयू के नेता नीतीश कुमार भी सहमत हुए। लेकिन कहानी में मोड़ तब आया जब दिसंबर में दिल्ली के अशोका होटल में होने वाली बैठक के दौरान कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम ममता बनर्जी की ओर से सामने रख दिया गया।


**इंडिया को झटका**

**8 सियासी जानकारों की मानें तो इंडिया गठबंधन में नीतीश कुमार सबसे महत्वपूर्ण भूमिका में थे**

## भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का विरोध

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर** के चुराचांदपुर जिले के एक आदिवासी संगठन ने कहा कि वह भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने के केंद्र के फैसले का विरोध करेगा। दरअसल, कहा गया है कि इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम ने जिला मुख्यालय शहर में एक सार्वजनिक परामर्श आयोजित किया, जहां भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और मुक्त आंदोलन व्यवस्था को रद्द करने के केंद्र के फैसले का विरोध करने का संकल्प लिया गया। मुक्त आवाजाही व्यवस्था सीमा के दोनों ओर रहने वाले लोगों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किमी की यात्रा करने की अनुमति देती है। चार भारतीय राज्य - अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम, म्यांमार के साथ 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं। बयान में कहा गया है कि आईटीएलएफ ने 'कुकी जो' लोगों के राजनीतिक भविष्य के लिए मिजोरम सरकार से संपर्क करने का भी फैसला किया है।



**संकल्प**

**8 इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम ने जिला मुख्यालय शहर में एक सार्वजनिक परामर्श आयोजित किया**

समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, फरवरी 2021 में पड़ोसी देश में सैन्य तख्तापलट के बाद म्यांमार के 31,000 से अधिक लोगों ने मिजोरम में शरण ली है।

# सीएम ने पानीपत को दी नववर्ष की एक और 'मनोहर' सौगात

इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा का किया शुभारंभ, प्रदेश के 9 जिलों में 2450 करोड़ की लागत से सिटी बस सेवा का होगा विस्तार, इसके लिए 450 बसें खरीदी जाएंगी, सोमवार से जगाधरी ( यमुनानगर) में भी इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा की होगी शुरूआत, प्रदेश में सड़क, रेल व हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने के साथ-साथ मेट्रो की तर्ज पर रैपिड रेल परिवहन सेवा होगी शुरू -मुख्यमंत्री

**यात्रियों को राहत**

8 पानीपत में फिलहाल तीन इलेक्ट्रिक सिटी बस चालू की गई हैं। शीघ्र ही पांच अन्य बसों को भी बेड़े में शामिल किया



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

ऐतिहासिक नगरी पानीपत के साथ आज उस समय एक और सुखद अध्याय जुड़ गया, जब मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पानीपत के नए बस स्टैंड सिवाह से इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य न सिर्फ प्रदेश के लोगों को सुगम परिवहन सुविधा का लाभ पहुंचाना है, बल्कि पर्यावरण प्रदूषण को भी कम करना है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पानीपत में पहले सात दिन इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा मुफ्त करने की घोषणा की, ताकि लोग अपनी कार व निजी वाहनों को छोड़ सार्वजनिक परिवहन से यात्रा कर सकें। सिटी बस सेवा का रूट भी शहर के लोगों की मांग व आवश्यकता को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। पानीपत में फिलहाल तीन इलेक्ट्रिक सिटी बस चालू की गई हैं। शीघ्र ही पांच अन्य बसों को भी बेड़े में शामिल किया जाएगा। सिटी बस सेवा यात्री किराया 10 से 50 रुपये के बीच होगा और रूट 28 से 30 किलोमीटर का होगा। शहर के लगते गांवों में सिटी बस सेवा का चरणबद्ध तरीके से विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पानीपत के लोगों को सिटी बस सेवा आरंभ होने पर शुभकामना दी और स्वयं भी सिटी बस से यात्रा की। उनके साथ राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, सांसद संजय भाटिया, शहर विधायक प्रमोद विज और परिवहन विभाग के प्रधान सचिव नवदीप विर्क ने भी यात्रा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिवाह का बस स्टैंड उनके स्वयं के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस बस स्टैंड का नींव पत्थर के बाद उद्घाटन भी 18 जुलाई 2023 को उन्होंने ही किया था। आज यहीं से पानीपत सिटी बस सेवा शुरू की गई है, जिसका शहरवासियों व ग्रामीणों को भरपूर लाभ मिलेगा।

**प्रदेश में 450 अत्याधुनिक, वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों का भी होगा संचालन:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि पानीपत और जगाधरी में इलेक्ट्रिक सिटी बस के लांच के बाद पंचकूला, अंबाला, सोनीपत, रेवाड़ी, करनाल, रोहतक और हिसार सहित सात शहरों में सरकार की ओर से जून 2024 तक इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल जो प्रदेश के वित्तमंत्री भी हैं, उन्होंने अपने वर्ष- 2023-2024 के बजट अभिभाषण के दौरान घोषणा की थी कि प्रदेश के 9 नगर निगमों और रेवाड़ी शहर में सिटी बस सेवा शुरू की जाएगी।

## दिल्ली के सराय काले खां से पानीपत तक रैपिड रेल ट्रांसपोर्ट सिस्टम शुरू होगा

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि मैट्रो की तर्ज पर दिल्ली के सराय काले खां से पानीपत तक रैपिड रेल ट्रांसपोर्ट सिस्टम शुरू होगा, जिसका करनाल तक विस्तार करने का प्रयास किया जाएगा। इसी प्रकार कुंडली-मानेसर एक्सप्रेस-वे के साथ-साथ हरियाणा ओरबीट रेल सेवा भी आरंभ की जा रही है, जिससे कुंडली से पानीपत तक बढ़ाया जाएगा। इससे लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। अब हरियाणा का अपना हवाई अड्डा हिसार में होगा। इसे दिल्ली से फास्ट ट्रैक एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जाएगा। इसी तरह से हांसी-रोहतक रेलवे ट्रैक का निर्माण किया जा रहा है। हिसार को दिल्ली से सीधी रेलवे की फास्ट कनेक्टिविटी मिलेगी। हरियाणा हर दृष्टि से देश-विदेश के निवेशकों का मनपसंद गंतव्य बन गया है। उन्होंने कहा कि उद्योग फले-फूले और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले, इसके लिए प्रदेश सरकार ने अपनी उद्योग नीति में ईज आफ डूइंग बिजनेस को सरल किया है।

## 110 करोड़ की लागत से बनेंगे नए बस स्टैंड

**परिवहन** विभाग के प्रधान सचिव नवदीप विर्क ने अपने स्वागतीय भाषण में मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश के 7 शहरों में इलेक्ट्रिक बसों के लिए 3-3 एकड़ में 110 करोड़ की लागत से नए बस स्टैंड बनाए जाएंगे, जिनमें चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने बस निविदा प्रक्रिया के लिए भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के तहत एक इकाई कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) को अपना सलाहकार नियुक्त किया है।

# एक स्नेचिंग की वारदात में गिरफ्तार युवक से हुआ 10 वारदातों का खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

चोरी और स्नेचिंग मामलों में कार्यवाही करते हुए सदर टोहाना पुलिस टीम ने रविवार को एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात मे प्रयोग मोटरसाइकिल व छीना गया मोबाइल बरामद कर लिया है। गिरफ्तार किए युवक ने अपना नाम रवि निवासी गांव चंदड़ कलां बताया है। थाना सदर प्रभारी देवीलाल ने बताया कि आरोपी को आज कोर्ट मे पेश किया जाएगा जहां से आरोपी द्वारा कबूल की गई वारदातों बारे पूछताछ, बरामदगी तथा वारदात मे शामिल उसके साथी की पहचान कर उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि सदर टोहाना पुलिस ने गांव गुल्लरवाला निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर मोबाइल छीनने बारे मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह हेयर सैलून की दुकान करता है। जब वह अपने घर से दुकान पर आ रहा था तो उसी समय दो बाइक सवार युवक मेरा मोबाइल फोन छीन कर ले गए। इस मामले की कार्यवाही करते हुए टोहाना सदर पुलिस ने आरोपी को गांव चंदड़ कलां से से गिरफ्तार कर कोर्ट से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपी से छीना गया मोबाइल फोन को बरामद कर लिया। पुलिस ने जब आरोपी से गहनता से पूछताछ की तो उसने चोरी, स्नैचिंग की अन्य 10 वारदातों का ओर खुलासा किया। पुलिस आरोपी को आज फिर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी ने कबूल की गई वारदातों बारे गहनता से पूछताछ, उसके साथी की गिरफ्तारी व चोरी व छीने गए समान को बरामद किया जाएगा।

**खुलासा**

8 आरोपी से गहनता से पूछताछ की तो उसने चोरी, स्नैचिंग की अन्य 10 वारदातों का ओर खुलासा किया

## केंद्रीय आयुष मंत्री ने योग शिक्षक को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

केंद्रीय आयुष मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने गणतंत्र दिवस दिल्ली में यमुनानगर से विशिष्ठ अतिथि योग शिक्षक दीपक बडोला व राज्य योग संयोजक को सम्मानित किया। योग शिक्षक दीपक बडोला ने रविवार को बताया कि उन्हें व राज्य योग संयोजक डॉ. राजकुमार वैद को केंद्रीय आयुष मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि उन्हे आयुष विभाग जिला यमुनानगर की तरफ से गणतंत्र दिवस पर दिल्ली मे विशिष्ठ अतिथि के रूप मे आमंत्रण मिला था। राज्य योग संयोजक राजकुमार वैद के साथ वहाँ पर गए थे। वहां पर 26 जनवरी सुबह कर्तव्य पथ पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल रहें।

## गृह मंत्री विज ने सुनी लोगों की फरियादें



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला**

**अम्बाला** छावनी बीडी फ्लोर मील क्षेत्र के रहने वाले परिवार ने अपने शिकायत देते हुए बताया कि उनका बेटा एक फैक्टरी में काम करता है। कुछ दिन पूर्व उनके बेटे की फैक्टरी में काम करते हुए तीन अंगुलियां मशीन में आने से दब गई थी। मशीन में अंगुली दबने के कारण फैक्ट्री मालिक किसी प्राइवेट डॉक्टर के पास बेटे को ले गया। उनका आरोप था कि डॉक्टर ने बेटे की तीन अंगुलियां काट दी, परिवार ने आरोप लगाया कि न तो बेटे को सिविल अस्पताल और न ही किसी अन्य बड़े अस्पताल में ले जाया गया और अंगुलियां काटने से पहले फैक्टरी मालिक ने उन्हें कोई जानकारी तक भी नहीं दी। उन्होंने मामले में पुलिस को शिकायत दी मगर पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। इसी प्रकार, पानीपत से आए परिवार ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि उनके घर में कुछ आरोपियों द्वारा आग लगा दी गई थी जिसमें उनके बच्चे की जलने से मौत हुई थी तथा परिवार के पांच अन्य सदस्य झुलस गए थे। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज तो किया, लेकिन आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। गृह मंत्री ने पानीपत के एसपी को आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

**फौजी के घर की जमीन पर कब्जे का आरोप, गृह मंत्री ने पलवल के एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए:** पलवल से आए सैन्य कर्मी व उसके परिवार सदस्यों ने गृह मंत्री अनिल विज को पलवल में उनकी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा करने के आरोप लगाए। उनका आरोप था कि आरोपियों द्वारा उनकी दीवार भी तोड़ दी गई। मामले में केस दर्ज होने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं हुई। गृह मंत्री ने एसपी, पलवल को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए।

**कबूतरबाजी के मामलों में एसआईटी को कार्रवाई के निर्देश दिए:** गृह मंत्री अनिल विज ने कबूतरबाजी के अलग-अलग मामलों में एसआईटी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

**जनसुनवाई**

8 युवक की मशीन में दबी अंगुलियों का इलाज कराने के बजाए काटने का आरोप, जांच के आदेश

## जेई के गले पर चाकू लगाकर नगदी व मोबाइल छीना

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

टोहाना में पंचायती राज विभाग के जेई से दो युवकों द्वारा गले पर चाकू लगाकर हजारों की नकदी व मोबाइल छीनने का मामला सामने आया है। इस बारे में रविवार को शिकायत मिलते ही टोहाना पुलिस ने केस दर्ज कर लूटेरे युवकों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में आदर्श कालोनी, टोहाना निवासी बलजिन्द्र सिंह ने कहा है कि वह पंचायती राज विभाग में जेई के पद पर कार्यरत है। गत दिवस रात करीब साढ़े 11 बजे वह रतिया रोड पर रेड स्टार होटल के पास अपनी गाड़ी खड़ी करके कुछ सामान खरीदने लगा। सामान खरीदकर जब वह गाड़ी में बैठा तो दमकौरा रोड की तरफ से दो अज्ञात युवक आए और उसकी गाड़ी के पास आकर शीशा नीचे करने को कहा।

# आप की सरकार बनने पर बिजली बिल होंगे माफः केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा में सबसे बडा संगठन आम आदमी पार्टी (आआपा) का है। इतना बड़ा जजपा, कांग्रेस व भाजपा का भी नही है। हरियाणावासियों से वादा किया कि राज्य में आआपा की सरकार बनने पर बिजली के बिल माफ किए जाएंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रविवार को जींद के एकलव्य स्टेडियम में रविवार को आयोजित एक मौका केजरीवाल को बदलाव के नाम से आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के हर गांव में आम आदमी पार्टी की 15 से 20 लोगों की कमेटी तैयार है और पूरे हरियाणा के अंदर लगभग सवा लाख पदाधिकारी हैं। यह सब छह माह में हुआ है। आज हरियाणा में लोग सभी पार्टियों से दुखी हैं। इन पर्टियों ने अपना घर भरा। इतना पैसे कमाया कि सात पुश्तें खाएंगी। आज लोगों को आआपा पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के एक तरफ पंजाब व एक तरफ दिल्ली है। दोनों प्रदेशों की जनता खुश है। अब सारा हरियाणा बदलाव मांग रहा है। दिल्ली वालों ने बदलाव कर दिया, पंजाब ने बदलाव कर दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लोगों को बिजली मुफ्त मिल रही है। हरियाणावासी भी अपने बिजली बिल जीरो कर लो। ऐसा कोई पार्टी नही कर सकती। केवल आआपा ही कर सकती है। पढ़े लिखों को वोट देना। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि पंजाब में चुनाव के दौरान युवा मिलते थे तो नौकरी के लिए कहते थे। अब पंजाब में आआपा की सरकार बने दो साल हुए हैं और अब तक 44 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। खट्टर सरकार के पास नौकरी के लिए गए तो उन्हें इजरायल भेजा जा रहा है। इजरायल में युद्ध चल रहा है। बम फट रहे हैं। बच्चों को मरने के लिए भेज रहे हैं।

आप नौकरी नही दे सकते तो मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ दो। ऐसे लोगों को सत्ता में लेकर आओ जो नौकरी दे सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा को सबसे ज्यादा खतरा आआपा से है। सबसे ज्यादा उनके पीछे पड़े हैं। हम देश की शिक्षा और व्यवस्था बदलना चाहते हैं, दवाइयां मुफ्त, उपचार मुफ्त देना चाहते हैं, इसलिए ये लोग पीछे पड़े हैं।



**दावा**

8 भाजपा को सबसे ज्यादा खतरा आआपा से है। सबसे ज्यादा उनके पीछे पड़े हैं: सीएम केजरीवाल

# कांग्रेस प्रभारी ने उम्मीदवारों के चयन को लेकर मांगे सुझाव

ईवीएम और वीवीपैट को लेकर और मुखर होने की आवश्यकता- बाबरिया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ अंकुश जैन**

हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया का कहना है कि पिछले 10 वर्षों के भाजपा सरकार के कुशासन में एक तरफ जहां कमरतोड़ महंगाई व बेतहाशा बेरोजगारी का मंजर है, वहीं दूसरी ओर दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक और गरीबों के साथ निरंतर भेदभाव व अत्याचार किया जा रहा है। इसके साथ किसानों से धोखा, महिलाओं के खिलाफ अपराध तथा कामगारों का शोषण चरम पर है।

कुल मिलाकर बीजेपी सरकार की मनमानी से आम जनता त्रस्त है। जनता के प्रखंड विरोध के बावजूद भाजपा की विभिन्न राज्यों में चुनाव में लगातार जीत के लिए आम लोगों में चुनावी नतीजों को लेकर अविश्वास का भाव है। लोगों में चुनाव की प्रक्रिया में धांधली की आशंका है। इसमें ईवीएम के प्रयोग में धांधली के आरोपों की चर्चा व्यापक रूप से हो रही है। बाबरिया ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में बीजेपी को हराने के लिए आम जनता व विपक्ष मजबूत रणनीति बना रहे है। क्योंकि हमारा स्पष्ट मानना है कि चुनाव प्रक्रिया में मतदाताओं का विश्वास बनाए रखना तभी संभव है, जब पूरे देश में मतदान के समय मतदाताओं के हाथ में अनिवार्य रूप से वीवीपैट की मतदान पर्ची दी जाए, जिसे वो मतदान पेटी में डालें। उनकी गणना के आधार पर ही नतीजे घोषित किए जाएं। विपक्ष के साथ आम जनता को भी धरना-प्रदर्शनों के माध्यम से चुनाव आयोग को नियमों में संशोधन के लिए मजबूर करना पड़ेगा।



**मिशन 2024**

8 आम जनता को भी धरना-प्रदर्शनों के माध्यम से चुनाव आयोग को नियमों में संशोधन के लिए मजबूर करना होगा

## बजट में लघु, मझोले उद्योगों को विशेष राहत दें: बजरंग गर्ग

**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से पत्र लिखकर मांग कि है कि आगामी बजट में सूक्ष्म, लघु, मझोले उद्योगों की तरफ विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें विशेष राहत दें। क्योंकि पिछले 7 सालों देश व प्रदेश में लगभग 50 प्रतिशत छोटे उद्योग (एमएसएमई) बंद हो चुके हैं और सरकार की गलत नीतियों के कारण आज भी काफी छोटे उद्योग (एमएसएमई) बंद होने के कगार पर है।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री हर मोहन धवन का निधन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**चंडीगढ़** के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री हरमोहन धवन का यहां रविवार को निधन हो गया। चंडीगढ़ के सेक्टर 25स्थित शमशान में उनका अंतिम संस्कार सम्मान के साथ कर दिया गया। समर्थकों और प्रशंसकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर नम आंखों से उन्हें विदाई दी।

पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित, ने पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री हरमोहन धवन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए पुरोहित ने कहा, ह्हहरमोहन धवन का निधन शहर के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। समाज, विशेषकर वंचितों और दबे-कुचले वर्ग की भलाई के लिए उनके अथक प्रयासों को आने वाली पीढ़ियों द्वारा हमेशा याद किया जाएगा। उनके निधन से राजनीतिक जगत में पैदा हुई कमी को पूरा नहीं किया जा सकता। पुरोहित ने कहा कि दुख की इस घड़ी में, हमारी संवेदना और प्रार्थनाएँ शोक संतप्त परिवार के सदस्यों और दिवंगत आत्मा के प्रियजनों के साथ हैं। उन्होंने ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में बल प्रदान करने और दिवंगत आत्मा को शाश्वत शांति के लिए प्रार्थना की।

**दुखद**

8 अंतिम संस्कार,राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने संवेदना व्यक्त की रहा

8 बनवारी लाल पुरोहित, ने पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री हरमोहन धवन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया

# विधायक लीला राम ने किया अम्बेडकर भवन का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**

विधायक लीला राम ने रविवार को वार्ड नंबर-1 अर्जुन नगर, माजरा बस्ती गली नंबर-4 में 25 लाख की लागत से अम्बेडकर भवन का उद्घाटन व गली नंबर 3 का शिलान्यास किया।

इस मौके पर उनके साथ नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग भी मौजूद रही। विधायक लीला राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश में सभी वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं और परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है। सरकार सबका साथ-सबका विकास के अंतर्गत एक समान विकास कार्य किए जा रहे हैं। हल्के में भी सभी वर्गों के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा रहा है। पहले ग्रामीण क्षेत्रों में लाइट सही तरीके से नहीं पहुँचती थी परंतु बीजेपी सरकार द्वारा जगमग योजना के तहत 24 घंटे लाइट उपलब्ध करवाई गई है।

आयुष्मान योजना लोगों के लिए काफी हितकारी सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि किसी परिवार में कोई व्यक्ति या बच्चा बीमार हो जाता है और वह परिवार गरीब है तो वह सरकारी अस्पताल व पैनल के प्राइवेट अस्पताल में जाकर अपना इलाज मुफ्त में करवा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अथक प्रयासों से पूरे हरियाणा में विकास कार्यों में तेजी लाई गई है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास धन की कमी नहीं है। सामुहिक कार्यों को प्राथमिकता से किया जा रहा है। बिजली, पानी, स्वास्थ्य सहित विभिन्न सुविधाओं को मुहैया करवाया जा रहा है।

# एसआरके ग्रुप द्वारा निकाली जा रही संदेश यात्रा पर हाईकमान ने लगाई मुहर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा, राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला व विधायक दल की पूर्व नेता किरण चौधरी के नेतृत्व वाले एसआरके ग्रुप द्वारा निकाली जा रही हरियाणा संदेश यात्रा पर पार्टी हाईकमान ने अपनी मुहर लगा दी है। एसआरके की यात्रा को कांग्रेस का अधिकारिक कार्यक्रम घोषित किया है। 17 जनवरी को यात्रा हिसार से शुरू हुई थी और इससे एक दिन पहले 16 जनवरी को हरियाणा मामलों के प्रभारी दीपक बाबरिया ने प्रदेश के कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं के नाम पत्र जारी करके इस यात्रा से दूरी बनाने का आग्रह किया था। कांग्रेस नेताओं की आपसी कलह और गुटबाजी का मामला वरिष्ठ नेता राहुल गांधी तक पहुंचा। राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में व्यस्त हैं। इसके बाद भी उन्होंने समय निकालते हुए हरियाणा के वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए असम तलब किया। पिछले दिनों असम में राहुल की मौजूदगी में हुई बैठक में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, हरियाणा इंचार्ज दीपक बाबरिया, कुमारी सैलजा व रणदीप सिंह सुरजेवाला मौजूद रहे। बताते हैं कि बैठक में एसआरके ग्रुप के नेताओं की ओर से राहुल गांधी को कहा गया कि वे कांग्रेस की मजबूती के लिए ही काम कर रहे हैं। उनकी यह यात्रा भी राहुल गांधी ही भारत जोड़ो न्याय यात्रा से जुड़ी है। उन्होंने दीपक बाबरिया द्वारा जारी किए गए पत्र पर कड़ी नाराजगी जताई। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी ने इस पत्र को लेकर बाबरिया से सवाल-जवाब किए। उन्हें यह भी कहा कि भविष्य में इस तरह के पत्र जारी ना करें। अलबत्ता सभी नेताओं को साथ लेकर चलना उनका काम है। राहुल गांधी ने बाबरिया को निर्देश दिए हैं कि वे हरियाणा में सुनिश्चित करें कि कांग्रेस के सभी नेता एकजुट नजर आए। इसके तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभा क्षेत्रवार की जा रही जनआक्रोश रैलियों, घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस तथा जिलावार चल रहे कार्यकर्ता सम्मेलनों में एसआरके ग्रुप के नेताओं को तवज्जो देने के निर्देश राहुल गांधी ने दिए हैं।

इसी तरह से राहुल गांधी ने एसआरके ग्रुप के नेताओं को भी हिदायतें दी हैं। राहुल के निर्देशों का एसआरके ग्रुप में तुरंत एक्शन नजर आया। एसआरके की हरियाणा संदेश यात्रा के लिए जारी किए जा रहे पोस्टरों में अब दीपक बाबरिया, विपक्ष के नेता व पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान के फोटो भी नजर आने लगे हैं।



**स्वीकृति**

8 पोस्टरों में अब बाबरिया, हुड्डा तथा प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान के फोटो भी नजर आने लगे हैं

# लाला लाजपत राय की 159वीं जयंती मनाई गई

## लाला लाजपत राय ने भारत की अक्षुणता एवं स्वतंत्रता के लिए अनेक वैधानिक कार्यों का निष्पादन किया



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
स्वंत्रता आंदोलन के महा नायक, शिक्षाविद, महान लेखक एवं देश की प्रगति के लिए संस्थाओं को खडी करने वाले लाला लाजपत राय जी की 159वीं जयंती स्थानीय अनाजमंडी परिसर में श्रद्धा के साथ मनाई गई। विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की और लाला लाजपत राय अमर रहे के नारे लगाए।

हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन, अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन एवं लाला लाजपत राय होलसेल ट्रेडर के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने अपने श्रधासुमन अर्पित करते हुए कहा कि लाला लाजपत राय ने भारत की अक्षुणता एवं स्वतंत्रता के लिए अनेक वैधानिक कार्यों का निष्पादन किया जो आज भी भारतीय एकता के लिए पोषण साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे उत्तर भारत में डी०ए०वी० शिक्षण संस्थाओं के माध्यम से शिक्षा का प्रसार वंचित वर्ग तक पंहुचाना, पंजाब नेशनल बैंक से देश की अर्थवयवस्था को मजबूत करना लाला लाजपत राय की देन है । राजीव जैन ने कहा कि हमारी देश के प्रति निस्वार्थ भक्ति ही हमारा धर्म होना चाहिए, जात पात की संकीर्ण मानसिकता से ऊपर उठना चाहिए, देश सेवा के लिए न धन की प्रवाह करनी चाहिए न जान की, धर्म के नाम पर वैमनस्य या विभाजन के पक्षधर न होने के संदेशों ने लाला लाजपत राय जी को आम जनमानस में पूज्य बना दिया । राजीव जैन ने आगे कहा कि लाला लाजपत राय ने राष्ट्रवाद के लिए काम किया, कष्ट झेले और अपने प्राणों का बलिदान दिया। लाला लाजपत राय का यह वाक्य कि "मेरी छाती पर पड़ा लाठी का एक-एक प्रहार अंग्रेजों के कफन में कील साबित होगा, आज के युवाओं में जोश भरने का काम कर रहा है।

इस अवसर पर मंडी के प्रधान अजय गोयल चेयरमैन संजय वर्मा, उपप्रधान सुरेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष अनुज गर्ग मंडी कार्यकारिणी के सभी सदस्यगण, वैश्य सम्मेलन के जिलाध्यक्ष प्रदीप बंसल, हिन्दू शिक्षण संस्थाओं के चेयरमैन राजीव अग्रवाल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के सभी पदाधिकारी एवं महासचिव अरविन्द मित्तल, युवा जिलाध्यक्ष अनुज मंगला, पवन गुप्ता, इखढ के वरिष्ठ नेता जिला कोषाध्यक्ष नवीन मंगला जी, नरेश वर्मा जी, मनोज गुप्ता, अनिल ग्रोवर, शहर के वरिष्ठ समाजसेवी हरी प्रकाश मंगला, मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**प्रेरणास्त्रोत**

8 प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की और लाला लाजपत राय अमर रहे के नारे लगाए

# 'बच्चों को पढ़ाई में किसी तरह न आए परेशानी, इसलिए वितरित की साइकिलें'



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने अपने दौरा कार्यक्रम के तहत अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के कई गांव में जाकर 11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों को साइकिल वितरित की। इस दौरान विनोद शर्मा ने गांव भड़ी, अहमा, कुर्बानपुर, सैनी माजरा, इस्माईलपुर और सुल्लर जाकर स्कूली बच्चों को साइकिल वितरण की। विनोद शर्मा ने कहा कि हर अभिभावक की इच्छा होती है कि उसका बच्चा पढ़ लिखकर नौकरी लगे। सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को एक गांव से दूसरे गांव में पढ़ाई के लिए जाने में बहुत समय लग जाता था जिसको देखते हुए यह फैसला लिया गया कि बच्चों को साइकिल वितरित की जाए। ताकि 11वीं 12वीं में पढ़ने वाले बच्चों का समय बच्चे और वह अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकें। विनोद शर्मा ने कहा कि हर घर रोजगार उनकी प्राथमिकता है और यह तभी संभव हो सकता है जब अंबाला में आईएमटी लग जाए। शर्मा ने कहा कि वह आईएमटी लगवा कर रहेंगे। उन्होंने कहा कि अगर आज आईएमटी लगता है तो निश्चित तौर पर आने वाले 10 से 15 साल में हर घर रोजगार संभव हो सकता है। अंबाला में रोजगार न होने के कारण बच्चों को मजबूर होकर विदेश जाना पड़ रहा है और आईएमटी लगने के बाद विदेश जाने वाले युवाओं की संख्या में बेहद कमी आएगी। विनोद शर्मा ने कहा कि मैंने अंबाला को हमेशा अपना परिवार समझा है और हमेशा अपना परिवारिक रिश्ता निभा है। जब भी कोई आपदा आई है मैं हमेशा परिवार का सदस्य होने के नाते साथ रहा हूं। कोविड आया तो घर घर सेनिटाइजर बंटवाए, बाढ़ आई तो लोगों की मदद के लिए सामान भिजवाया। हर रविवार को मेडिकल कैंप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें उन लोगों से बचना है जो केवल चुनाव आने से दो महीने पहले और चुनाव निकलने के बाद कुछ दिन ही नजर आते हैं। शर्मा ने कहा कि यदि आप लोगों ने ताकत दी तो एक बार फिर अंबाला शहर के लोगों की समस्याओं को दूर करने और घर घर रोजगार दिलाने के लिए काम किया जाएगा। वहीं इस दौरान साइकिल हासिल करने वाले बच्चों ने भी पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा का धन्यवाद किया। साईकिल मिलने पर छात्रों ने खुशी जताई और कहा कि साइकिल मिलने के बाद स्कूल जाने में लगने वाला समय की बचत होगी।

**समय की बचत**

8 छात्रों ने खुशी जताई और कहा कि साइकिल मिलने के बाद स्कूल जाने में लगने वाला समय की बचत होगी

# जोरदार टक्कर में चार युवकों की दर्दनाक मौत



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
बीती रात मामा भांजा चौक पर मारुती वैन की सड़क पर चल रहे साइकिल एवं स्कूटी सवार युवकों से हुई भीषण टक्कर में मूल रूप से नेपालवासी चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका सिविल हस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों में दल बहादुर (50), अर्जुन (25), अमर बहादुर (55) और कमल (40) हाल वासी जीवन नगर शामिल हैं जबकि दल बहादुर मुंह पर चोट लगने से घायल हो गया है। घायल दल बहादुर ने बताया कि वह पांचों शनिवार की रात लगभग 12 बजे शादी में वेटर का काम करके लौट रहे थे कि पीछे से तेजी से आई वैन ने जोरदार टक्कर मारी और उसके बाद मुझे होश नहीं रहा। घटना की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन सुबह ही हस्पताल पहुंचे और पुलिस को कारवाई करने के निर्देश दिए।

# सेवानिवृत्ति बिजली कर्मचारियों कि मांगों की अनदेखी न करें सरकार: मंगतराम



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)** सेवानिवृत बिजली कर्मचारियों की मीटिंग पंजाबी धर्मशाला में सम्पन्न हुई। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान मंगत राम मेहता ने की। मंच का संचालन जिला सचिव रामेश्वर ने किया। मीटिंग में अपनी पुरानी मांगों को दोहराया और रोष प्रकट किया जिला प्रधान मंगतराम मेहता ने कहा कि हरियाणा सरकार पेंशनर्स की मुख्य उचित मांगों की अनदेखी कर रही है। समय रहते सरकार सभी मांगों को लागू करें जिसमें मुख्य मांगे इस प्रकार से हैं, कैसलेस मेडिकल की सुविधा, 65 - 70 - 75 वर्ष की उम्र में क्रमशः 5 , 10 ,15 प्रतिशत पेंशन मे बढ़ोतरी , फैमिली पेंशनर्स को एल टी सी की सुविधा प्रदान की जाए , कॉम्यूटेशन कटौती को 15 वर्ष की बजाय 12 वर्ष किया जाए , 300 सौ यूनिट बिजली फ्री किया जाये ।मीटिंग में हरीश सडाना फोरमैन का जन्म दिवस मनाया गया। और मिठाई बांटी गई। सभी रिटायर्ड जेई और अकाउंटेंट की वेतन विसंगतियों को दूर किया जाए । पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाए जैसा कि पंजाब ,राजस्थान अन्य कई राज्यों में लागू हो चुका है । उपस्थित पेंशनर्स साथियों को जिला प्रधान मंगतराम मेहता , जिला सचिव रामेश्वर , के सी वर्मा सीनियर वाइस प्रधान , बलबीर सिंह वाइस प्रधान , जवाहर सिंह जेई , हंसराज खुराना , ओपी वर्मा, कृष्ण लालजे.ई. ने सभा को संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करना और एकता के सूत्र में बांधे रहने का संदेश दिया । गया । मीटिंग में मुख्य रूप से सुदर्शन कुमार वित सचिव ,ओम प्रकाश मीटर रीडर, शिवचंद शर्मा जेई , राजपाल कोहली , हुकुमचंद सैनी , माम चंद सैनी और बहुत सारे पेंशनर्स साथी उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय की जयंती मनाई गई

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** लाला लाजपत राय की जयंती पर लाला लाजपत राय सेवा समिति कुरुक्षेत्र ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल को विह्लचेयर व कॉटन के बंडल तथा अन्य सामग्री भेंट की। हरियाणा डायरी पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की । कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय द्वारा देश की आजादी में दिए गए सहयोग को कभी भी बुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने स्वतंत्रता की लड़ाई में अंग्रेजों को ललकारते हुए कहा था कि मेरे शरीर पर पड़ी हुई लाठियों की एक-एक चोट अंग्रेजों के कफन में कील का काम करेंगी । उन्होंने कहा कि लाला जी ने देश की आजादी के लिए अपने शरीर पर बहुत कष्ट सहे लेकिन देश के प्रति अपने कर्तव्य से वह कभी पीछे नहीं हटे।

# एक दिवसीय युवा कार्यशाला का किया गया आयोजन



**समालखा (कुलदीप सिंह)** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति एवं शहीद वीरेंद्र स्मारक समिति पानीपत के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय युवा कार्यशाला शहीद वीरेंद्र स्मारक भवन, समालखा में आयोजित की गई। हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के जिला सचिव वेदपाल ने कार्यशाला का मंच संचालन करते हुए कार्यशाला का परिचय रखा। कार्यशाला में 30 युवा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। समाज में जन संगठन की जरूरत एवं कार्यकर्ताओं की भूमिका विषय पर समिति के पूर्व राज्य सचिव सोहन दास ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान विज्ञान आंदोलन की प्रकृति अन्य जन संगठनों से अलग है ।हमारासंगठन जनता की चेतना के विकास के लिए काम करता है न की किसी एक मुद्दे के लिए ।संवैधानिक मूल्यो जैसे जनतंत्र , धर्म निरपेक्षता, सामाजिक न्याय एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण जैसे मूल्यों को समाज में स्थापित करना हमारा मकसद है । उन्होंने कहा कि ज्ञान विज्ञान के कार्यकर्ता वैज्ञानिक सोच और विवेकशील हो ताकि समाज को समझते हुए उसी अनुरूप काम करने की चेतना पैदा कर सके। शहीद वीरेंद्र स्मारक समिति के सचिव डॉक्टर शीशपाल ने समिति द्वारा किए जा रहे कार्यो जैसे शिक्षा , पुस्तकालय व लर्निंग सेंटर, स्वास्थ्य , विज्ञान लोकप्रिय करण और सांस्कृतिक मुद्दो पर प्रतिभागियों को चर्चा के संक्षिप्त परिचय रखा। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने अपने -अपने समूह में इन मुद्दों पर चर्चा करते हुए समाज में सक्रिय भागीदारी के लिए योजना बनाई। हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति की जिला अध्यक्षा शीतल ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि हम अपने-अपने गांव में संगठन की इकाई को मजबूत करते हुए रचनात्मक कार्यों में नेतृत्वकारी भूमिका अदा करें।

**वितीय सहायता**

8 एक दिवसीय युवा कार्यशाला शहीद वीरेंद्र स्मारक भवन, समालखा में आयोजित की गई

# सोहनलाल डीएवी गर्ल्स स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** सोहनलाल डी ए वी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हर साल की तरह इस साल भी गणतंत्र दिवस बहुत धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । जिसमें आदरणीय प्रधानाचार्या नीरू अरोड़ा , अमनदीप अध्यक्ष , शिल्पा सिंह , शिवानी डावर उपाध्यक्ष, चांदनी पुरी , रितु शर्मा, मीतू कालरा ( मेरी उड़ारी ग्रुप ) के सदस्यों व स्टाफ के सभी सदस्यों और बच्चों ने भाग लिया । प्रधानाचार्या नीरू अरोड़ा व मेरी उड़ारी ग्रुप (एन. जी. ओ) के सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया व राष्ट्रगान गाया गया। हमारे प्रधानाचार्या ने सभी उपस्थित सदस्यों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर (मेरी उड़ारी ग्रुप ) एन. जी. ओ. के सदस्यों द्वारा जरुरतमंद बच्चों को स्टेशनरी किट वितरित की गई और ग्रुप के सदस्यों द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# शेरे पंजाब लाजपत राय की मनाई गई जयंती

## कार्यकर्मो में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारत रत्न देने की मांग उठाई गई



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के आह्वान पर शेरे पंजाब एवं आजादी आंदोलन के प्रणेता लाला लाजपत राय की जयंती पूरी श्रद्धा के साथ मनाई गइ। प्रदेश के विभिन्न जिलों रेवाड़ी, कुरुक्षेत्र, सोनीपत, हिसार, जुलाना (जींद), फतेहाबाद, रोहतक में आयोजित कार्यकर्मो में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारत रत्न देने की मांग उठाई गई। महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने सोनीपत में लाला लाजपत राय अनाज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा कि लाला लाजपत राय न केवल आजादी आंदोलन के निर्भीक नेता थे बल्कि शिक्षा, बैंकिंग समेत अनेकों क्षेत्रों में समाज सेवा के लिए कार्यरत थे । उन्होंने कहा कि लाला लाजपत राय की कर्मभूमि हरियाणा रही थी इसलिए जिस जिले में लाला लाजपत राय की मूर्ति नहीं हैं वहां उनके नाम पर चौराहों या पार्क का निर्माण करवाने के प्रयास किये जा रहे हैं। राजीव जैन ने आगे कहा कि लाला जी का जीवन आदर्श राष्ट्र बोध था और उसी के लिए उन्होंने जीवन पर्यन्त कार्य किया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय संस्कृति के विचारों को स्थान दिया तथा भारत में राष्ट्रीय शिक्षा में संस्कारों नामक पुस्तक के मामले माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में नई राह दिखाई जिसका परिणाम डी०ए०वी० शिक्षण संस्थाओं की स्थापना करना रहा। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब नेशनल बैंक को वृद्द स्वरुप लाला जी की देन है जो आज भारत के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। लाला जी का व्यक्तित्व तब तक नहीं खत्म हो सकता जब तक आकाश में सूर्य चमक रहा है क्योंकि वह स्वयं एक संस्था थे। रेवाड़ी में आयोजित कार्यक्रम में महामंत्री दुर्गादत्त गोयल ने कहा कि जयंती मनाने का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं में राष्ट्र प्रेम की भावना पैदा करने के साथ-साथ गरीब बच्चों को शिक्षा प्रदान करना तथा देश के आर्थिक विकास में सहयोग देने के लिए प्रेरित करना है ।

# पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय महेश दत्त शर्मा की पुण्यतिथि मनाई गई



**समालखा ( कुलरीप सिंह ) गांधी** स्मारक निधि पंजाब हरियाणा हिमाचल प्रदेश स्वाध्याय आश्रम पट्टी कल्याण में गांधी स्मारक निधि पंजाब हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश स्वाध्याय आश्रम पट्टी कल्याण के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय महेश दत्त शर्मा की पुण्यतिथि मनाई गई इस उपलक्ष में आश्रम परिसर में हवन कर-के उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई गई । इस पर गांधी स्मारक निधि नियासी मंडल मंडल की सदस्य हेमलता रावत ने उनके जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि इनका जन्म 5 जुलाई 1939 को स्वतंत्रता सेनानी एवं खादी जगत की महान विभूति सोम भाई के घर हुआ था तीन भाइयों में वह सबसे बड़े थे । सन 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में 4 वर्ष की आयु में अपने माता-पिता के साथ मेरठ जेल में रहे माता का नाम सावित्री देवी था । महेशदत्त शर्मा प्रसिद्ध समाजसेवी एवं खादी जगत की महान विभूति थे।

# जन सहयोग संस्था को मंत्री ने दी शाबाशी



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रही है ।गणतंत्र दिवस के जिला कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए आई महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने समाज सेवा के बेहतरीन कार्यों के लिए जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र को शाबाशी देकर पीठ थपथपाई और कहा कि समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाली जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र से अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। जन सहयोग संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र कुमार ने संस्था द्वारा जनताहित में किए जा रहे पुण्यात्मक कार्यों के बारे में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा को विस्तार से जानकारी दी ।संस्थापक मास्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र समय-समय पर जरूरतमंद एवं असहाय लोगों के लिए जनता के सहयोग से भोजन ,कपड़े, जूते ,दिव्यांग मरीजों के लिए व्हीलचेयर बैसाखी इत्यादि मुहैया करवाती रहती है। जन सहयोग संस्था समय-समय पर रक्तदान शिविर एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित करती रहती हैं ।जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र का मात्र एक ही उद्देश्य है कि जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की ज्यादा से ज्यादा जनता के सहयोग से मदद की जाए।

# कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय महिला कबड्डी टीम ने रचा इतिहास



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम गुरु काशी यूनिवर्सिटी तलवंडी साबो में आयोजित नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी महिला चैंपियनशिप 2023-24 की विजेता बनी। 25 से 27 जनवरी के बीच आयोजित प्रतियोगिता में केयू महिला कबड्डी टीम ने इतिहास रचते हुए नॉथ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला कबड्डी प्रतियोगिता की ट्राफी अपने नाम की। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने केयू महिला कबड्डी खिलाड़ियों, कोच एवं कार्यवाहक खेल निदेशक को बधाई देते हुए कहा कि केयू खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने महिला कबड्डी खिलाड़ियों को विशेष बधाई देते हुए कहा कि कहा शिक्षा, शोध, विज्ञान तथा खेल सहित सांस्कृतिक क्षेत्रों में हमारी बेटियां बेटों से कम नहीं है। वर्तमान में हमारी बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी रहकर विश्वविद्यालय, राज्य एवं देश का नाम रोशन कर रही हैं। कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने 29 से 31 जनवरी तक गुरु काशी यूनिवर्सिटी तलवंडी साबो में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला कबड्डी प्रतियोगिता 2023-24 के लिए केयू महिला खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने महिला कबड्डी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर केयू खेल निदेशालय के कार्यवाहक खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती ने बताया कि केयू ने नॉथ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला कबड्डी टीम के क्वालीफाइंग मैच में सीडीएलयू सिरसा को 45-38 से हराया। वहीं पहले लीग मैच में केयू ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली को 47-32 से मात देकर प्रतियोगिता में शानदार शुरूआत की। दूसरे लीग मैच में केयू ने गुरुकाशी विश्वविद्यालय तलवंडी साबो को तथा तीसरे मैच में भगत फूल सिंह विश्वविद्यालय खानपुर कलां को 45-27 से हराया। उन्होंने बताया कि अब यह 29 से 31 जनवरी 2023 तक गुरु काशी यूनिवर्सिटी तलवंडी साबो में होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी महिला चैंपियनशिप 2023-24 में केयू महिला कबड्डी टीम अपना दमखम दिखाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### युवक ने एक से की कोर्ट मैरिज, दूसरी को लेकर हुआ फरार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। करनाल** में एक युवक शादी से 12 दिन पहले अपनी प्रेमिका के साथ फरार हो गया। युवक घर से 4 लाख की नकदी और 5 लाख के गहने लेकर भागा है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

मुनक थाना क्षेत्र निवासी नवीन ने 28 दिसंबर 2023 को कोर्ट मैरिज की थी। नवीन की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि कोर्ट मैरिज से लडकी के घर वाले भी खुश थे। घर वालों ने हिंदू रीति रिवाज से नवीन की शादी करवानी चाही थी। शादी 4 फरवरी को होने वाली थी, लेकिन नवीन 24 जनवरी को ही किसी और लडकी के साथ घर से फरार हो गया। वह घर से पांच लाख के गहने व चार लाख की नकदी लेकर फरार हुआ है।

मां ने अपने ही बेटे पर आरोप लगाया है कि उसका बड़ा बेटा उसके छोटे बेटे को वॉट्सऐप कॉल पर पैसे मांगता है और उसे जान से मारने की भी धमकी देता है। बोलता है कि जहां तू नौकरी करता है, वहां से तुझे रास्ते में मरवा दूंगा। मां ने पूरे मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आप की जींद में होने वाली रैली के लिए कार्यकर्ता हुए रवाना

**राईः राई हलके** से आप नेता एवं आप शिक्षा सैल के जिलाध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल जींद में होने वाली रैली के लिए हजारों कार्यकताओं के साथ रवाना हुए। रैली में जाने से पूर्व बहालगढ़ चौक पर कार्यालय में आप पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए और कार्यकताओं को संबोधित किया। आंतिल ने कहा कि हम व्यवस्था को बदलेगे। हमारा स्वतंत्रता सेनानी परिवार है। हमारे बुजुर्गों ने जो किया। उनके मार्ग पर चलकर काम करूगा। आज बुजुर्ग पैशन व राशन कार्ड के लिए परेशान है। आप की प्रदेश में सरकार आने पर सारी व्यवस्था बदली जाएगी। जिससे लोगों को परेशानी नही आएगी। लोग आप नेता एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल कीदनीतियों से बहुत प्रभावित है। प्रदेश में अगली आप की सरकार बनेगी। इस मौके पर हलके के काफी लोग मौजूद थे।

### सैन्य सेवाओं के लिए कर्नल सत्यकाम डबास को विशिष्ट सेवा पदक मिलने की घोषणा से परिजन व हिसारवासी गौरवान्वित

हिसारः वीरता, पराक्रम व अदम्य साहस के लिए हरियाणा के वीर सैनिकों के उदाहरण दिए जाते हैं। इसी कड़ी में हिसार निवासी कर्नल सत्यकाम डबास का नाम भी जुड़ गया है। असाधारण सैन्य सेवाओं के लिए कर्नल सत्यकाम डबास का चयन विशिष्ट सेवा पदक के लिए किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कर्नल सत्यकाम को विशिष्ट सेवा मेडल प्रदान करने की आधिकारिक मंजूरी दे दी है। अब हिसार के इस रणबांकुरे को भव्य समारोह में विशिष्ट सेवा मेडल से नवाजा जाएगा।

दिल्ली स्थित सेना मुख्यालय में तैनात कर्नल सत्यकाम डबास विशिष्ट सेवा मेडल की सूचना को अपने परिजनों व मित्रों से साझा करने के लिए हिसार की बैंक कॉलोनी स्थित आवास पर आए हुए हैं। कारिगल युद्ध में अदम्य साहस दिखाकर कई आतंकवादियों को मार गिराने वाले सत्यकाम डबास वर्ष 2000 में गेलेंट्री अवॉर्ड से सम्मानित हो चुके हैं।

# मुहं बोले चाचा ने भतीजी को बनाया अपनी हवस का शिकार

## अंकल को उसके लव अफेयर की भनक लगी और उसने उसका फायदा उठाकर ब्लैकमेल कर जबरदस्ती की

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले में** मुहं बोले चाचा ने भतीजी को अपनी हवस का शिकार बनाया है। युवती अंकल की पत्नी के पास ब्यूटी पार्लर का काम सीखती थी। अंकल को उसके लव अफेयर की भनक लगी और उसने उसका फायदा उठाकर ब्लैकमेल कर जबरदस्ती की। लडकी प्रेग्नेंट हो गई तो अंकल ने उसका गर्भपात करवा दिया। हद तो तब हो गई जब पुलिस वाले के जरिये भी लडकी व उसके घरवालों को ब्लैकमेल कराया गया। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार करनाल के सेक्टर 32-33 थाना एरिया में रहने वाली एक युवती महिला के पास ही ब्यूटी पार्लर का काम सीखती थी। इस दौरान वह एक युवक से प्यार करती थी और उसके साथ रिलेशन में थी। इसका पता ब्यूटी पार्लर वाली के पति को चल गया। वह उसके पति को अंकल बोलती थी।

अंकल लव अफेयर के बारे में पता चलने के बाद लडकी को गलत जगहों पर छूने लगा। उसने डरा धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने धमकी दी कि अगर तूने इसके बारे में किसी को कुछ भी बताया तो वह उसके लव अफेयर के बारे में उसके परिजनों को बता देगा। इसके बाद वह डर गई और किसी को कुछ भी नहीं बता सकी। लडकी ने पुलिस को बताया है कि उसके पीरियड रुक चुके थे। 3 महीने का समय बीत चुका था। इसके बारे में उसने अंकल को बताया। अंकल बोले कि तू घबरा मत। तब उन्होंने उसे कुछ दवाई खिलाई, लेकिन उसके बावजूद भी पीरियड नहीं हुए। अंकल ने कहा कि तू अपने घर वालों का नाम न लेकर अपने लवर का नाम बता देना, बाकी मैं खुद संभाल लूंगा। उसने बताया है कि अंकल ने खुद ही उसके घर वालों को बता दिया। इसके बाद उसके घर वाले अंकल के सामने हाथ पैर जोडने लगे और इस मुसीबत से बचाने की गुहार लगाई। अंकल ने अपने किसी परिचित से मिलकर उसका गर्भपात करवा दिया। गर्भपात के दो-तीन दिन बाद वह घर लौट आई थी। उसने ब्यूटी पार्लर पर काम सीखने के लिए जाना बंद कर दिया। युवती ने बताया कि उसके घरवालों को किसी पुलिस वाले का कॉल आया, जिसने कहा कि तुम लोगों ने अपनी बेटी का गर्भपात करवाया है और चंडीगढ़ कार्यालय में पेश होकर अपने बयान दो।

## प्रेमी ने शादीशुदा प्रेमिका के पति पर किया जानलेवा हमला

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। रामनगर** थाना क्षेत्र में शादीशुदा प्रेमिका ने प्रेमी से बात बंद की तो प्रेमी ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रेमिका के पति व भाई पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने प्रेमिका के फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बात करने का दबाव भी बनाना चाहा। हमले में घायलों को करनाल के अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के बाद मेडिकल करवाया और शिकायत पुलिस को की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रेमिका एक साल से अपनी ही कॉलोनी के एक युवक से फोन पर बात किया करती थी, लेकिन तीन-चार महीने पहले ही उसके पति व अन्य परिजनों को प्रेम-प्रसंग के बारे में पता चल गया। इसके बाद उसने युवक से बात करनी बंद कर दी, लेकिन उसके बाद युवक ने उसके फोटो और वीडियो को लेकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। धमकी दी कि अगर उसने उससे बात नहीं कि तो वह फोटो व वीडियो वायरल कर देगा।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि तीन-चार दिन पहले आरोपी युवक 10-15 लोगों के साथ जबरदस्ती उसके घर में घुस गया और उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर चला गया। इसको लेकर शिकायत भी पुलिस तक पहुंची थी, लेकिन इस मामले का राजीनामा हो गया था, लेकिन आरोपी उसके बाद भी नहीं रुका। उसने 27 जनवरी की शाम दोस्तों के साथ मिलकर प्रेमिका के पति व भाई पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे पति गंभीर रूप से घायल हो गया।

## इग्नू में एडमिशन की अंतिम तिथि 31 जनवरी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। इग्नू के** क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डा. धर्म पाल के निदेर्शानुसार, इग्नू लर्निंग सपोर्ट सेंटर 1075 गुरु नानक खालसा कालेज के कॉर्डिनेटर, डा. देवी भूषण ने जानकारी देते हुए बताया कि इग्नू यूनीवर्सिटी में ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग से जनवरी 2024 सेशन के लिए एडमिशन की अंतिम तिथि 31 जनवरी है। जो विद्यार्थी एडमिशन लेना चाहते हैं, वह 31 जनवरी से पहले एडमिशन ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ए-ग्रेड यूनिवर्सिटी है। इग्नू में एडमिशन के लिए साल में दो बार फार्म भरे जाते हैं। पहला जनवरी सत्र के लिए और दूसरा जुलाई सत्र के लिए। जनवरी 2023 सत्र की एडमिशन प्रक्रिया अभी जारी है। जो लोग कौशल आधारित और ज्ञान आधारित शिक्षा लेना चाहते हैं, उनके लिए इग्नू सबसे उपयुक्त विश्वविद्यालय है। इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है।

उन्होंने बताया कि इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। ऐसे विद्यार्थी जिनको मेरिट के चलते कॉलेज में ऐडमिशन नहीं मिला हो या किसी भी कारण से वह रेगुलर कॉलेज और विश्विद्यालय में नहीं जा सकते तो ऐसे विद्यार्थी आसनी इग्नू से पढ़ाई कर डिग्री हासिल कर सकते हैं। नौकरी पेशा वाले लोग भी आसनी से दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी उच्च शिक्षा जारी रख सकते हैं और इग्नू के किसी भी पाठ्यक्रम में एडमिशन ले सकते है। इग्नू से विभिन्न तरह के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा, ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकते हैं। इग्नू के सभी पाठ्यक्रमों की सूची एवं जानकारी इग्नू की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### 'महा नायक लाला लाजपत राय का संघर्ष हम सभी के लिए अनुकरणीय'

**राई।** स्वंत्रता आंदोलन के महा नायक, शिक्षाविद, महान लेखक लाला लाजपत राय की जयंती के अवसर पर पूर्व मार्किट कमेटी के चेयरमैन एवं भाजपा नेता कुलदीप नांगल ने लाला लाजपत राय अमर रहे के नारे लगाए। देश की अर्थवयवस्था को मजबूत करना लाला लाजपत राय की देन है। पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल ने कहा कि लाला लाजपत राय ने राष्ट्रवाद के लिए काम किया, कष्ट झेले और अपने प्राणों का बलिदान दिया। लाला लाजपतराय महान स्वतन्त्रता सेनानी थे। उन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर भारतीय जनमानस में आजादी की अलख जगायी। देश की स्वाधीनता के लिए ब्रिटिश हुकूमत के विरूद्ध उनका संघर्ष सदैव स्मरणीय रहेगा।

## सनातन धर्म मंदिर रामनगर में मची राम नाम की धूम

### श्रद्धालुओं ने की आतिशबाजी, लगाए जयकारे

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। अयोध्या में** रामलला के विराजे जाने की खुशी में सनातन धर्म मंदिर रामनगर में जश्न का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने धूमधाम से राम लला के आने का स्वागत किया और आतिशबाजी कर राम नाम के जयकारे लगाए। आर्य समाज स्त्री विंग की ओर से भी हवन यज्ञ कर रामलला के आने का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना की। इसके बाद ओम नमः शिवाय परिवार की ओर से ओम नमः शिवाय का सामूहिक जाप किया गया। शरणम, नमो शरणम, शिवाय शरणम, भोले बाबा शरणम से शिव स्तुति की संगीतमयी शुरूआत हुई। कलाकारों ने भजन गाकर श्रद्धालुओं को मोह लिया। श्रद्धालुओं ने पहले भोले बाबा को फूलों के श्रृंगार से सजाया, फिर हर हर महादेव के जयकारे लगाकर भोलेनाथ को रिझाया। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आराधना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। फिर राम नाम की माला जपी गई। राम नाम की माला से वीर बजरंगी को भी रिझाया। भजनों के बाद प्रसाद वितरित किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। जाप परिवार के सेवक संजय टिक्का ने श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। शिव भक्त नरेश छाबडा, अनिल, सतीश शर्मा, शंटी सचदेवा, रोहित ग्रोवर, कपिल ढल, अशोक दुआ व इंद्रजीत शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।



## अनुज बंसल बने जेसीआई के प्रधान, जेसीआई के 45वें शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

### अनुज बंसल बने जेसीआई करनाल के प्रधान, जेसीआई के 45वें शपथ ग्रह□समारोह का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जेसीआई** करनाल द्वारा आज नूर महल में 45वां शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जेसी अनुज बंसल को वर्ष 2024 के लिए प्रधान पद के लिए चयनित किया गया।

आज के कार्यक्रम में मंच संचालन जेसी प्रतिमा जिंदल एवं जेसी संदीप अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकास अहलावत एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर दिल्ली राज्य सिविल सप्लाई, करनाल की महापौर रेनू बाला गुप्ता, गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ.संजय वर्मा ब्लड अफसर, इंस्टालेशन ऑफिसर जोन प्रेजिडेंट जेसी जतिन सिंगला, इंडक्शन ऑफिसर जेसी मनीष सिंगला मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई।



वर्ष 2023 के प्रधान कमल गर्ग ने अपने कार्यकाल की रिपोर्ट पेश की एवं नई टीम को बधाई दी। अनुज बंसल ने अपनी पत्नी रुचि बंसल के साथ शपथ ली एवं नए पद की जिम्मेदारी ग्रहण की। अनुज बंसल ने बताया कि संस्था हमेशा से समाज में अच्छे एवं सामाजिक कार्य के लिए पहचानी जाती है। आज अपनी नई कार्यकारिणी में जेसी सीए रोहित गर्ग को सचिव और गौरव गुप्ता को कैशियर पद की जिम्मेदारी दी गई।

**पहचान**

> 8 नुज बंसल ने बताया कि संस्था हमेशा से समाज में अच्छे एवं सामाजिक कार्य के लिए पहचानी जाती है

कार्यक्रम के दौरान सरस्वती विद्या सदन के बच्चों द्वारा मनमोहक गणेश वंदना प्रस्तुत की गई।

विकास अहलावत, रेनू बाला गुप्ता एवं डॉ.संजय वर्मा ने जेसीआई करनाल का प्रधान बनने पर अनुज बंसल एवं उनकी टीम को बधाई दी।

इस मौके पर अधिवक्ता नरेश गुप्ता, राजीव गोयल, जय प्रकाश गोयल, बॉबी गोयल, रोमी सिंगला, प्रधान निसिंग नगरपालिका, समीर जिंदल, विशाल जिंदल, रोबिन गर्ग, अमीश गोयल, राज कुमार तायल, कुलभूषण गोयल, टोनी वीरेन गर्ग, मुनीश बंसल, दिनेश गुप्ता एवं एलसी चौहान आदि उपस्थित रहे।

## अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में बीमा महत्वपूर्ण: आनंद



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। भारत की** अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हो रही है, लेकिन इसके साथ ही जोखिम और अनिश्चितताएं भी बढ़ रही हैं। आज की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में, अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में बीमा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह विचार बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस में, नेशनल हेड. जियो अमितेश आनंद ने लोगों को बीमा के प्रति जागरूक करते हुए रखे।

इस दौरान बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने मुगल कैनाल करनाल में अपने नए ऑफिस के उद्घाटन की घोषणा की है। अपनी विशेषज्ञता के साथ बजाज आलियांज का उद्देश्य है करनाल की जनता को अपने नए उत्पाद और समाधान प्रदान करना है। बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस, अपने कुशल और विशाल डिस्ट्रीब्यूशन चैनलों के माध्यम से, अपने उत्पाद और संबंधित सेवाओं को देश के प्रत्येक हिस्से तक पहुंचने और समाज कल्याण के प्रति अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 'मृत्कों के परिवारों को उचित मुआवजा दिलाएंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**बीती रात** मामा भांजा चौक पर मारुती वैन की सड़क पर चल रहे साइकिल एवं स्कूटी सवार युवकों से हुई भीषण टक्कर में मूल रूप से नेपालवासी चार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका सिविल हस्पताल में इलाज चल रहा है।

मृतकों में दल बहादुर (50), अर्जुन (25), अमर बहादुर (55) और कमल (40) हाल वासी जीवन नगर शामिल हैं जबकि दल बहादुर मुंह पर चोट लगने से घायल हो गया है। घायल दल बहादुर ने बताया कि वह पांचों शनिवार की रात लगभग 12 बजे शादी में वेटर का काम करके लौट रहे थे कि पीछे से तेजी से आई वैन ने जोरदार टक्कर मारी और उसके बाद मुझे होश नहीं रहा।



घटना की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन सुबह ही हस्पताल पहुंचे और पुलिस को कारवाई करने के निर्देश दिए। मृतक परिवारों को सांत्वना देते हुए कहा कि कोर्ट के माध्यम से मृत्कों के परिवारों को उचित मुआवजा दिलवाने का प्रयास करेंगे।

## ऑनलाइन धोखाधड़ी के आरोप में चार महिलाओं सहित आठ गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिला के** थाना साइबर की टीम द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी करने के मामले में चार महिलाओं सहित आठ आरोपियों को गिफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से 5 हजार की नकदी और एक मोबाइल फोन सिम सहित बरामद हुआ है।

पुलिस टीम ने 22 जनवरी को ऑनलाइन ठगी करने वाले तीन आरोपियों हेमंत पुत्र राजपाल वासी सेक्टर 87 नोएडा उत्तर प्रदेश, प्रवीण कुमार पुत्र यशपाल वासी छोटी उकावली अलीगढ़ उत्तर प्रदेश और शशिभूषण तिवारी पुत्र हेमंत तिवारी वासी हाजीपुर सेक्टर 104, गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया था। आरोपी शशिभूषण को न्यायालय में पेश करके जेल भेज दिया गया और आरोपी हेमंत और प्रवीण को रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान आरोपी हेमंत की निशानदेही पर उससे पांच हजार रुपए और सिम सहित एक मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी हेमंत और प्रवीण ने बताया कि वे अपने अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर पिछले दो साल से ऑनलाइन ठगी का यह काम कर रहे हैं, जिसमें वे अब तक देश के अलग-अलग हिस्सों से करीब 80 व्यक्तियों को अपना शिकार बना चुके हैं। सभी आरोपी एक टीम के तौर पर मिलकर यह काम करते हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करके न्यायिक हिरासत भेज दिया गया। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर ही उनके अन्य पांच सह आरोपी मिनाक्षी पुत्री नितीश, स्वाती पत्नी नितीश, प्रिया पुत्री मनोज, तरुण पुत्र उदयवीर और ज्योति पुत्री विनोद वासियान खिचड़ीपुर एरिया थाना कल्याणपुरी दिल्ली को खिचड़ीपुर से इनके ऑफिस से गिरफ्तार किया गया।



# श्री कृष्णा मंदिर में हुआ विशाल महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन

## संवर्धिनी समागम में तीन जिलों की करीब दो हजार महिलाओं ने लिया भाग, महिला उत्पादों की लगाई गई प्रदर्शनी

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। भारत** के विकास में महिलाओं की भूमिका, उनकी स्थानीय समस्या, स्थिति एवं समाधान को लेकर करनाल के सेक्टर 14 स्थित कृष्णा मंदिर में विशाल महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें करनाल, कुरुक्षेत्र और कैथल जिले की करीब 2 हजार महिलाओं ने भागीदारी की।

संवर्धिनी समागम के नाम से आयोजित इस महिला सम्मेलन की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी बेला भाटिया ने की, जबकि भारतीय वॉलीबॉल टीम की कप्तान निर्मल तंवर और करनाल महिला थाना की प्रबंधक पवना देवी ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। आए हुए सभी अतिथियों को आयोजकों द्वारा श्रीफल और शाल देकर सम्मान किया गया।

महिला समन्वय कार्यक्रम की विभाग संयोजिका सीमा गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज और देश के विकास में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाना और महिलाओं के प्रति जो भारतीय दृष्टि है, उसे समाज के निचले स्तर तक पहुंचाना है। उन्होंने यह भी बताया कि महिला सम्मेलनों में मुख्य रूप से तीन विषय शामिल किए गए, जिनमें पहला भारतीय चिंतन में महिला, दूसरा महिलाओं की स्थानीय समस्या, स्थिति एवं समाधान और तीसरा भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका।



कार्यक्रम की अध्यक्ष बेला भाटिया ने कहा कि भारत में नारी को सदैव सम्मान दिया गया है। यहां तक कि वेदों में भी ऐसी अनेक महिला विभूतियों का वर्णन है, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में प्रसिद्धि पाई। विवाह संस्कार में बोले जाने वाले मंत्र भी एक महिला ऋषिका सूर्य सावित्री द्वारा रचे गए हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति की ऊर्जा से ही सृष्टि बनी है। उन्होंने अपने वक्तव्य में वैदिक काल से आधुनिक काल तक की नारियों की विशेषता बताई।

**प्रदर्शनी**

> 8 भारतीय संस्कृति की राजदूत हैं। उन्होंने कहा कि भारत में एकल परिवार की कभी संरचना नहीं रही

दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो.मनु शर्मा कटारिया ने कहा कि महिलाएं स्वयं ऊजार्वान हैं, बस उन्हें केवल अवसर देने की आवश्यकता है। बच्चों को संस्कार देने की सबसे पहली पाठशाला बच्चों की मां होती है। ऐसे में उसे पर बच्चों को संस्कारित करने की एक बड़ी जिम्मेदारी है। संस्कार के बिना भारत के उज्जवल भविष्य की कल्पना करना मुश्किल है। महिलाओं को यह तय करना होगा कि बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास सशक्त होना चाहिए, ताकि वह आने वाली चुनौतियों का सामना कर सके। मुख्य अतिथि भारतीय वॉलीबॉल टीम की कप्तान निर्मल तंवर भाटी ने कहा कि महिलाओं को सर्वप्रथम अपनी सामर्थ्य व क्षमता को पहचानना है तथा सही दिशा में अग्रसर होना है। उन्होंने कहा कि कुरीतियों और आडंबरों में समयानुकूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है। आज हमारे देश की महिलाएं हर क्षेत्र में प्रगति कर रही हैं। महिलाएं राष्ट्रपति, मंत्री एवं मुख्यमंत्री हैं। महिला खिलाड़ी देश के लिए पदक जीत रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत के बारे में यह प्रसारित किया जाता है कि यहां महिलाओं को कोई अधिकार नहीं है। यह ठीक नहीं है। समापन सत्र की मुख्य वक्ता निशा राणा ने कहा कि महिलाएं भारतीय संस्कृति की राजदूत हैं। उन्होंने कहा कि भारत में एकल परिवार की कभी संरचना नहीं रही। यहां तो परिवार का मतलब संयुक्त परिवार था।

# संपादकीय

## विपक्षी एकता का ढहता किला

**इंडी** गठबंधन के बारे में राजनीति की समझ रखने वाले अधिकतर व्यक्तियों के अनुमान सही साबित हुए। गठबंधन की पहली बैठक के बाद से ही उसके भविष्य के बारे में जो कुछ कहा जा रहा था, वो शब्दशः धरती पर उतरता दिख रहा है। वास्तव में इंडी नामक विपक्षी गठबंधन में चूंकि वैचारिक साम्यता नहीं है इसीलिए इसकी एकजुटता प्रारंभ से ही संदिग्ध रही है। उससे जुड़े दल मोदी विरोध पर तो एकमत हैं किंतु आपसी विश्वास नजर नहीं आने से एक कदम आगे, दो कदम पीछे वाली स्थिति से घिरे हैं। सीट बंटवारे की वेला समीप आते ही, गठबंधन तिनकों की तरह बिखरता जा रहा है। भारतीय राजनीति का इतिहास खंगाले तो पिछले 75 वर्षों में न जाने कितने गठबंधन बने और बिखरे, और पुनः बने। चूंकि विपक्ष की नियति टूटने की है, लिहाजा बार-बार गठबंधन करना पड़ता है। यह नियति जनता पार्टी के दौर से कुछ अधिक देखने को देश अभिशप्त है। 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के गठन के बाद से हर बीतते वर्ष के साथ विपक्ष की राजनीति की कांति लगातार प्रभावहीन हो रही है। मोदी सरकार के नौ वर्षों के कामकाज के बाद विपक्ष ने बड़ा साहस और शक्ति जुटाकर इस गठबंधन का गठन किया था। गठबंधन के बाद विपक्ष ने मीडिया और प्रचार तंत्र के माध्यमों से ऐसा वातावरण और संदेश देने का काम किया था कि इस गठबंधन के सामने भाजपानीत एनडीए गठबंधन टिक नहीं पाएगा। लेकिन गठबंधन की पहली बैठक के समय से ही जिस तरह की चालाकी और व्यवहार गठबंधन में शामिल घटक दलों के नेता एक दूसरे के साथ कर रहे थे, उससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि इस गठबंधन की आयु दीर्घ नहीं होगी। यह इतनी छोटी होगी कि गठबंधन चुनाव से पहले ही बिखर जाएगा। विपक्षी गठबंधन अपने अस्तित्व के लगभग सात माह के दौरान चाय-नाश्ते पर बैठकें तो कर सका, लेकिन सीटों के बंटवारे, सचिवालय, संयोजक, साझा न्यूनतम कार्यक्रम, साझा नारा, ध्वज आदि पर आज तक सहमत नहीं कर सका है। पश्चिम बंगाल के अलावा पंजाब ने अलगाव की घोषणा कर दी है। रही-सही कसर बिहार में पूरी हो गई। नीतीश कुमार का इस गठबंधन से अलग होना विपक्ष को सबसे बड़ा झटका है। अब विपक्ष के सामने चुनौती है कि कैसे भाजपा को लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने से रोका जाए और तमाम सर्वे कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। ऐसी स्थिति में मोदी का मुकाबला कैसे होगा ये अहम प्रश्न है? पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस और पंजाब में भगवंत मान ने आम आदमी पार्टी की ओर से घोषणा की हैं कि वे अकेले ही सभी सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। ममता और भगवंत मान दोनों ही अपने-अपने राज्य के मुख्यमंत्री हैं। आश्चर्य यह है कि बंगाल में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं। वह छुटभैया नेता नहीं हैं, बल्कि लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता हैं। वह ममता बनर्जी को अवसरवादी नेता करार देते रहे हैं और बार-बार बयान देते हैं कि ममता कांग्रेस की कृपा और मदद से ही पहली बार सत्ता में आई थीं। कांग्रेस अकेले ही चुनाव लड़ने में सक्षम है। ममता गठबंधन की भीतरी राजनीति से क्षुब्ध थीं। उनके प्रत्येक प्रस्ताव को खारिज किया गया। गठबंधन में वाममोर्चे के नेताओं का प्रभाव ज्यादा है।

# दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाइश रहे ...

तनवीर जाफरी

> "बीजेपी के गुंडों ने पोस्टर-बैनर फाड़े, गाड़ियों में तोड़फोड़ की। यह लोग यात्रा को मिल रहे समर्थन से घबरा गए हैं।' इसके अगले दिन यानी 21 जनवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के आठवें दिन, असम में ही राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की की गयी। उनके सिक्योरिटी गार्ड राहुल को बचाते हुए बस के अंदर सुरक्षित वापस ले गए। यहां कांग्रेस के पोस्टर्स व होर्डिंग्स फाड़े गये। इसके बाद उसके अगले दिन यानी 22 जनवरी को न्याय यात्रा के नौवें दिन राहुल अपने साथियों के साथ नगांव पहुंचे। वे यहां बोदोर्वा थान में संत श्री शंकरदेव के जन्म स्थल बताद्रवा थान मंदिर में दर्शन करने के लिये जाना चाहते थे परन्तु उन्हें प्रवेश करने की इजाजत नहीं दी गई। सुरक्षाबलों ने राहुल और अन्य कांग्रेसी नेताओं का काफिला रास्ते में हैबरगांव में रोक दिया।"

**कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो** यात्रा सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक बार फिर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के नाम से सड़कों पर उतर चुके हैं। कार्यक्रमानुसार यह 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' लगभग 66 दिनों तक चलते हुये देश के 15 राज्यों और 110 जिलों से होकर गुजरना प्रस्तावित है। 20 मार्च को मुंबई में खत्म होने वाली यह यात्रा 15 राज्य और 110 जिलों के 337 विधानसभा व 100 लोकसभा सीटों से होकर गुजरेगी। 14 जनवरी को राहुल गांधी द्वारा मणिपुर के थौबल से शुरू की गयी यह 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' मणिपुर के बाद नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से होते हुए ( मुंबई ) महाराष्ट्र में समाप्त होगी। प्राप्त समाचारों के अनुसार 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पार्ट 2 को पहले से भी अधिक जनसमर्थन मिल रहा है। जगह जगह लोगों की भारी भीड़ राहुल गाँधी को सुनने व देखने के लिये उमड़ रही है। परन्तु देश का 'रीढ़ विहीन' मीडिया राहुल गाँधी की सफल 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को कोई महत्व नहीं दे रहा। मीडिया तो सत्ता के सुर से अपना सुर मिलाते हुये देश को केवल यह बताने में व्यस्त है कि देश में 'राम राज ' आ चुका है। 'भारत जोड़ो यात्रा' पार्ट 1 और 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पार्ट 2 में एक और बहुत बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। 'भारत जोड़ो यात्रा' पार्ट 1 के समय जब राहुल गांधी ने 7 सितंबर 2022 से 30 जनवरी 2023 तक 145 दिनों की कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर तक की यात्रा करते हुये 3570 किलोमीटर के सफर में 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों को कवर किया था। उस समय किसी भी पक्ष या विपक्ष के सत्तासीन राज्य से गुजरते वक़्त इस स्तर के शासकीय विरोध का सामना नहीं करना पड़ा था जितना इस बार उन्हें 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पार्ट 2 के दौरान अपनी यात्रा के शुरूआती दौर में ही भाजपा शासित असम राज्य में करना पड़ा। असम में राहुल गाँधी की यात्रा रोकने,बाधित करने व राहुल गाँधी व उनके साथियों को हतोत्साहित करने के लिये असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने अपना पूरा जोर लगा दिया। राजनीति में इस तरह का विरोध राजनैतिक विरोध कम



व्यक्तिगत रंजिश जैसा अधिक प्रतीत होता है ? हिमंता बिस्वा सरमा ने राजनीति का कखग कांग्रेस में ही रह कर सीखा है। सरमा के कांग्रेस में रहते हुये भाजपा इन्हें देश का सबसे भ्रष्ट कांग्रेस नेता बताया करती थी। कुछ अजित पवार की ही तरह। परन्तु जब से उन्होंने भाजपा में शरण पाई तब से वे न केवल असम में एक भाजपाई मुख्यमंत्री के रूप में सुशोभित हो रहे हैं बल्कि भाजपा की नेहरू-गांधी परिवार व कांग्रेस विरोधी मुहिम के भी सबसे बड़े अगुआकार के रूप में नजर आ रहे हैं। यहाँ तक कि कुर्सी पर बने रहने और अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचारों की आंच से महफूज रहने के लिये वे संघ व भाजपा के साम्प्रदायिक व विभाजनकारी एजेंडे के भी 'नायक ' बने दिखाई देते हैं।

शायद तभी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के पांचवें दिन यानी 18 जनवरी को जब राहुल गांधी ने मणिपुर से नगालैंड होते हुये असम में प्रवेश किया तो उन्होंने असम के शिवसागर जिले में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा और फ़्ग़र देश में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक अन्याय कर रही है। जबकि 'भारत जोड़ा न्याय यात्रा' का लक्ष्य हर धर्म, हर जाति के लोगों को एकजुट करने के साथ इस अन्याय के खिलाफ लड़ना भी है। इसी तरह राहुल ने यात्रा के अगले दिन 19 जनवरी को असम के लखीमपुर जिले के गोगामुख में एक जनसभा में कहा कि -'भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ दिल्ली से हिंदुस्तान पर शासन करना चाहते हैं, जबकि कांग्रेस स्थानीय शासन का समर्थन करती है।' एक ओर तो असम से गुजरते वक़्त राहुल अपनी सभाओं व वाताओं में संघ व भाजपा पर तथा मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर आक्रामक थे तो दूसरी तरफ उन्हें भारी जनसमर्थन व जन उत्साह देखने को मिल रहा था। शायद यही बात भाजपा व बिस्वा सरमा से सहन नहीं हो सकी और संभवतः इसी वजह से राजनैतिक विरोध व्यक्तिगत विरोध के स्तर तक आ गया।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने 19 जनवरी को यह यह कह दिया था कि कांग्रेस की न्याय यात्रा को न तो सुरक्षा दी जाएगी, न ही यह यात्रा शहर से होकर गुजरने दी जायेगी। इसी के अगले दिन यानी 20 जनवरी को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिले पर हमला किया गया। भाजपा के कुछ कार्यकर्ता अपनी पार्टी के झंडे लेकर राहुल की बस के सामने आ गए। राहुल भी बस से बाहर निकल पड़े। कांग्रेस ने इस हमले का आरोप भाजपा पर लगाया है। कांग्रेस के अनुसार-' बीजेपी के गुंडों ने पोस्टर-बैनर फाड़े, गाड़ियों में तोड़फोड़ की। यह लोग यात्रा को मिल रहे समर्थन से घबरा गए हैं।' इसके अगले दिन यानी 21 जनवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के आठवें दिन, असम में ही राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की की गयी। उनके सिक्योरिटी गार्ड राहुल को बचाते हुए बस के अंदर सुरक्षित वापस ले गए। यहां कांग्रेस के पोस्टर्स व होर्डिंग्स फाड़े गये। इसके बाद उसके अगले दिन यानी 22 जनवरी को न्याय यात्रा के नौवें दिन राहुल अपने साथियों के साथ नगांव पहुंचे। वे यहां बोदोर्वा थान में संत श्री शंकरदेव के जन्म स्थल बताद्रवा थान मंदिर में दर्शन करने के लिये जाना चाहते थे परन्तु उन्हें प्रवेश करने की इजाजत नहीं दी गई। सुरक्षाबलों ने राहुल और अन्य कांग्रेसी नेताओं का काफिला रास्ते में हैबरगांव में रोक दिया। यहां सुरक्षाबलों से बहस के बाद राहुल और अन्य कांग्रेसी नेता धरने पर बैठ गए। इस विषय पर जब असम उट हेमंत बिस्वा सरमा से सवाल किया गया तो उत्तर था कि - 'आज 'रावण' के बारे में तो बात मत कीजिए'?

इसी तरह राहुल गांधी को असम के एक विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करने के लिये प्रवेश नहीं करने दिया गया।आखिरकार 23 जनवरी को यात्रा के 10वें दिन राहुल गांधी ने विश्वविद्यालय के छात्रों से असम-मेघालय सीमा पर सड़क पर बातचीत की और कहा-' कि मैं आपकी यूनिवर्सिटी आकर आपसे बात करना चाहता था और ये समझना चाहता था कि आप किन मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। इसके बाद जब राहुल गांधी की न्याय यात्रा गुवाहाटी पहुंची तो असम पुलिस ने गुवाहाटी सिटी जाने वाली सड़क पर बैरिकेडिंग लगाकर यात्रा को रोक दिया। यहां कांग्रेस समर्थकों के साथ पुलिस की भिड़ंत व धक्का मुक्की हुई। भीड़ ने बैरिकेडिंग तोड़ डाली। इसके बाद राहुल गांधी सहित अन्य कई नेताओं के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी। इस संबंध में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के बाद हम राहुल गांधी को गिरफ़्तार करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के दौरान दंगा भड़काने की कोशिश की गयी थी और कांग्रेस ने असम में एक बड़ा सांप्रदायिक टकराव भड़काने की साजिश रची थी।सवाल यह है कि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज दबाने का आखिर यह कौन सा तरीका है ? क्या राजनैतिक विरोध अब निजी शत्रुता जैसा रूप ले चुका है ? वैसे दलबदल व अवसरवादिता की राजनीति के इस दौर में खासकर 'थाली के बैंगन

**' राजनीतिज्ञों के लिये डॉ बशीर बद्र का यह शेर बहुत ही प्रासंगिक लगता है दुश्मनी जम कर करो लेकिन ये गुंजाईश रहे।**

# कविता

## बुजुर्ग वट वृक्ष का घना साया

आया जब भी वट वृक्षका घना साया,
बुजुर्गों का हाथ सिर पर जब घनेरा आया।

उनके चेहरे की सलवटे नहीं आशीर्वचन है,
उनकी याद आई, बच्चों का चेहरा सदा
मुस्कुराया।

उनका मैंने जब भी शिद्दत से स्मरण किया,
उन्होंने ही सार्थक जीवन मेरा बनाया।

उनका चेहरा जब भी मुझे याद आया,
जीवन में फिर में कभी नहीं घबराया।

चलने से लेकर पढ़ने तक सब कुछ उनसे
पाया,
धूप और बारिश से उन्होंने मुझे सदा बचाया।

यदि साथ हैं वें तो लो आशीर्वचन,
फिर मत कहना कि क्या खोया क्या पाया।

उनका अंश उनका अभिमान हो तुम,
अर्पित करो उन्हें जो तुमने उनसे सारा पाया।

सुबह शाम प्रणाम नमन करो उन्हें,
जीवन तुमने तो उन्हीं से समूचा पाया।
संसार के सभी बुजुर्ग माता-पिता को मेरा नमन
है

संजीव
---------

## सारा देश मंडी में तब्दील होने लगा है

विजय गर्ग

**वैश्वीकरण** के मौजूदा दौर में सारा देश मंडी में तब्दील होने लगा है। ध्यान देने की बात यह है कि इस मंडी ने बचपन का भी बाजारीकरण करना शुरू कर दिया है। नतीजतन, अपने प्रयोग के सामानों के साथ फ्रिज, वाशिंग मशीन, बाइक, कार, फर्नीचर जैसी महंगी खरीदारी में भी बच्चे बाजार के अनुकूल अपनी सम्मति देने लगे हैं। मजे की बात यह कि अधिकांश मां-पिता को शायद ही इसका अभास हो कि उनके लाड़लों को करोड़ों की खरीद-फरोख्त के बाजारू जाल में फंसाया जा चुका है। सर्वेक्षण रपटों के अनुसार, बच्चों को इस मुकाम तक लाने में मुख्य रूप से टेलीविजन और उनके विज्ञापनों का हाथ है। बच्चों में विवेक कम होता है। आठ-दस साल का बच्चा यह नहीं जान सकता कि टीवी पर जगमगाते विज्ञापन वास्तविकता से कोसों दूर सिर्फ वस्तु के प्रचार हैं। बाजार की ताकतें जीवन की बदलती प्राथमिकताओं और स्थितियों के बीच अपना वर्चस्व स्थापित करना जानती हैं। स्थिति यह है कि शिक्षित और कमाऊ वर्ग एकल परिवारों में विभक्त हैं। माता-पिता अपनी भाग दौड़ भरी जिंदगी के कारण बच्चों की पर्याप्त समय नहीं दे पाते। नतीजे में बच्चे अकेलेपन का शिकार हो रहे हैं और अपना अकेलापन बांटने के लिए निरंतर टीवी चैनलों के संपर्क में रहते हैं। बाजार तंत्र इसका पूरा फायदा उठाने में लगा है। यह टीवी पर प्रसारित होने वाले उन्हीं धारावाहिकों को विशेष रूप से प्रायोजित करता है, जिसमें वर्जनाओं और पारंपरिक मूल्यों से मुक्त चमक-दमक भरी पाश्चात्य शैली की जिंदगी दिखाई गई होती है। जबकि औसत भारतीय बच्चे का पारिवारिक परिवेश इससे एकदम अलग किस्म का होता है। बच्चा यह अंतर नहीं समझ पाता है यह टीवी वाली जिंदगी को सत्य मानकर उसे अपने जीवन में उतारना चाहता है। इसके अलावा, विज्ञापन में मौजूद बच्चा बाल दर्शकों को खूब आकर्षित करता है। इसलिए उन्हें वैसा ही स्कूल बैग, जूता, पैंट, शर्ट वगैरह तो चाहिए ही, घरेलू समान भी विज्ञापन वाले बच्चे के मम्मी-पापा जैसे हो, तो क्या कहने वास्तव में बच्चे जो देखते हैं, वही सीखते हैं। एक तरफ टेलीविजन बच्चों में पाश्चात्य शैली के जीवन मूल्यों का सृजन कर रहा है, दूसरी तरफ उनकी सोच और वृत्ति को बाजार के अनुकूल बनाने के लिए विज्ञापनों को उनकी रुचि के अनुकूल बनाया जा रहा है। बच्चों को निशाने पर लेकर लक्ष्यसंधान बाजार की एक सोची-समझी रणनीति है। उन्हें पता है कि बच्चे 'को समय न दे पाने की मन ही मन लज्जा झेलने वाले अभिभावक खरीदारी में बच्चों की भूमिका स्वीकारने के लिए विवश हैं, क्योंकि इससे उनको बच्चों से बढ़ती दूरी को निकटता में बदलने की अनुभूति होती है।बाजार का यह खेल अत्यंत विनाशकारी है। यह सीधे-सीधे स्वाभाविक विकास के स्तर पर गतिरोध पैदा कर रही है। परिणामतः भोला-भाला और सपनों से भारी आंखों वाला बचपन विदा ले रहा है।

# विचार

## सर्वांगीण शिक्षा, ज्ञान और संघर्ष जीवन में ऊंचाइयां देते हैं'

**संजीव**

**मनुष्य के** जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है।

जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निर्देशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था,उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि 'पाप से घृणा करो पापी से नहीं' फल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का हृदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था,उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका हृदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना कि' ईश्वर इन्हें माफ कर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैं'। इस तरह उन्होंने मानवता के सामने अपने प्रेम को ज्ञान का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया हुआ अत्यंत दुर्लभ है आज संपूर्ण विश्व में प्रभु यीशु के अनुयायियों की संख्या सर्वाधिक है। भगवान श्रीराम ने प्रेम में वशीभूत होकर ही शबरी के जूठे बेर भी खा लिए थे, जबकि श्री राम सर्वाधिक ज्ञान में आदर्श मनुष्य थे।

एक अच्छे और सार्थक जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान दोनों का संबंध एवं समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं। अकेला ज्ञान तथा अकेला प्रेम सदैव सार्थक नहीं हो सकता है। रावण ज्ञानी पुरुष था किंतु विध्वंस कारी भी था उसने प्रेम के अभाव में सिर्फ ज्ञान के चलते अपने कुल को नष्ट करवा दिया था। प्रेम तथा ज्ञान के सदुपयोग से अच्छे जीवन का पथ प्रदर्शन भी किया जा सकता है। इससे हम केवल परिवार व्यक्ति या समाज ही नहीं बल्कि राष्ट्र के स्तर पर भी आत्मसात कर राष्ट्र को वैश्विक महानता की ओर ले जा सकते हैं। वर्तमान में हम संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सामाजिक जीवन को सफलतापूर्वक संचालित करने में सक्षम है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## राजनीति के पलटू कुमार की गुलाटी और खेला की परिपाटी

सूर्यदीप कुशवाहा

**पलटू कुमार** ने फिर वही किया जो अब तक करते आए हैं, लेकिन इस बार जो पलटी मारी है। उसका असर दीघार्यु होगा और सिरदर्द होगा। देश की राजनीति पर सीधा होगा। लालटेन तो फूटेगी और कुर्सी भी टूटेगी। इसके साथ-साथ विपक्षी एकता भी तार-तार होगी। इसको रोकने का जुगाड़ भी होगा। अपने -अपने माननीय विधायकों को फेविकोल से चिपका के रखना होगा। वरना कल उनको अपना नहीं कह पाएंगे। वह भाग के सगाई कर लेंगे। जिसकी सत्ता की लाठी, उसी के हम विधायक साथी। अब विरोधी दलों के खेमे में सन्नाटा पसरा है।बस मीडिया में कोलाहल है।इस हलाहल को पीने वाला कुर्सी से नाता टूटेगा। बाकि सहयोगी दल नैतिकता का ज्ञान दे रही हैं, लेकिन पलटू कुमार के लिए नैतिकता गई तेल लेने। उनको परवाह नहीं है, क्योंकि वो जानते हैं कि राजनीति में नैतिकता की परिभाषा वक्त और मौके की नजाकत के हिसाब से बदलती रहती है। इसमें कोई आम राय नहीं है कि दिग्गज नेताओं के सपनों को तोड़ा है। अरे ! सपना तो सब देखते हैं।जो चाल चली है। उसमें फूल का फायदा है। उनके लिए सत्ता पाना कायदा है। तीर पलटू कुमार ने साधा है और खेला आधा है। लहूलुहाने होने वाले उनके अपने साथी हैं।

राजनीति में महात्वाकांक्षी ही आगे बढ़ते हैं। विधायक सांसद, मंत्री और मुख्यमंत्री बनना चाहते है। लेकिन सब बन नहीं पाते क्योंकि हर किसी में अवसर को पहचानने और हारते हुए पक्ष से जल्दी से जल्दी पीछा छुड़ा सकने की काबिलियत नहीं होती। वह छह बार गाड़ी बदल चुके हैं। हर बार पुरानी गाड़ी से उतरते हैं। नई गाड़ी पर चढ़ते हैं, लेकिन पुरानी वाली को फेंकते नहीं। बस पकड़े रहते हैं। जरूरत पड़ने पर फिर सवार हो लेते हैं। इस कला में महारत हासिल है। इस बार जो खेल किया है। उससे लालटेन की बत्ती गुल है। सारी प्लानिंग चौपट हो गई। हिसाब-किताब सब लगा रहे हैं। पर रिजल्ट गड़बड़ आ रहा है।

अब किसके लाइट से सरकार जलेगी और विधानसभा में सिर्फ ट्रेजरी बेंचेज और अपोजीशन बेंचेज की अदला-बदली होगी। इस राज्य की राजनीति के साथ-साथ केन्द्र की राजनीति पर भी इसका जबरदस्त असर होगा।

## डेटिंग का चक्कर

डॉ. सुरेश कुमार

वे लोग वर-वधू के गुण-नक्षत्र पर जोर देने के बजाए किसी ओर चीज को लेकर परेशान थे। पंडित जी ने लड़की की माँ से कहा झ्र देखिए बहिन जी ! गुण-नक्षत्रों का क्या है, वो तो ले देकर भी सेटल किये जा सकते हैं। वह तो मेरे बाएँ हाथ का खेल है। लेकिन आजकल के लड़के-लड़कियों के लिए पंचांग वाले छत्तीस गुणों की चिंता कम दूसरे किस्म के गुणों की चिंता अधिक रहती है। कहने को तो पढ़े-लिखे होते हैं लेकिन व्यवहार गंवारों वाले करते हैं। लड़की की माँ ने बड़े भोलेपन से पूछा झ्र हे ज्योतिषाचार्य जी ! मैं कुछ समझी नहीं। आप किन गुणों की बात कर रहे हैं? क्या ये गुण इतने जरूरी हैं कि इनके बिना शादी नहीं हो सकती ज्योतिषी जी ने आँखें बड़ी करते हुए कहा हाँ बहिन जी ! मैं जिन गुणों की बात कर रहा हूँ। उनके बारे में सुनेंगी तो आप का माथा भी ठनक जाएगा। एक समय था जब लड़का-लड़की रूप, रंग, गुण, स्वभाव आदि को देखकर चट मंगनी पट ब्याह कर लेते थे। अब वैसे दिन कहाँ रहे। अब तो हजार किस्म के चोंचले हैं। मसलन लड़का-लड़की बिल्ली-कुत्ता पसंद करते हैं कि नहीं। करते हैं तो किस रंग, आकार और ऊँचाई का। आल्कोहलिक हैं या नॉन-आल्कोहलिक। आल्कोहलिक हैं तो कौनसी ब्रैंड, फिर वह ब्रैंड नियमित पीते हैं या फिर कभी-कभार आदि-आदि। कौन सा रंग, फल-फूल, सब्जी, गाना, अभिनेता, फिल्म, साइट सीन पसंद है या नहीं आदि-आदि। लड़की की माँ आश्चर्य से बाप रे बाप! लड़का-लड़की एक-दूसरे को पसंद करने के लिए इतने चोंचले करते हैं। फिर ऐसे लोगों की शादी करने के लिए क्या करना चाहिए महाराज? ज्योतिषी जी हँसते हुए बहिन जी इसके लिए हमें कुछ करने की आवश्यकता नहीं है। जो कुछ करना होता है वो तो लड़का-लड़की को करना होता है। इसीलिए आजकल वे डेटिंग पर जाते हैं। डेटिंग पर जाने से लड़का-लड़की एक-दूसरे को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक रूप से अच्छी तरह समझ जाते हैं। एक तरह से कहिए कि कोई बर्तन खरीदने से पहले ठोक-बजाकर देख लेते हैं। इससे यह साफ हो जाता है कि वे आगे एक-दूसरे के साथ टिक पायेंगे कि नहीं।

## न्यूज फ्लैश

### संतों की बात का अनुसरण करके जीवन में ला सकते हैं बड़ा बदलाव : मनोहर लाल



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।**
**मुख्यमंत्री मनोहर लाल** ने आज करनाल के बांसो गेट स्थित चौंक पर संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री दुर्बलनाथ महाराज की मूर्ति का अनावरण किया और समाज के लोगों को शुभकामनाएं व बधाई दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब संतों की बात का अनुसरण करके अपने जीवन में बड़ा बदलाव ला सकते हैं और एक अच्छा इंसान बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज में वर्षों से ही संत महापुरूषों का अपना श्रेष्ठ स्थान है। संत महापुरूषों द्वारा हमेशा समाज को नई दिशा दिखाने का कार्य किया गया है, इन्हीं संतों में संत शिरोमणि श्री दुर्बलनाथ महाराज का नाम भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत महापुरूष अच्छे रास्ते पर चलने की प्रेरणा प्राचीन काल से ही आमजन को देते आ रहे हैं। असहाय की सहायता करना, महिलाओं की रक्षा करना, ऐसी शिक्षा संत महापुरूष देते आ रहे हैं। उन्होंने आमजन से भी अह्वान किया कि हम सबको निस्वार्थ भावना से बिना फल की इच्छा करते हुए कर्म करते रहना चाहिए, यही पवित्र गीता का संदेश है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कुछ लोग जीवन का रास्ता भटक कर स्वार्थ भावना से अभिभूत हो जाते हैं, जिस कारण उनका जीवन कठिन हो जाता है। जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री के मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, हरियाणा एससी आयोग के उपाध्यक्ष विजेन्द्र बडगुज्जर, भाजपा के जिला महामंत्री राजबीर शर्मा व सुनील गोयल, कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता, पूर्व पार्षद विकास तंवर, खटीक समाज के प्रधान हरीश, राजकुमार तंवर, विजेन्द्र, निर्मल तंवर, संत दुर्बल नाथ शिक्षा समिति खटीक समाज हरियाणा के अध्यक्ष रघुबीर सिंह बडगुज्जर व खटीक समाज की विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी तथा प्रशासन की ओर से उपायुक्त अनीश यादव, एसपी शंशाक कुमार सावन, नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ वैशाली शर्मा, एसडीएम घरौंडा अदिति मौजूद रही।

### पहली बार, टेनिस के दिग्गज रोजर फेडरर ने ज्यूरिख में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा से मुलाकात की




**मुंबई: स्विस टेनिस के लीजेंड रोजर फेडरर ज्यूरिख में जब भारतीय ओलंपिक गोल्ड** मेडल विनर नीरज चोपड़ा से मिले, तो दुनिया खुशी से झूम उठी है। आखिरकार, ऐसा बेहद कम ही देखने को मिलता है जब दो समर्पित, आकर्षक और पैशनेटेड प्लेयर जिन्होंने अपने खेल से अपने-अपने देश को गौरवान्वित किया हो, एक ही स्थान पर मौजूद हो! स्विट्जरलैंड टूरिज्म ने खेल की अलग-अलग दुनियाओं - टेनिस और जेवलिन थ्रो - से संबंधित इन दो महान आइकनों को ज्यूरिख के ला रिजर्व ईडन औ लैक में कैजुअल और फ्री फ्लोइंग बातचीत के लिए एकत्र किया। यह मुलाकात दोनों सितारों के बीच आपसी सम्मान, प्रशंसा और जीत और समर्पण की साझा कहानियों भरी हुई थी।

टेनिस कोर्ट के अंदर और बाहर अपनी लंबी उम्र और स्किल के लिए जाने जाने वाले फेडरर ने अपने देश में नीरज, जो स्विट्जरलैंड टूरिज्म के फ्रेंडशिप एम्बेसडर भी हैं, का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर नीरज चोपड़ा ने कहा कि यहां ज्यूरिख में रोजर फेडरर से मिलना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। मैंने हमेशा उनकी स्किल, सच्ची खेल भावना और दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित करने की उनकी क्षमता की प्रशंसा की है।

# हर जिले में बनेंगे वृद्ध सेवा आश्रम: मनोहर लाल

## करनाल में 3 महीने में शुरू होगी सिटी ई-बस सेवा प्रदेश में गरीबों को पहले चरण में मिलेंगे 50 हजार प्लाट

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**
**मुख्यमंत्री मनोहर** लाल ने कहा है कि हरियाणा के हर जिले में बुजुर्गों के लिए वृद्ध सेवा आश्रम खोले जाएंगे, जिनमें 50-50 बुजुर्गों के रहने की व्यवस्था होगी। करनाल में तीन महीने में सिटी ई-बस सेवा शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि गरीबों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में पहले चरण में 50 हजार प्लाट दिए जाएंगे। आवेदन के लिए दो दिन बाद पोर्टल खोल दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 200 कॉलोनियों को जल्द ही नियमित किया जाएगा। मुख्यमंत्री आज करनाल के माडल टाउन के वार्ड 11 में जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नए खोले जाने वाले वृद्ध सेवा आश्रमों में गरीबों के रहने और खाने-पीने की व्यवस्था होगी। साधन संपन्न

**वृद्ध सेवा आश्रम**

**8 गरीबों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में पहले चरण में 50 हजार प्लाट दिए जाएंगे**

बुजुर्ग भी अगर आश्रमों में रहना चाहें तो, उसके लिए उन्हें राशि का अंशदान करना होगा।
उन्होंने कहा कि करनाल में तीन महीने बाद सिटी ई-बस सेवा शुरू की जाएगी। पानीपत में इसकी शुरूआत आज की गई है। यमुनानगर में यह सेवा सोमवार से आरंभ की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के इस बात के लिए आभारी हैं कि उन्होंने कोरोना महामारी को चुनौती के रूप में लेते हुए वैज्ञानिकों से मिलकर कम समय में 2



वैक्सीन तैयार कराई और जनता को निशुल्क उपलब्ध कराई। अन्य देशों में भी वैक्सीन पहुंचाई गई।
मनोहर लाल ने कहा कि कोरोना काल खत्म होने के बाद तीसरे साल में प्रदेश सरकार ने विकास को गति देने के लिए कड़ी मेहनत की, जिसके परिणाम अब मिलने लगे हैं। अब घर बैठे लोगों तक केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। आयुष्मान के साथ चिरायु हरियाणा योजना को जोड़ा गया है। पहले आयुष्मान योजना के लिए साढ़े 15 लाख लोग पात्र थे, अब इनकी संख्या बढकर 34 लाख हो गई है। गरीबी की आय सीमा को 1.20 लाख से बढ़ाकर 1.80 लाख रुपये किया गया है।
उन्होंने बताया कि जिला में एक लाख 34 हजार लोगों ने आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन किया, जबकि 92 हजार मंजूर हो चुके हैं, बाकि जल्द बनाए जाएंगे। करनाल जिले में 4800 लोगों ने आयुष्मान कार्ड का लाभ उठाया है। इनके इलाज पर 16 करोड़ 55 लाख रुपये सरकार ने खर्च किए है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आम आदमी की चिंता है। गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शुरू की गई। गरीबों को मकान की मरम्मत की राशि भी 31 हजार रूपए से बढ़ाकर 80 हजार रुपये की गई है।
मुख्यमंत्री ने उन 8 लोगों को वद्धावस्था पैंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए, जिनकी आज पैंशन बनाई गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न वर्गों के लोगों की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिये। दयानंद कालोनी को नियमित करने की मांग पर सीएम ने नगर निगम आयुक्त को फिजिबिलिटी जांच कर केस सरकार को भिजवाने के लिये कहा।
इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मीडिया कोआर्डिनेटर जगमोहन आनंद, हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष आजाद सिंह, पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता, पूर्व पार्षद रमनजीत कौर, जिला उपाध्यक्ष संजय राणा, जिला महामंत्री राजबीर शर्मा व सुनील गोयल, मंडलाध्यक्ष साहिल मदान, गिनी विर्क, रघुमल भट्ट, राज सिंह गोदारा, सुरेन्द्रपाल, संजय मदान, नवदीप चावरिया, ऋषि कुमार तथा प्रशासन की ओर से उपायुक्त अनीश यादव, एसपी शशांक कुमार सावन, एडीसी वैशाली शर्मा, एसडीएम अनुभव मेहत्ता, सीईओ गौरव कुमार आदि मौजूद थे।

### अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**सोनीपतः कुंडली थाना** पुलिस ने एक आरोपित को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सूरज उर्फ तुलसी निवासी भैराबांकिपुर का है। जांच अधिकारी सोमबीर ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान खुर्मपुर वाली गली में मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में घूमता हुआ मिला। उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध पिस्तौल व सात जिंदा रौंद मिले। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ कुंडली थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया था। आरोपित ने बताया कि उसने अवैध हथियार को बागपत यूपी से राहगीर से लिया था। आरोपित को अदालत में पेश किया।

## उत्तर-पूर्व भारत के डिब्रूगढ़ में 100 बिस्तर का योग और प्राकृतिक चिकित्सा अस्पताल में पहली बार स्थापित किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
केंद्रीय आयुष और जाहजरानी, पोत और जलमार्ग मंत्री सर्बानन्द सोणोवाल और असम के मुख्यमंत्री के डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने आज डिब्रूगढ़ के दिहिंग खमतीघाट में 100 बिस्तरों वाले योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय के साथ केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान (उपक्रठ) की आधारशिला रखी। लगभग 100 करोड़ रुपये के निवेश से लगभग 15 एकड़ (45 बीघा) भूमि पर इस संस्थान को विकसित किया जाएगा। इस संस्थान की स्थापना का उद्देश्य है कि योग और प्राकृतिक चिकित्सा के पारंपरिक ज्ञान और प्रौद्योगिकी के आधुनिक उपकरणों के बीच वैज्ञानिक रूप से वैध और



उपयोगी तालमेल स्थापित किया जाय। यह योग और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और अनुसंधान में मानक स्थापित करेगा। यह अत्याधुनिक संस्थान साक्ष्य आधारित अनुसंधान के माध्यम से आयुष चिकित्सा की पारंपरिक प्रणालियों का वैज्ञानिक सत्यापन करने में संक्षम होगा। योग और प्राकृतिक चिकित्सा में वैश्विक संवर्धन और अनुसंधान के लिए एक अंतरराष्ट्रीय सहयोग केंद्र के रूप में कार्य करने के अलावा यह संस्थान योग और वेलनेस क्षेत्र में स्टार्टअप के इन्क्यूबेशन सेंटर के रूप में भी काम करेगा।
इस अवसर केंद्रीय आयुष और जाहजरानी, पोत और जलमार्ग मंत्री सर्बानन्द सोणोवाल ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, आयुष आंदोलन को जबरदस्त बढ़ावा मिला है क्योंकि आयुष आज वैश्विक कल्याण का एक अग्रणी अभियान बन गया है। उत्तर-पूर्व के साथ भारत के विकास इंजन को पावरहाउस के रूप में स्थापित करने के लिए मोदी जी का निरंतर ध्यान बना हुआ है। आज, हम डिब्रूगढ़ में 100 बिस्तरों वाले अस्पताल के साथ अपनी तरह के पहले केंद्रीय अनुसंधान योग और प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान की आधारशिला रख रहे हैं।

### द किड ने बनाया धमाकेदार एकल गीत 'ओके' - जो हिप हॉप जगत में होगा एक बड़ा गेम-चेंजर




**नई दिल्ली।** पंजाबी हिप-हॉप के चाहने वालों को बड़ी सौगात मिलने वाली है। पंजाबी हिप-हॉप जगत का जानामाना चेहरा एमसी द किड जो उभरते प्रोड्यूसर भी है, ने अपने नए एकल गीत, "ओके" के साथ तहलका मचाने की पूरी तैयारी कर ली है। सिधू मूसेवाला, दिलजीत दोसांझ, अर्जन ढिल्लन जैसे दिग्गज कलाकारों के लिए प्रोडक्शन पावरहाउस होने के नाते, द किड ओके के साथ विस्फोटक फ्यूजन पेश करने जा रहा है, जो विंटेज सोल साउंड्स, लुभावने लिरिक्स और एक गंभीर शहरी वाइब का उम्दा मिश्रण है, जिसमें हसल संस्कृति का असली सार झलकता है। ओके, संगीत के महारथी ईशान और इलम द्वारा लिखित तथा संगीतबद्ध है, द किड ने प्रोडक्शन में फ्लेक्स सिंह के साथ मिलकर काम किया है। द किड और इशान के दमदार स्वरों से भरे इस गीत से आपके घरों के स्पीकर भी खुश हो जायेंगे। ओके, हिप हॉप बैंगर पंजाबी भावना का जश्न मनाता है और उन लोगों पर बहुत फबता है जो बड़े सपने देखने की हिम्मत करते हैं।
सिद्धू मूसेवाला, अर्जन ढिल्लों, आर-नैत, निम्रत खैर जैसे बाकी पंजाबी ए लिस्टर्स के लिए बीट्स बनाने वाला, द किड स्टूडियो से एमसी के रूप में निखर कर निकला है। ओके के साथ माइक को आजमा कर वह एक नई उड़ान भरने चला है। वह दुनिया को यह दिखा देना चाहता है कि वह सिर्फ एक हिट मेकर ही नहीं है, बल्की एक संगीत शक्ति के रूप में गिना जाने वाला उभरता सितारा भी है।

## दुकान से हजारों रुपये की राशि व सामान चोरी

### पीड़ित के बयान पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज, क्षेत्र में लगे सीसीटीवी को खंगाल रही पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कुंडली थाना** क्षेत्र के नाथूपुर रोड पर किराना दुकान से हजारों रुपये की राशि व हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित दुकानदार ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।
गांव भूर्री निवासी अनिल कौशिक ने बताया कि उसने नाथुपुर रोड पर दुकान कर रखी है। गत 25 जनवरी की रात को दुकान बंद करके अपने घर चला गया। रात को किसी ने दुकान से 30 हजार रुपये की राशि व खरीज, राशन का सामान, दाल, चीनी, बिस्कुट, आटा सहित अन्य सामान को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। जांच अधिकारी एसआई दलबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**हरियाणा** के सहकारिता, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर हिसार के महावीर स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के सदस्यों द्वारा लिखित संविधान के कारण ही हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला। भारत को स्वतंत्रता दिलवाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, लाला लाजपत राय, सरदार वल्लभ भाई पटेल, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे अनगिनत महापुरुषों की बदौलत ही भारत आज एक गणराज्य देश कहलाता है। शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद और उधम सिंह जैसे क्रांतिकारियों के बलिदानों के कारण ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

## थार गाड़ी से शटर तोड़ने का लगाया आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कुंडली थाना** क्षेत्र के प्याऊ मनियारी स्थित ड्रेन नंबर-8 के पास आधी रात को शराब ठेका नहीं खोलने पर शटर को थार गाड़ी से टक्कर मारने का मामला सामने आया है। थार गाड़ी चालकों ने एक अन्य ठेके पर भी शटर को टक्कर मारी। दोनों ठेकों पर शीशे के गेट टूट गए। ठेका कारिंदे ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस आरोपितों की तलाश के लिए सीसीटीवी खंगाल रही है।
गांव शामड़ी निवासी राजेश कुमार ने बताया कि प्याऊ मनियारी स्थित ड्रेन नंबर-8 के पास शराब ठेका पर सेल्समैन है। वह 16 जनवरी

**जांच जारी**

**8 ठेका कारिंदे ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है**

की रात को ठेके के अंदर सो रहे थे। 17 जनवरी को तड़के पौने तीन बजे शटर पर किसी ने जोरदार टक्कर मार दी। साथ ही किसी ने बाहर से गालियां देनी शुरू कर दी। वह ठेका खोलने की मांग कर रहे थे। साथ ही ठेका नहीं खोलने पर मारने की धमकी दे रहे थे। राजेश ने बताया कि उन्होंने डर के चलते शटर नहीं खोला। उन्होंने ठेका मालिकों को अवगत कराया। सुबह ठेका मालिक पहुंचे तो सीसीटीवी की जांच की गई। जिसमें एक थार गाड़ी दिखाई दे रही है। थार चालक गाड़ी से शटर को टक्कर मारते दिख रहे हैं। गाड़ी में तीन चार युवक सवार थे। टक्कर लगने से शटर क्षतिग्रस्त होने के साथ ही अंदर लगा शीशे का गेट भी टूट गया। राजेश का आरोप है कि थार सवार युवकों ने इससे पहले रसोई के पास स्थित उनके दूसरे ठेके के शटर को भी टक्कर मारकर वहां भी शीशे का गेट तोड़ दिया था। उन्होंने अब मामले की शिकायत पुलिस को देकर मुकदमा दर्ज कराया है। जांच अधिकारी एसआई नरेश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

### नकदी छीनने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः कुंडली थाना** पुलिस ने छीनाझपटी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुरज उर्फ पप्पू निवासी हरिद्वार उत्तराखंड का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
गांव नांगल कलां निवासी सुरजान ने गत 5 दिसंबर को पुलिस को बताया कि वह प्याऊ मनियारी के पास टेलीकॉम की दुकान चलाते है। देर रात दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहे थे।

## आपातकालीन कक्ष में तैनात चिकित्सक व स्टाफ के साथ अभद्रता

### चिकित्सक ने अस्पताल प्रबंधन को दी शिकायत, पुलिस को दी सूचना

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नागरिक अस्पताल** में चिकित्सक व स्टाफ को ड्यूटी करने पर भय सताने लगा है। अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में देर रात चिकित्सक के साथ अभद्रता व स्टाफ कर्मचारियों के साथ मारपीट करने के आरोप का मामला सामने आया है। रात को सड़क हादसे में घायलों को उपचार करते समय बच्चे को लेकर पहुंचे उसके परिजन व दोस्तों से उपचार के नाम पर चिकित्सक व स्टाफ के साथ अभद्रता करना शुरू कर दिया। जिसके बाद चिकित्सक ने कंट्रोल में सूचना देकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीन से चार युवकों को हिरासत में लिया था।

**मारपीट**

**8 पुलिस ने युवकों को हिरासत में ले लिया था। जानकारी के मुताबिक उन्हें सेक्टर-27 शहर थाने में लेकर जाया गया**

हालांकि देर शाम तक पुलिस को शिकायत न मिलने पर कार्यवाही नहीं हो सकी। चिकित्सक ने अस्पताल प्रबंधन को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की है।
आपातकालीन कक्ष में तैनात डा. संदीप ने बताया कि शनिवार रात करीब 12 बजे के बाद मामा-भांजा चौक पर सड़क हादसे में घायल आठ लोगों को अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में लाया गया। जहां कक्ष में तैनात कर्मचारी उन्हें उपचार व स्वास्थ्य सेवाएं देने लगे। इसी दौरान गंभीर चोटे लगने के चलते चार लोगों की मौत हो गई। जबकि दो की हालत गंभीर बनी हुई थी। महिला स्टाफ से लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अपने-अपने कार्य में जुटे हुए थे। उसी दौरान गांव जटवाड़ा से कुछ लोग एक बच्चे को लेकर कक्ष में पहुंचे। जहां उन्होंने बच्चे को उल्टी होना कारण बताया गया। उन्हें कुछ देर रुकने के लिए कहा। लेकिन उन्होंने अभद्रता करना शुरू कर दिया। कक्ष में हादसे में घायल होकर पहुंचे लोगों को स्टाफ व खुद उपचार देने में लगे हुए थे। घायलों का पहले उपचार करने के लिए उन्होंने कहा तो युवक तेश में आ गए। उन्होंने स्टाफ कर्मचारियों व उसके साथ अभद्रता करना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने उन्हें थोड़ा इंतजार करने के लिए कहा तो उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। बीच-बचाव के दौरान उसके साथ व कक्ष में तैनात अन्य कर्मचारियों के साथ युवकों ने मारपीट करना शुरू कर दिया। मामले को लेकर डायल-112 पर कॉल की। उसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवकों को हिरासत में ले लिया था। जानकारी के मुताबिक उन्हें सेक्टर-27 शहर थाने में लेकर जाया गया।

## तेज रफ्तार से लौटते समय हुआ हादसे का शिकार, चार की मौत

### नेपाल से मेहनत मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करने के लिए आए थे नेपाली

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**शहर के** मामा-भांजा चौक पर हुए हादसे में नेपाल से आए चार लोगों की मौत का कारण तेज रफ्तार थी। जानकारी मिली है कि कार सवार ऋतिक मुरथल से अपने तीन दोस्तों के साथ जन्मदिन की पार्टी करने के लिए गया था। वहां से देर रात कार में अपने दोस्तों के साथ लौट रहा था। एक दोस्त को सेक्टर में उतर कर खुद कार चलाने लगा। उसके बाद मामा-भांजा चौक पर आगे चल रहे स्कूटी व साइकिल सवारों को कुचल दिया। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि करीब 70 फीट की दूरी पर जाकर दीवार से टकराई। हादसे की आवाज सुनकर निजी अस्पताल में कार्यरत कर्मचारी दौड़ पड़े। उन्होंने घायलों को सीपीआर दी। उसके बाद सभी को राहगीरों की मदद से नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां चिकित्सक ने चार को मृत घोषित कर दिया। जबकि कार सवार दो को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। हादसे में घायल पांचवे नेपाली का उपचार सरकारी अस्पताल में चल रहा है।
कोई चार बच्चों का पिता को, एक के पास नहीं एक भी बच्चा-
नेपाल से रोजी-रोटी की तलाश में भारत आए नेपाल निवासियों का क्या पता था कि भारत की सड़कों पर तेज रफ्तार वाहन चालक साइकिल सवारों को इस तरह रौंद देते है। अस्पताल में भर्ती नेपाल निवासी ने बताया कि पांचों सोनीपत शहर में रहकर अपनी रोजी रोटी के लिए दिन भर व रात को भी काम करते थे। मृतक दल बहादुर 50 वर्ष के दो बच्चें है। बेटी शादीशुदा है ओर बेटा अविवाहित। अस्पताल पहुंचें परिचितों ने बताया कि दल बहादुर दिन में एक एसडीओ की गाड़ी चलाता था ओर रात को काम मिलने पर वेटर का काम करता था। कुमार बहादुर 40 वर्ष भी करीब ढाई साल से सोनीपत में रह रहा था और वेटर का काम करता था। कुमार बहादुर के तीन बच्चे है। दो बेटे व एक बेटी। खिल बहादुर मगर 50 वर्ष भी करीब डेढ़ साल से सोनीपत में रहकर वेटर का काम करता था। खिल बहादुर के चार बच्चे है। तीन बेटी व एक बेटा। जबकि युवक अर्जुन 22 वर्ष शादीशुदा था। वह सोनीपत में करीब चार वर्ष से वेटर का काम कर रहा था। उसका कोई बच्चा नहीं है। करीब डेढ़ साल पहले ही उसकी शादी हुई थी।
**दिल बहादुर का आरोप जान बुझकर मारी टक्कर, 50 फीट जाकर गिरे**-दिल बहादुर का आरोप है कि वह रात को सड़क पर एक तरफ चल रहे थे। चालक तेज रफ्तार में आया और सभी साथियों को जानबूझकर टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनके साथी करीब 50 फीट दूर जाकर गिरे। वह भी उनसे आगे होने के बावजूद उनकी चपेट में आ गया। जिससे वह सभी बुरी तरह से घायल हो गए। सीसीटीवी की फुटेज आई सामने, टुकड़ों में तबदील हो गए शव-
देर रात सड़क पर मचा कार का उत्पात सड़क पर बिखरे शवों के टुकड़ों व वाहनों के टुकड़े ब्यां कर रहे थे।

## जिंद यूनिवर्स ने भावनाओं की करी बौछार अपने नए प्रेम गीत 'एंड अप के साथ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
**पंजाब का उभरता** सितारा, जो अपने भाव भरे गायन और उत्तेजना भरे प्रोडक्शन, जिंद यूनिवर्स के लिए जाना जाता है, ने अपनी नई रिलीज "एंड अप" के साथ अपने चाहने वालों के दिलों को छू लेने की तैयारी कर ली है। अपने मार्मिक गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करते हुए, यह ट्रैक दिल के दर्द, बिछड़ने और आगे बढ़ने की कोमल भावनाओं को दिखाता है, एक ऐसे अनुभव का एहसास कराता है, जो हर किसी को अपना सा लगे, मानों उसी की दास्तां छेड़ दी हो। मनोरम प्रेम गीत "एंड अप", श्रोताओं को



अपनी भूली बिसरी यादों और पिछले टूटे रिश्ते के सुहाने दौर की यादें ताजा करता है। जिंद यूनिवर्स द्वारा गाया और निर्मित यह ट्रैक, इंद्रजीत सिंह द्वारा संगीतबद्ध और प्रभ संघा द्वारा लिखा गया है। यह गीत वह दौर है, जिस से लगभग सभी गुजरते है। जिसने कभी प्यार किया हो, और बदले में दर्द ए दिल लिया हो। रिलीज पर अपना उत्साह दिखाते हुए, जिंद यूनिवर्स ने कहा, "एंड अप' एक व्यक्तिगत संगीत भरे एहसासों का सफर है जो ब्रेक अप के बाद अपने रास्ते जाने को दिखाता है। इसके माधुर और मनमोहक गीतों से, मैं श्रोताओं के साथ अपने तार जोड़ना चाहता हूं, उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि वे अपने भावनात्मक सफर में अकेले नहीं हैं। मुझे उम्मीद है कि यह ट्रैक उन सभी लोगों का साथी बनेगा जो अपनी प्रेम कहानियों में कठिन समय से गुजर रहे हैं।

# जागरण के दौरान मची भगदड़

## एक महिला की मौत हो गई, वहीं, 17 लोग घायल हो गए



**दर्दनाक हादसा**

8 करीब रात 12:30 बजे के करीब हुआ। कार्यक्रम में बहुत ज्यादा लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई थी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** कालका जी मंदिर में देर रात बड़ा हादसा हो गया। यहां कल रात जागरण के दौरान स्टेज गिरने से भगदड़ मच गई। जिसमें एक महिला की मौत हो गई। वहीं, 17 लोग घायल हो गए। हादसा करीब रात 12:30 बजे के करीब हुआ। कार्यक्रम में बहुत ज्यादा लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई थी।
ज्यादा से ज्यादा लोग मंच के नजदीक पहुंचना चाह रह थे। इसके अलावा मंच के किनारे बने साइड मंच पर भी लोग चढ़ने की कोशिश कर रहे थे। मंदिर प्रशासन और पुलिस के मना करने के बावजूद लोग काबू में नहीं आए और मंच का साइड वाला हिस्सा गिर गया। मंच का हिस्सा गिरते ही अफरातफरी और भगदड़ जैसी स्थिति हो गई।
सभी घायलों को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दिल्ली पुलिस के अनुसार कालकाजी मंदिर परिसर में आयोजित इस जागरण के लिए कोई इजाजत नहीं ली गई थी। इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। दरअसल, सिंगर बी प्राक जो माता के जागरण में भजन गा रहे थे, उन्होंने भी इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि मैनेजमेंट ठीक से हो यह बहुत जरूरी है। कालका जी महंत परिसर में यह जागरण पिछले 26 वर्षों से किया जा रहा था। यह कार्यक्रम निजी था। कार्यक्रम आयोजित करने की कोई अनुमति नहीं दी गई थी। दिल्ली पुलिस के अनुसार स्थानीय एसएचओ राजेश भी रात को मौजूद थे।

### कुछ ऐसे हुआ हादसा

रात करीब साढ़े 12 बजे वहां करीब 1500-1600 लोगों की भीड़ जमा थी। आयोजकों और वीआईपी के परिवारों के बैठने के लिए मुख्य मंच के पास एक ऊंचा मंच बनाया गया था। यह मंच लकड़ी और लोहे के फ्रेम से बनाया गया था। लगभग 12.30 बजे, ऊंचा मंच नीचे की ओर झुक गया। क्योंकि इस मंच पर बैठे व खड़े लोगों का वजन सहन नहीं कर सका। मंच भरभराकर गिर पड़ा। मंच के नीचे बैठे कुछ लोगों को चोटें आईं। सभी घायलों को एम्स ट्रॉमा सेंटर और सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फायर ब्रिगेड ने भी मौके पर बुलाया गया। अब तक 17 लोगों को चोटें आई हैं। लगभग 45 साल की एक महिला को मैक्स अस्पताल में लाया गया तो उसकी मौत हो गई। मृतक महिला की अभी पहचान नहीं हो पाई है। मृतक को दो शख्स ऑटो से अस्पताल ले गये थे। मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। क्राइम टीम ने रविवार सुबह घटनास्थल का दौरा किया। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।
पुलिस के मुताबिक, 27-28 जनवरी की आधी रात को महंत परिसर, कालकाजी मंदिर में माता जागरण में लकड़ी और लोहे के फ्रेम से बना एक मंच गिरने से 17 लोग घायल हो गए और एक की मौत हो गई। कार्यक्रम आयोजित करने की कोई अनुमति नहीं दी गई थी। हालांकि, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त कर्मचारी तैनात किए गए थे। वहां करीब 1500-1600 लोगों का जमावड़ा था। क्राइम टीम ने घटनास्थल का दौरा किया। अन्य सभी घायलों की हालत स्थिर है, जबकि कुछ को फ्रैक्चर हुआ है। इस मामले में आयोजकों के खिलाफ आईपीसी की धारा 337/304अ/188 के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है।

### केजरीवाल ने घटना पर जताया दुख

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, कालकाजी मंदिर के जागरण में कल रात हुआ हादसा बेहद दुखद। हादसे में एक महिला की मौत हुई है, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। घायल हुए 17 लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मेरी सभी दिल्लीवासियों से अपील है कि किसी भी तरह के बड़े आयोजन में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखें, व्यवस्था इस प्रकार से करें कि कोई भी अप्रिय घटना ना घटे।
कालकाजी मंदिर के जागरण में कल रात हुआ हादसा बेहद दुखद। हादसे में एक महिला की मौत हुई है, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। घायल हुए 17 लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।

## मानवता के लिए निभाई जा रही सेवाओं को प्रदर्शित करने हेतु लगाया गया स्टॉल

**नई दिल्ली: दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने मुंबई के जियो कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में स्टॉल लगाकर मानवता की सेवा के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस प्रदर्शनी का आयोजन लायंस क्लब ऑफ इंडिया द्वारा किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए यहां जारी एक बयान में दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के चेयरमैन उच्च शिक्षा सरदार एमपीएस चड्ढा और स्टाफ सदस्य सरदार नरिंदर सिंह रावलपिंडी विशेष रूप से मुंबई में हैं ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।
उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में 200 से अधिक देशों के प्रतिनिधि पहुंचे हैं।

# सात लोगों को नया जीवन दे गए बच्चू और माया



**अंगदान**

8 एक किडनी सफदरजंग अस्पताल में भर्ती मरीज और लीवर व दो किडनियां एम्स में भर्ती मरीज में लगेगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दुर्घटना का** शिकार हुए बच्चू और माया ने जिंदगी खोकर भी सात लोगों को नया जीवन दे दिया, जबकि आने वाले दिनों में कुछ और लोगों को जिंदगी देंगे। एम्स के ट्रामा सेंटर में इन दोनों से एक दिल, चार किडनियां, दो लीवर और चार कॉर्निया प्राप्त हुए। राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (नोटो) के नियम के तहत अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती मरीजों को अंग प्रत्यारोपित किए गए। एक लीवर व एक किडनी आर्मी हॉस्पिटल दिल्ली में भर्ती मरीजों, एक किडनी सफदरजंग अस्पताल में भर्ती मरीज और दिल, लीवर व दो किडनियां एम्स में भर्ती मरीज में प्रत्यारोपित किए गए। कॉर्निया को एम्स के डॉ. आरपी सेंटर के आई बैंक में सुरक्षित रखा गया है। वहीं, माया के परिवार ने त्वचा भी दान की। इसे एम्स के बर्न एंड प्लास्टिक सेंटर में बने स्किन बैंक में सुरक्षित रखा गया है। बेटे राकेश कुमार ने बताया कि फरीदाबाद, नंगला एन्क्लेव स्थित घर की छत से माया 23 जनवरी को गिर गईं थीं। घटना के तुरंत बाद उन्हें पास के अस्पताल लेकर गए, जहां से उन्हें एम्स ट्रामा सेंटर भेजा गया। यहां 25 जनवरी को उन्होंने दम तोड़ दिया। उनकी मौत के बाद डॉक्टरों की सलाह पर अंगदान करने का फैसला लिया। इसके बाद 26 जनवरी को अंगदान हुआ। इधर, 51 वर्षीय बच्चू के परिजनों ने बताया कि वह भरतपुर के रहने वाले हैं। 12 जनवरी को किटवाड़ी रेलवे स्टेशन, पलवल पर रेलवे ट्रैक पर गिरने से वे घायल हो गए थे। दुर्घटना के बाद उन्हें पास के अस्पताल में लाया गया।
यहां से उन्हें एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। उन्होंने 24 जनवरी को दम तोड़ दिया। बच्चू राजमिस्त्री थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। बच्चू काम के सिलसिले में पलवल में रहते थे। 51 वर्षीय बच्चू के परिजनों ने बताया कि वह भरतपुर के रहने वाले हैं। 12 जनवरी को किटवाड़ी रेलवे स्टेशन, पलवल पर रेलवे ट्रैक पर गिरने से वे घायल हो गए थे।

# हवाई अड्डा पहुंचने में हुई देर तो कर दी विमान में बम होने की झूठी कॉल



**गिरफ्तार**

8 कंट्रोल रूम को जानकारी दी कि उनके हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित कॉल सेंटर में एक कॉल आई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
गणतंत्र दिवस से पहले दरभंगा से दिल्ली आने वाली स्पाइस जेट की उड़ान में बम की झूठी सूचना देकर सनसनी फैलाने वाले बीपीओ कर्मचारी को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया गया है। दरभंगा हवाई अड्डा पहुंचने में देर होने पर आरोपी ने 24 जनवरी को विमान में बम होने की झूठी कॉल कर दी थी। वह दरभंगा हवाई अड्डा पर विमान में सवार नहीं हो पाया था। यात्रियों का चार्ट देखकर पुलिस आरोपी तक पहुंची। आरोपी की पहचान सुपौल बिहार निवासी जय कृष्ण कुमार मेहता (25) के रूप में हुई है। आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी ने बताया कि 24 जनवरी की शाम 6.12 बजे दरभंगा से दिल्ली आने वाली स्पाइस जेट की एक विमान में बम होने की जानकारी मिली। एयरलाइंस के सिक्योरिटी मैनेजर ने सीआईएसएफ कंट्रोल रूम को जानकारी दी कि उनके हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित कॉल सेंटर में एक कॉल आई है। कॉल करने वाले ने अपना नाम किशोर बताया। उसने बताया कि उसने दो लोगों को बात करते सुना कि दरभंगा से उड़ान भरने वाली स्पाइस जेट की फ्लाइट संख्या एसजी 8496 में बम है। गणतंत्र दिवस को लेकर अलर्ट पुलिस ने सूचना को गंभीरता से लिया। दिल्ली हवाई अड्डे को हाई अलर्ट कर दिया गया और हवाई अड्डा में पूरे तौर पर आपातकाल घोषित कर दिया गया।

## यूनिटेक के पूर्व प्रमोटरों संजय चंद्रा और अजय चंद्रा को दी जमानत

**मौलिक अधिकार**

8 गवाहों के कारण आगे की पूछताछ और सुनवाई में काफी समय लगने की संभावना है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली की** साकेत कोर्ट ने कथित तौर पर घर खरीदारों को ठगने से संबंधित एक मामले में रियल एस्टेट कंपनी यूनिटेक के पूर्व प्रमोटरों संजय चंद्रा और अजय चंद्रा को शनिवार को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि वे लगभग छह साल तक जेल में थे और मामले में बड़ी संख्या में गवाहों के कारण आगे की पूछताछ और सुनवाई में काफी समय लगने की संभावना है। हालांकि, चंद्रा बंधु जेल में ही रहेंगे, क्योंकि वे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नवजीत बुद्धिराजा ने कहा कि आरोपी को लंबे समय तक कारावास में रहना पड़ा और गवाहों की भारी संख्या के कारण आगे की पूछताछ और सुनवाई में काफी समय लगने की संभावना है। इसलिए अपराध की प्रकृति और विशालता को त्वरित सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए अपराधी के मौलिक अधिकार के पहलू के साथ संतुलित किया जाना चाहिए।अदालत ने कहा कि दोनों छह साल से अधिक समय तक सलाखों के पीछे थे और उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी और बेईमानी से संपत्ति की डिलीवरी के लिए प्रेरित करना) के तहत लगाए गए आरोपों में अधिकतम सात साल तक की सजा का प्रावधान है।

# बीटिंग रिट्रीट के दौरान धुनों से गूंज उठेगा रायसीना हिल्स

## नौसेना का बैंड अपनी धुन मिशन चंद्रयान से भारत के चांद पर पहुंचने की उपलब्धि बताएगा, सेनाओं के संगीत बैंड दर्शकों के सामने 31 मनमोहक और थिरकने वाली भारतीय धुनें बजाएंगे



**धुन**

8 बैंड दर्शकों के सामने 31 मनमोहक और थिरकने वाली भारतीय धुनें बजाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** के 75वें गणतंत्र दिवस समारोह के समापन के प्रतीक बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान 29 जनवरी को राजसी रायसीना हिल्स सूरज डूबने के साथ सभी भारतीय धुनों का गवाह बनेगा। समारोह में तीनों सेनाओं और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के संगीत बैंड दर्शकों के सामने 31 मनमोहक और थिरकने वाली भारतीय धुनें बजाएंगे। सशस्त्र बलों की सुप्रीम कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस समारोह में शामिल होंगी। भारतीय सेना, भारतीय नौसेना, भारतीय वायुसेना के संगीत बैंडों की भारतीय धुनों को सुनने के लिए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और अन्य केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। समारोह की शुरूआत सामूहिक बैंड की 'शंखनाद' धुन के साथ होगी, जिसके बाद पाइप्स बैंड वीर भारत, संगम दूर, देशों का सरताज भारत, भागीरथी और अर्जुन जैसी मनमोहक धुनें बजाएंगे। सीएपीएफ बैंड भारत के जवान और विजय भारत धुन बजाएंगे।
भारतीय वायुसेना बैंड की टाइगर हिल, रेजॉइस इन रायसीना और स्वदेशी बजाई जाने वाली धुनों में से होगी, जबकि दर्शक भारतीय नौसेना बैंड को आईएनएस विक्रांत, मिशन चंद्रयान, जय भारती और हम तैयार हैं सहित कई धुनें बजाते हुए देखेंगे। इसके बाद भारतीय सेना का बैंड फौलाद का जिगर, अग्निवीर, कारगिल 1999, ताकत वतन समेत अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा। इसके बाद सामूहिक बैंड कदम-कदम बढ़ाए जा, ऐ मेरे वतन के लोगों और ड्रमर्स कॉल की धुनें बजाएंगे। कार्यक्रम का समापन सारे जहां से अच्छा की लोकप्रिय धुन के साथ होगा। इस समारोह के मुख्य संचालक लेफ्टिनेंट कर्नल विमल जोशी होंगे।

## पाइप की मदद से शरीर से मल को बाहर निकाल देगा उपकरण




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इलाज** के दौरान बिस्तर पर शौच कर रहे मरीजों को एम्स का नया उपकरण संक्रमण से बचाएगा। अब तक इन मरीजों को अक्सर डायपर पहनाया जाता है। कई बार सामान्य कपड़े या बिस्तर लगाए जाते हैं। कई बार मरीज लंबे समय तक इस स्थिति में रहते हैं। ऐसे में उक्त मरीज को कई तरह का संक्रमण हो जाता है। एक अध्ययन की माने तो ऐसे मरीजों में संक्रमण की संभावना 22 फीसदी तक बढ़ जाती है। समस्या को देखते हुए एम्स के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग ने न्यूरोलॉजी, जनरल गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी, एम्स के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल बायो डिजाइन व अन्य विभाग के साथ मिलकर स्टूल मैनेजमेंट किट तैयार की है। इसके ट्रायल के परिणाम बेहतर पाए जाने के बाद अब 30 जनवरी को एम्स के रिसर्च डे पर इसे प्रस्तुत किया जाएगा। इस किट को लगाने के बाद मरीज को बार-बार डाइपर, कपड़ा, बिस्तर बदलने की परेशानी से मुक्ति मिल जाएगी। साथ ही संक्रमण होने का खतरा भी पूरी तरह से खत्म हो जाएगा।
**मरीजों की देखभाल होगी बेहतर:** विशेषज्ञों का कहना है कि बिस्तर पर शौच करने वाले मरीजों से अक्सर परिवार के सदस्य भी बचते हैं। वहीं अस्पताल में भी इसे लेकर अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है। बार-बार बिस्तर, डायपर या कपड़े बदलने पड़ते हैं।

### संक्रमण का खतरा होगा कम

**एम्स** के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. गोविंद मखारिया ने कहा कि बिस्तर पर रहने वाले मरीजों के लिए मल त्याग करना एक बड़ी चुनौती है। यह न केवल संक्रमण को न्यौता देता है, बल्कि मरीज के सम्मान को भी ठेस पहुंचाता है। देश में हर साल हजारों मरीजों को लंबे समय तक बिस्तर पर रहकर मल का त्याग करना पड़ता है। यह किट मरीज के मलाशय से जुड़कर मल को सीधे बैग में पहुंचा देता है।

### ऐसे करेगा उपकरण काम

**इस** उपकरण के एक हिस्से को शरीर के पिछले भाग में लगाया जाएगा। इस हिस्से में एक विशेष ट्यूब है जो शरीर के पिछले हिस्से (मलाशय) में जाकर मल के रास्ते को कवर करेगा। मरीज जब भी मल का त्याग करेगा। वह करीब डेढ़ मीटर पाइप के रास्ते बैग में जमा हो जाएगा। मल से बैग भर जाने के बाद आसानी से उस बैग को बदला जा सकता है।

# नर्सरी में दाखिला: आज आएगी दूसरी सूची




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नर्सरी दाखिले की पहली सूची में जिन छात्रों का नाम नहीं आया हैं, उनके अभिभावकों को दूसरी सूची का इंतजार है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों के दाखिले को लेकर वह बहुत चिंतित हैं। उनको यही चिंता है कि अगर दूसरी सूची में भी नाम नहीं आया तो बच्चे का दाखिला कैसे होगा।
मयूर विहार-3 में रहने वाले एक अभिभावक ने बताया कि उन्होंने 10 से ज्यादा स्कूलों में आवेदन किया था। इसके बावजूद पहली सूची में नाम नहीं आया था। इसलिए दूसरी सूची जारी होने से पहले घबराहट हो रही है। इसे लेकर स्कूल प्रशासन का कहना है कि जिन अभिभावकों का नाम पहली सूची में नहीं आया है। उनके लिए दूसरी सूची 29 जनवरी को जारी की जा रही है। वहीं, सीट खाली होने पर स्कूल तीसरी सूची भी जारी करेंगे। स्कूल फोन और एसएमएस के जरिये अभिभावकों को चयनित छात्रों के बारे में जानकारी देंगे। इसके लिए स्कूलों में हेल्प डेस्क भी बनाए गए हैं, ताकि दाखिले के दौरान अभिभावकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं,पहली सूची में नाम आने के बाद भी बहुत से अभिभावक ऐसे हैं, जो दूसरी सूची का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि जिस स्कूल में उनके बच्चे का नाम आया है वो उनकी पहली पसंद नहीं है।
**डोनेशन लेने पर होगी कार्रवाई:** अगर कोई स्कूल डोनेशन की मांग करता है, तो उस पर कार्रवाई होगी। शिक्षा निदेशालय ने दाखिले से जुड़ी प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए जिला उप निदेशक की अध्यक्षता में निगरानी सेल का गठन किया है। ये सुनिश्चित करेगा कि अभिभावकों को दाखिले के संबंध में किसी तरह की दिक्कत न हो। यदि स्कूल उन पर कोई दबाव बनाता है तो वे ह शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर शिकायत कर सकते हैं।

## कार्यकर्ताओं के साथ नड्डा ने सुनी 'मन की बात'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को दिल्ली के एंड्रयूज गंज मंडल स्थित बूथ नं.-64 में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' सुनी। नड्डा ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा शिक्षा, खेल, संस्कृति व सामाजिक उत्कर्ष के संदर्भ में व्यक्त किए गए विचार मूल्यवान हैं और हमें दिशा प्रदान करते हैं। जन-जन को एक सूत्र में पिरोने और 'विकसित भारत निर्माण' के लिए मार्गदर्शन करने वाले इस संवाद के लिए वे प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करते हैं।

## खाने के शौकीनों के लिए सनी लियोनी ने खोला रेस्टोरेंट



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/नोएडा**
**बॉलीवुड** की ग्लैमरस एक्ट्रेस सनी लियोनी ने फूड इंडस्ट्री में कदम रखा है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा सेक्टर-129 में अपना रेस्टोरेंट खोला है। इसकी ओपनिंग पर वह अपने पति डेनियल वेबर के साथ नोएडा आई थीं। अपने नए रेस्तरां की जानकारी उन्होंने अपने फैंस के साथ इंस्टग्राम पर भी साझा की है। सनी ने रेस्टोरेंट में पिज्जा बनाते हुए वीडियो ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। सनी के रेस्टोरेंट का नाम चिका लोका है। रेस्तरां को स्पैनिश नाम दिया गया है चिका लोका का मतलब पागल लड़की को बोला जाता है। अंग्रेजी में इसे क्रेजी गर्ल भी कहते हैं। ओपनिंग के दौरान वह मीडिया से भी मुखातिब हुई। उन्होंने कहा कि रेस्टोरेंट खोलने के अलावा वे और भी कई सारे आइडियाज में काम करना चाहती हैं।

# केजरीवाल सरकार का बजट सत्र 15 से 20 फरवरी तक

**बजट से उम्मीदें**

8 वित्त मंत्री आतिशी करेंगी पेश; फाइल एलजी के पास भेजी कानून बनेग, जनता को राहत की उम्मीद




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सीएम** अरविंद केजरीवाल की नेतृत्व में दिल्ली सरकार का बजट सत्र 2024-25 आगामी 15 फरवरी से शुरू होगा। 15 से 20 फरवरी तक चलने वाले बजट सत्र में पहली बार वित्त मंत्री आतिशी द्वारा दिल्ली का बजट पेश किया जाएगा। वहीं, आम आदमी पार्टी की सरकार का लगातार यह 10वां बजट होगा। केजरीवाल सरकार लगातार आउटकम बजट भी पेश करती आई है। लिहाजा, इस बार भी वित्त मंत्री द्वारा आउटकम बजट पेश किया जाएगा। केजरीवाल सरकार का बजट शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, रोजगार और इंफ्रास्ट्रक्चर पर केंद्रित होगा। सरकार ने बजट तैयार करते समय दिल्ली के सभी हितधारकों से उनका सुझाव लिया है और उनके अच्छे सुझावों को बजट में शामिल किया है। सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आयोजित बैठक में दिल्ली कैबिनेट ने बजट सत्र बुलाने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है और अब फाइल एलजी के पास भेज दी गई है।
इस बार दिल्ली सरकार द्वारा मार्च के बजाय फरवरी में ही वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश किया जा रहा है। बजट सत्र की शुरूआत आगामी 15 फरवरी से होगी और 20 फरवरी को समापन होगा। पिछले वित्तीय वर्ष की तरह इस बार का बजट भी भारी भरकम रहने की उम्मीद है। इस बार वित्त मंत्री आतिशी द्वारा बजट पेश किया जाएगा, जो उनके द्वारा पेश किया गया यह पहला बजट होगा। इस दौरान दिल्ली सरकार अपना आउटकम बजट भी पेश करेगी। पूरे देश में दिल्ली इकलौता राज्य है, जहां केजरीवाल सरकार द्वारा हर साल आउटकम बजट पेश किया जाता है। आउटकम बजट के द्वारा पिछले बजट के सार्वजनिक व्यय की पूरी पारदर्शिता के साथ दिल्ली की जनता को हिसाब दिया जाता है। एक तरह से आउटकम बजट पिछले वित्तीय वर्ष में आवंटित धन के आधार पर विभिन्न विभागों के प्रदर्शन का एक रिपोर्ट कार्ड होता है। दिल्ली कैबिनेट से बजट सत्र बुलाने की मंजूरी मिल गई है और इसकी फाइल अब एलजी के पास भेजी गई है।
सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने अपने बजट के केंद्र में हमेशा आम आदमी को रखा है।
इस बार भी बजट का केंद्र आम आदमी ही रहेगा, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, रोजगार और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रमुख रूप से शामिल हैं। दिल्ली सरकार इन बिन्दुओं पर सबसे ज्यादा फोकस करेगी। सरकार की प्राथमिकताओं में शिक्षा हमेशा से सबसे उपर रही है। इस बार भी शिक्षा के लिए सबसे अधिक धन आवंटित किए जाने की उम्मीद है। इसके बाद स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को और मजबूत व बेहतर बनाने पर बजट में धन आवंटित किया जाएगा।

# इमारत में लगी आग, चार की मौत

**दर्दनाक**

8 यहां राम नगर में एक इमारत में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग झुलस गए



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** शाहदरा में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां राम नगर में एक इमारत में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग झुलस गए। मामले की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाडियां मौके पर पहुंचीं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घायलों को उपचार के लिए जीटीबी अस्पताल ले जाया गया है। मॉडर्न शाहदरा के रामनगर इलाके में गली नंबर 26 में स्थित एक चार मंजिला इमारत में शाम को भीषण आग लग गई। सूचना पाकर आनन-फानन दमकल की पांच गाड़ियां और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शाम 6:55 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। इमारत के भूतल पर रखी रबर सामग्री और रबर काटने वाली मशीन में लगी आग हादसे की वजह बताई जा रही है। जान गंवाने वालों की पहचान प्रथम सोनी (17 वर्ष), रचना (28 वर्ष), गौरी सोनी (40), रुही (नौ माह) के रूप में हुई है। जबकि 16 वर्षीय राधिका और 70 वर्षीय प्रभावती जख्मी हो गए।

# श्रीराम मन्दिर की झांकी का गांवों में हुआ भव्य स्वागत

## मन्दिर बनने से राम भक्तों में इतनी खुशी है कि भगवान श्रीराम उनके घर पर आ गए है, भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था



**टीम एक्शन इंडिया/राई।** **श्रीराम मन्दिर की** झांकी कुंडली से शनिवार को चलकर दूसरे दिन तीर्थ राणा की अगुवाई में गन्नौर हलके में पहुंची। गांव रामनगर में पहुंचने पर बधवार गैस एंजेसी संचालक व जिला पार्षद नरेन्द्र आदि के नेतृत्व में राम भक्तों ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। महिलाओं ने झांकी में बने राम मन्दिर में भगवान राम के दर्शन करते हुए मन्दिर में दीप जलाए और भगवान श्रीराम की पूजा की। दूसरे दिन यात्रा में भक्तों ने वातावरण को भक्तिमय बनाया। तीर्थ राणा ने संबोधित करते हुए कहा कि -ांकी में उमड़ी राम भक्तों की भीड़ से अनुमान लगाया जा सकता है कि भगवान राम का अयोध्या में

**भव्य**

**8 झांकी का भूषण हसीजा, आदि ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते हुए भव्य स्वागत किया**

मन्दिर बनने से राम भक्तों में इतनी खुशी है कि भगवान श्रीराम उनके घर पर आ गए है। भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था।

**इन गांवों में श्रीराम की -ांकी का भव्य स्वागत किया**

- गन्नौर में धुतरी, रामनगर, पबनेरा, घसौली, बेगा, दातौली, गन्नौर शहर, राजलू, पांची जाटान, उदेशीपुर, पुरखास, शेखपुरा, अहीर माजरा, खेड़ी गुज्जर में श्रीराम सेवकों ने भव्य स्वागत किया। रात्रि विश्राम खेड़ी गुज्जर में करने के बाद झांकी सोमवार की सुबह गांव अटायल के लिए रवाना होगी। इसके बाद गांव बली कुतुबपुर, सरढाणा, बजाना खुर्द, बजाना कला, मोई माजरी के बाद गोहाना में प्रवेश कर जाएगी।

**गन्नौर शहर में हुआ झांकी का भव्य स्वागत**

- गन्नौर शहर में पहुंचने पर नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी, झांकी का विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड मंत्री नरेन्द्र पांचाल, भूषण हसीजा, आदि ने भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते हुए भव्य स्वागत किया।

# पवन जिंदल बने प्रांत संघचालक

## तीन साल में एक बार प्रांत संघचालक के दायित्व के लिए चुनाव किए जाते हैं

**जिम्मेदारी**

**8 जिला संघचालक, कार्यवाह, प्रचारक व इससे ऊपर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे**



**समालखा (कुलदीप सिंह) समालखा के पट्टीकल्याणा** स्थित सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 2 दिवसीय प्रांत की बैठक हुई। जिसमें सभी जिला संघचालक, कार्यवाह, प्रचारक व इससे ऊपर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में प्रांत संघचालक के दायित्व के लिए चुनाव प्रकिया हुई, जिसमें शाखा प्रतिनिधियों द्वारा सहित अन्य सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा पवन जिंदल को दोबारा फिर से प्रांत संघचालक के लिए निर्वाचित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संविधान में तीन साल में एक बार प्रांत संघचालक के दायित्व के लिए चुनाव किए जाते हैं। इसी प्रक्रिया के तहत प्रांत संघचालक के लिए चुनाव प्रक्रिया की गई तथा साथ ही दो अखिल भारतीय प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह, रमाकांत भी चुने गए। बैठक में प्रांत संघचालक के लिए पवन जिंदल के नाम का प्रस्ताव किया गया। सर्वसम्मति से सभी कार्यकर्ताओं ने पवन जिंदल को दोबारा फिर प्रांत संघचालक के दायित्व के लिए निर्वाचित किया गया।

**न्यूज फ्लैश**

## 28 लाख की लागत से बनेगी, प्रजापत धर्मशाला, विधायक विज ने निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत** शहरी विधानसभा के वार्ड 19 में 28 लाख की लागत से प्रजापत धर्मशाला का निर्माण कराया जाएगा कपानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने धर्मशाला के निर्माण कार्य का शिलान्यास समाज के लोगों के साथ नारियल तोड़ कर किया क कार्यक्रम में पहुचने पर विधायक का प्रजापत समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया एवं पुष्प गुच्छ भेट किया कसमाज के लोगों के द्वारा लंबे समय से धर्मशाला के निर्माण कार्य की मांग की जा रही थी कधर्मशाला के निर्माण कार्य के लिए विधायक का प्रजापत समाज के प्रधान सतपाल प्रजापति ने आभार व्यक्त करते हुए, कहा कि उनके समाज के द्वारा पूर्व विधायकों से भी भवन निर्माण हेतु मांग कि गयी थी, लेकिन किसी ने सुध नहीं ली। वे अपने समाज की तरफ से विधायक का आभार व्यक्त करते हैं जिनके द्वारा यह कार्य कराया गया है कविधायक विज ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि पानीपत के विकास हेतु निरंतर प्रयासरत हू, शीघ्र ही भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाएगा एवं सामाजिक कार्यो हेतु समर्पित होगा क इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुनील कंसल, बलवान सरोहा , पूर्व पार्षद पति जॉनी,प्रजापत समाज के प्रधान सत्यपाल प्रजापति, रॉकी गहलोत, संदीप प्रजापत एवं समस्त सम्मानित जन मौजूद रहे क

## हरियाणा में सिक्खों की सेवा में खट्टर पुस्तक का विमोचन 31 जनवरी को

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)हरियाणा सूचना,** जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के अतिरिक्त निदेशक डा. कुलदीप सैनी ने कहा कि हरियाणा में सिक्खों की सेवा में खट्टर पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम का आयोजन 31 जनवरी को होगा। यह कार्यक्रम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में 31 जनवरी को सुबह 11 बजे होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल होंगें।अतिरिक्त निदेशक डा. कुलदीप सैनी ने आज यहां बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सिक्ख समाज के लिए अनेकों कार्य किए है। इस समाज के लोगों को तमाम मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने, समाज के लोगों का मान सम्मान करने तथा सिक्ख समाज के लोगों के विकास के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कार्य किए है। इस समाज के लिए किए गए कार्यो को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर हरियाणा में सिखों की सेवा में खट्टर पुस्तक को लिखा है। इस पुस्तक का विमोचन 31 जनवरी को सुबह 11 बजे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में होगा और इस कार्यक्रम में सिक्ख समाज के तमाम लोगों को आमंत्रित किया गया है। इस पुस्तक का विमोचन करने के लिए स्वयं मुख्यमंत्री मनोहर लाल पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियां चल रही है।

## खेल महोत्सव के समापन पर मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल में सांसद ने पुरस्कार बाटे

**राई। मोतीलाल** नेहरू खेल स्कूल राई में चल रहे दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि सांसद रमेश कौशिक ने शिरकत की। उनके साथ विधायक निर्मल चौधरी, बीजेपी जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, निशांत छौक्कर व भाजपा जिला महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष सोनिया मोर भी पहुंचे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। खेल महोत्सव में खेल स्कूल राई के अलग-अलग खेलों में करीब 900 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। खेल महोत्सव में वॉलीबॉल, हॉकी, जिमनास्टिक्स, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग सहित कई विधाओं में खेल का आयोजन किया गया। सांसद रमेश कौशिक ने खेल स्कूल के 307 नेशनल पार्टिसिपेंट्स को पुरस्कृत किया। सांसद कौशिक ने कहा कि खेल स्कूल राई की कमान अब योग्य हाथों में है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया की पीएम योजना भविष्य में शानदार परिणाम देगी।

# कांग्रेस के साथ ज्यादा जनसंख्या में जुड़ने की अपील की

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पूर्व व** भावी मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा व दीपक बावरिया, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के निर्देश से हरियाणा में चलाए जा रहे अभियान घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस के तहत पानीपत ग्रामीण में आज शमशान रोड़ देशराज कॉलोनी, विष्णु कॉलोनी, विकास नगर ,इंदिरा कॉलोनी, बरसत रोड़ ज्योति कॉलोनी, करीब आधा दर्जन कॉलोनीयों में करनाल लोकसभा से भाई चाणक्य पंडित व ग्रामीण से महिपाल सूबेदार ने आधा दर्जन कॉलोनी का दौरा कर भावो को संबोधित किया। वहीं साथ ही घर-घर जाकर लोगों से अपील कि कांग्रेस पार्टी के साथ ज्यादा जनसंख्या में जुड़ने की अपील की अपने संबोधन में चाणक्य पंडित जी ने कहा कि लोग वर्तमान सरकार से परेशान हैं। क्योंकि सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई आसमान छू रही है महिलाओं का



रसोई का बजट बिगाड़ दिया हर खाद्य वस्तु के रेट आसमान पर हैं, गरीब आदमी को मकान बनाना सपना के समान हो चुका है। क्योंकि ईंट के रेट, सरिया के रेट, सीमेंट के रेट, आसमान छू रहे हैं चाणक्य ने लोगों से अपील की अगर महंगाई से छुटकारा पाना चाहते हैं बेरोजगारी से छुटकारा पाना चाहते हैं चुनाव के समय कांग्रेस पार्टी को वोट दें। इसी क्रम में महिपाल सूबेदार ने अपने संबोधन में कहा कि भ्रष्टाचार लुट खसोट की घटनाएं आए दिन बढ़ रही हैं। नई-नई घटनाएं शहरों में सुनने को मिलती हैं जैसे छीना झपटी की, चैन स्केचिंग, की दुकानों के शटर तोड़ने की आम बात हो चुकी है। लोगों का इस सरकार से मोह भंग हो चुका है और लोग कांग्रेस पार्टी की तरफ आस लगाए बैठे हैं कब चुनाव हो और हम कांग्रेस पार्टी को सत्ता सीन करें। इस अवसर पर कई संस्थाओं ने भी पार्टी को समर्थन दिया महाकाल सेना संगठन,एक दिया शहीदों के नाम, पूर्वांचल माली संगठन,इस मौके पर धर्मपाल कौशिक, सूबेदार जीत प्रजापत विशंभर गुर्जर ,नरेंद्र वर्मा, शमशेर वाल्मीकि , पूजा वर्मा, रोशनी,कमलेश,रामकुमार कोरी, राजपाल भलेराम शर्मा , राजेश शर्मा, चंद्र प्रजापत ,सुधीर शर्मा, देवेंद्र लाठर ,अजीत हुडा, ऋतिक वाल्मीकि, बलजीत सैनी, मास्टर ईश्वर, करण शर्मा, संदीप फौजी उ,मेश पांडे,कीमतीलाल ,कृष्णा अग्रवाल ,राकेश कुमार ,पूर्ण प्रजापत ,सचिन भारद्वाज, ओमपाल, भूषण शर्मा,सुनील सैनी, देवव्रत मलिक, सुमित पूनिया आदि कॉलोनीयों से सैकड़ो महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

# खूबडू गांव में आयोजित शिविर में 160 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**खूबडू** गांव कि चौपाल में रविवार को ग्रामीणों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ भारत विकास परिषद के प्रधान राजेंद्र कौशिक ने किया। शिविर में डॉक्टरों की टीम में डॉक्टर प्रवेश मुदगिल हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर अनुभव स्त्री रोग विशेषज्ञ ,डॉक्टर आकाश फिजिशियन, डॉक्टर अभिमन्यु,रितु ,अजय, ईशा, जतिन ने अपनी निशुल्क सेवाएं देते हुए 160 मरीजों की जांच की। शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, आक्सीजन, ईसीजी जांच, श्वास रोगियों की जांच, हिमोग्लोबिन की जांच की गई। अधिकतर मरीज रक्तचाप, शुगर,

**जांच**

**8 हिमोग्लोबिन की जांच की गई। अधिकतर मरीज रक्तचाप, शुगर, सांस की बीमारी, जोड़ो के दर्द से ग्रस्त मिले**

सांस की बीमारी, जोड़ो के दर्द से ग्रस्त मिले। स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉक्टरों की टीम ने लोगों को अपनी दिनचर्या को कैसा बनाए और खाने पीने में क्या ऐतिहात बरतना चाहिए। कार्यक्रम में महेंद्र वशिष्ठ ,कपीश कुमार ,मांगेराम , सुमित, नवीन धनखड आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# ध्वजारोहण व लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया



**पानीपत/कमाल हुसैन**

स्थानीय गोल्डन विला सोसायटी नियर टिवोली हेरिटेज होटल में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में ध्वजारोहण व लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा ज़िला अध्यक्ष डॉं कविता गुप्ता ने की,संयोजिका भाजपा नेत्री व समाजसेवी नेहा अनुकूल रहे। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से वरिष्ठ भाजपा नेत्री दीपा भारद्वाज भी उपस्थित रहीं , मुख्य वक्ता के रूप में अमरजीत रहे। कार्यक्रम की शुरूआत श्री राम भक्ति गीत के साथ आहाना की नृत्य प्रस्तुति से हुआ, देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत गोल्डन विला वासीयों के साथ ध्वजारोहण व सभी ने अपने विचार रखे।

# युधिष्ठिर योग जिला ने धूमधाम से मनाया महिला योग शक्ति दिवस

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**भारतीय योग** संस्थान (पंजीकृत) मुख्यालय रोहिणी, दिल्ली की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के युधिष्ठिर योग जिला के तत्वाधान में महिला योग शक्ति दिवस एवं वसंत उत्सव शिव मंदिर, सेक्टर 7 में बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया । मुख्य अतिथि गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन बाला बत्रा, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य डॉ ऋषिपाल मथाना, संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओमप्रकाश, मंत्री मानसिंह, प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर, जिला प्रधान सुमन तोमर,



जिला संरक्षक ए पी जैन, संगठन मंत्री रेखा गोयल, कोषाध्यक्ष रेनू जैन, जोन प्रधान कृष्णा पांचाल सहित अन्य जिला व जोन अधिकारियों ने ओम ध्वनि, गायत्री मंत्रोच्चारण व शंखनाद से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । उपस्थित साधक साधिकाओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुमन बाला ने कहा कि महिलाओं सहित सभी को योग अवश्य करना चाहिये । योग महिला को शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक रूप से सशक्त बनाता है । जब एक महिला योग साधिका, शिक्षिका या अधिकारी बनती है तो उसके व्यक्तित्व का बहुत अधिक विकास होता है । मुझे स्वयं योग से बहुत लाभ हुआ है । विशिष्ट अतिथि डॉ ऋषिपाल मथाना ने कहा कि महिला सबसे अधिक मां के रूप में पूजी जाती है । योग द्वारा महिला स्वयं को, अपने परिवार व समाज को सशक्त बना सकती है । वसंत उत्सव मां सरस्वती की पूजा का उत्सव है । युधिष्ठिर जिला की साधिकाएं उत्सव मानती नहीं, उसे जीती हैं । प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश ने कहा कि साधिकाओं द्वारा नियमित योगाभ्यास करने से उन के तन मन में जो परिवर्तन होता है, उस से उसकी क्षमताओं का जो विकास होता है । युधिष्ठिर योग जिला एक श्रेष्ठ जिला है और दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

# एएस सी.से. स्कूल में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** ए.एस सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंबाला शहर में 75 वा गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया विद्यालय के प्रांगण में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय मुख्य अतिथिगण नरेंद्र राणा ,जतिंदर सिंह वालिया ,ईश्वर चंद्र शर्मा ,सुरेंद्र कुमार भाटिया ,कंवर पाल सिंह राणा ,पवन शर्मा यह सभी अतिथिगण भारतीय वायुसेना से सेवा निर्मित है इस अवसर पर चेतन मंगल जो की इंडियन ओवरसीज बैंक के मैनेजर है जयदीप अरविंद सिंह भाटिया व सुधीर गर्ग जो कि आर्य स्कूल के पूर्व विद्यार्थी रह चुके हैं इन सभी



अतिथि गणों के द्वारा ध्वजारोहण किया गया कक्षा आठवीं व कक्षा 12वीं की छात्राओं ने देशभक्ति के गीतों पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी इसी के साथ कक्षा आठवीं के छात्र आकाश वी कक्षा नवमी के छात्र गुरदीप सिंह ने गणतंत्र दिवस के महत्व को बताते हुए सुंदर भाषण व कविता का गायन किया विद्यालय की प्रिंसिपल रविंदर कौर वालिया ने आए हुए अतिथि गणों का स्वागत कर विद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों को 75 में गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामना दी और पूर्व प्रिंसिपल राजीव मल्होत्रा ने विद्यार्थियों को संबंधित करते हुए कहा की हर वर्ष की भांति हमारे विद्यालय के विद्यार्थी अन्य अन्य विद्यालय में चल रही गतिविधियों में भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन करते हैं।

# गरीब जरूरतमंद की सेवा करना मानवता का धर्म : आंतिल

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**गरीब जरूरतमंद** लोगों की मदद करना ही सच्ची सेवा है। सेवा किसी भी तरीके से की जा सकती है। जो लोग दूसरों की सेवा करते हैं वे हमेशा कामयाब रहते हैं। उक्त बातें कुंडली स्थिति दुर्गा कालोनी में आयोजित सम्मान समारोह में आंतिल बाराहा खाप के प्रधान एवं कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित करते हुई की। समारोह में 200 जरूरत मंदों को कम्बल वितरित किए गए हैं। समारोह में सोनीपत विधायक सुरेन्द्र पंवार के शामिल होने पर उनका स्वागत करते हुए सम्मानित किया गया। कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि भले भाजपा की हरियाणा में सरकार है, लेकिन विधायक सुरेन्द्र पंवार ने अपने हल्के में राई विधानसभा से भी ज्यादा विकास करके दिखाया है। उन्हें जनता के आशीर्वाद मिलने से विधायक बनने का मौका मिलता है तो हल्के वासियों के विकास के पैमाने पर वारे के न्यारे कर देंगे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा कार्यकाल का जिक्र करते हुए जयभगवान आंतिल ने कहा कि लोग वही सरकार भी देखना चाह रहे यही कारण है कि आए दिन लोगों का मोह भाजपा से भंग होता जा रहा है। इस अवसर पर काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आप की जींद रैली के बाद प्रदेश में नए बदलाव की शुरूआत होगी रणबीर

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**आम** आदमी के किसान सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष रणबीर छिक्कारा रविवार को सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ जींद में होने वाली वाली बदलाव रैली के लिए रवाना हुए। रणबीर छिक्कारा ने कहा कि जींद में होने वाली रैली हरियाणा के सभी रिकॉर्ड तोड़ेगी और हरियाणा के अंदर एक बदलाव की शुरूआत होगी । उन्होंने कहा कि 2024 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने की तरफ एक और कदम बढ़ाएगी । छिक्कारा ने कहा कि भाजपा--जाजपा की सरकार को



जन समस्याओं से उन्हें कोई सरोकार नहीं है। आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर सभी को स्वास्थ्य सेवाएं मुफ्त में उपलब्ध करवाए जाएंगे ,सरकारी स्कूलों की व्यवस्था सुधार कर बच्चों को अच्छी शिक्षा मुफ्त दी जाएगी और युवाओं को रोजगार दिया जाएगा । इस अवसर पर उनके साथ अंकुश त्यागी ,विकास मलिक ,डॉक्टर अनिल कुमार ,बलवान सिंह, सुनील विकास त्यागी डॉ राज आदि सैकड़ो कार्यकर्ता साथी मौजूद रहे।

# पाइट में दीक्षांत समारोह मनाया गया, सचिव ने आइडिया लैब को सराहा

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**ऑल** इंडिया काउंसिल फॉर टेक्नीकल एजुकेशन (एआइसीटीई) के सचिव प्रो.राजीव कुमार ने कहा कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी से हम अपने देश को आत्मनिर्भर बना सकेंगे। एआइसीटीई ने भी पॉलिसी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब भारत के युवा जॉब करते या स्वरोजगार करते हुए भी तकनीकी शिक्षा की उच्च डिग्री हासिल कर सकते हैं। देशभर में आइडिया लैब बनाई गई हैं, जहां पर रिसर्च, पेटेंट और स्टार्टअप हो रहे हैं। प्रो.राजीव कुमार यहां पानीपत इंस्टीटयूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में दीक्षांत समारोह में बतौर



मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

प्रो.राजीव कुमार ने कहा कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी इस तरह बनाई गई, जिसके माध्यम से आप डिग्री में ही अपनी प्रतिभा को भी जोड़ सकते हैं। जैसे कि अगर आप अच्छा गा सकते हैं, खेल में अच्छे हैं और तकनीकी शिक्षा हासिल करना चाहते हैं तो आपकी प्रतिभा को डिग्री में जगह मिलेगी। उन्होंने कहा कि देशभर के चुनींदा तकनीकी कॉलेजों में आइडिया लैब के लिए ग्रांट दी गई हैं।

उन्होंने कहा कि आइडिया लैब में आप सीनियर्स, टीचर्स के साथ मिलकर नए रिसर्च कर सकते हैं। एआइसीटीई की ओर से फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम कराए जा रहे हैं, ताकि शिक्षक भी समय के साथ अपडेट होकर छात्र-छात्राओं को समय की जरूरत अनुसार पढ़ा सकें। पाइट की आइडिया लैब में एआइसीटीई की सोच के अनुसार ही काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि जीईआर यानी ग्रोस एनरोलमेंट रेशो को बढ़ाने के लिए ऑनलाइन कोर्स की संख्या बढ़ाई गई है। एमबीए, एमसीए और इंजीनियरिंग के कोर्स ऑनलाइन किए जा सकते हैं। इससे जॉब करते हुए उच्च शिक्षा हासिल कर सकेंगे और तरक्की की राह पर बढ़ सकेंगे। इस अवसर चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य राजीव तायल, शुभम तायल, डॉ.बीके बहरा, निदेशक डॉ.जेएस सैनी ने भी विचार व्यक्त किए।

*एलुमनी मीट में नाचे*

दीक्षांत समारोह के बाद पाइट से पासआउट यानी एलुमनी युवाओं के लिए विशेष समारोह हुआ। एलुमनी मीट में पूर्व छात्रों ने अपनी यादें ताजा कीं। मंच पर एक बार फिर से प्रस्तुति दी।

बैंड के साथ जमकर नाचे। अपनी-अपनी सफलताओं की कहानियां साझा कीं। वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि एलुमनी मीट के माध्यम से पूर्व छात्र आपस में मिलते हैं। कॉलेज के पुराने दिनों को याद करते हैं।

साथ ही, जूनियर छात्रों के लिए संदेश देते हैं कि वे उनकी मदद करेंगे। जूनियर अपने सीनियर्स से सीखते हैं। पाइट के छात्र देश और विदेश में नाम रोशन कर रहे हैं।

# देवेंद्र यादव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का विशाल आयोजन

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा के द्वारा एकता का दिया गया संदेश, बादली विधानसभा में तिरंगा यात्रा में लोगों ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं पंजाब कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव के नेतृत्व में हर वर्ष की भांति तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर निकाली गई तिरंगा यात्रा में प्रेम, सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक सद्भावना के साथ देश को जोड़ने का संदेश दिया गया। इस दौरान बच्चों, महिलाओं, युवाओं समेत जन जन का उत्साह देखने लायक था।

बादली विधानसभा में तिरंगा यात्रा अनिल राणा फार्म हाउस, श्रद्धानंद कॉलोनी से आरंभ होकर दुर्गा चौक, गुर्जर चौक, भलस्वा डेयरी, राजीव नगर, गुरुद्वारा, गुरु नानक देव कॉलोनी, विजय चौक, बुराड़ी रोड, सरूप नगर कार्यालय पर ध्वजारोहण के साथ समाप्त हुई। इस दौरान क्षेत्र की जनता कांग्रेस नेताओं एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस दौरान कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य देवेंद्र यादव ने तिरंगा यात्रा के बारे में बात करते हुए कहा कि देश की मजबूत नींव भाईचारा, प्रेम और सद्भावना है। मिलजुल कर रहना इस देश की परंपरा रही है और उसी परंपरा का पालन करने का संदेश दिया। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य देवेंद्र यादव ने कहा कि तिरंगा यात्रा के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन कर हमने एकता एवं अखंडता का संदेश देते हुए देश को जोड़कर लोकतंत्र को मजबूत करने का संकल्प भी लिया है।

8 देवेंद्र यादव ने तिरंगा यात्रा के बारे में बात करते हुए कहा कि देश की मजबूत नींव, भाईचारा, प्रेम और सद्भावना है। मिलजुल कर रहना इस देश की परंपरा रही है और उसी परंपरा का पालन करने का संदेश दिया।
8 तिरंगा यात्रा के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन कर हमने एकता एवं अखंडता का संदेश देते हुए देश को जोड़कर लोकतंत्र को मजबूत करने का संकल्प भी लिया है: देवेन्द्र यादव

# स्पेशल स्टाफ में एसीपी के बेटे की हत्या मामले में पुलिस करेगी क्राइम सीन रीक्रिएशन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी** उत्तरी जिले के स्पेशल स्टाफ में एसीपी के पद पर तैनात यशपाल चौहान के बेटे की हत्या के मामले में पूरे घटनाक्रम को समझने के लिए पुलिस क्राइम सीन रीक्रिएशन करने जा रही है। हालांकि पुलिस अब तक मृतक लक्ष्य चौहान का शव बरामद नहीं कर सकी है।

इससे पहले पुलिस ने मामले में अभिषेक नाम के एक आरोपित को गिरफ्तार किया था। आरोपित ने अपने बयान में इस बात को कबूल किया कि वे लोग भिवानी से पानीपत गए।

पानीपत से लौटते समय उन्होंने लक्ष्य को मार कर नहर में फेंक दिया। इस वारदात में विकास नाम का एक व्यक्ति मुख्य आरोपित है जो अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। हालांकि पुलिस ने विकास की कॉल डिटेल के आधार पर उसकी लोकेशन का पता लगा लिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार जल्द विकास की गिरफ्तारी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पुलिस घटनास्थल पर जाकर रीक्रिएशन करने का मन बना चुकी है। पुलिस ने मामले में गिरफ्तार आरोपित अभिषेक को रोहिणी कोर्ट में पेश किया जहां से उसकी तीन दिन की पुलिस कस्टडी मिल गई है।

इन तीन दिनों में ही पानीपत में जिस जगह पर आरोपियों ने लक्ष्य चौहान को नहर में फेंका था, वहां क्राइम सीन रीक्रिएशन किया जाएगा।

# हैदरपुरः पूर्व पार्षद सुजीत ठाकुर ने किया ध्वजारोहण





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता व पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 75वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर हैदरपुर के एकता कैंप, नहर पर शंभू चौधरी, बब्लू राय द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया।



इस अवसर पर पूर्व पार्षद सुजीत ठाकुर मौजूद रहे और ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में सेवा बस्ती के बड़े बुजुर्ग, भाई, बहन और बच्चे सम्मिलित हुए। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सुजीत ठाकुर ने सभी को गणतंत्र दिवस के बारें में जानकारी दी और कहा कि सभी सत्य के साथ रहे क्योंकि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है और सत्य की हमेशा ही विजय होती है। इस मौके पर अन्य गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

# महेन्द्रा पार्क एसएचओ कर रहे हैं सराहनीय कार्यः पंकज भरेजा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आजादपुर** मंडी के प्रसिद्ध व्यापारी व युवा नेता पंकज भरेजा ने बताया कि महेन्द्रा पार्क के एसएचओ लोकेश शर्मा बड़ा ही सराहनीय कार्य कर रहे हैं। इनके कार्यकाल में एशिया की सबसे बड़ी सब्जी व फल मंडी में सुरक्षा व्यवस्था में काफी सुधार हो रहा है, अब मंडी के अन्दर असामाजिक व्यक्ति आने से घबराने लगे हैं क्योंकि महेन्द्रा पार्क के एसएचओ लोकेश शर्मा के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था को काफी मजबूत किया गया है और पेट्रोलिंग को बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि अब अगर संदिग्ध व्यक्ति किसी को नजर आ रहा है तो व्यापारी भी पुलिस को सूचित कर रहे हैं और घटना होने से पहले ही अपराधियों को पकड़ने में आसानी हो रही है। पंकज भरेजा ने बताया कि मंडी के अन्दर सुरक्षा व्यवस्था पहले से काफी मजबूत हुई है। इसके लिए मैं



पुलिस प्रशासन का विशेष रूप से धन्यवाद करता हूं। उन्होंने आगे बताया कि एसएचओ लोकेश शर्मा व्यापारियों के साथ बैठकें भी कर रहे हैं, जिससे की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

पंकज भरेजा ने आगे कहा कि हमें भी पुलिस की मदद करनी चाहिए और जहां पर भी संदिग्ध व्यक्ति नजर आये तुरन्त पुलिस को सूचित करें, जिससे की हम और आप सुरक्षित रहें।

# वजीरपुर जेजे कॉलोनी में हुआ श्रीरामकथा का आयोजन, पहुंचे पूर्व पार्षद देवराज कोली

## कथा में बताई गई बातों को सभी अपने जीवन में अवश्य ही उतारें और हमेशा ही सत्य का साथ दें, क्योंकि सत्य हमेशा ही सत्य रहता हैः महेन्द्र चतुर्वेदी जी महाराज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** जेजे कॉलोनी के गौरीशंकर मंदिर में श्री राम कथा का भव्य रूप में आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कथा वाचक महेन्द्र चतुर्वेदी जी महाराज ने उपस्थित भक्तों का प्रभु के जीवन के बारे में बताया। इस अवसर पर निगम पार्षद रेखा गुप्ता, पूर्व निगम पार्षद देवराज कोली, भाजपा नेता संजीव शर्मा के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस दौरान कथा वाचक महेन्द्र चतुर्वेदी जी महाराज ने कहा कि सभी को कथा का श्रवण ध्यानपूर्वक करना चाहिए और कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारे और हमेशा ही सत्य का साथ दें। उन्होंने कहा कि कथा का श्रवण करने से मनुष्य के कष्टों का नाश होता है और घर में सुख-शांति का आगमन होता है। इसलिए सभी को कथा का श्रवण ध्यान पूर्वक करना चाहिए। इस अवसर पर निगम पार्षद रेखा



गुप्ता ने कहा कि आज बड़े ही भव्य रूप में कथा का आयोजन किया जा रहा है। मैं कार्यक्रम के आयोजको का धन्यवाद करती हूं। इस प्रकार के कार्यक्रम सभी को आयोजित करने चाहिए। तो वहीं पूर्व पार्षद देवराज कोली ने कहा कि जहां पर भी कथा का आयोजन हो रहा हो, वहां



पर अपने तो स्वयं जाये ही साथ ही अपने बच्चों को लेकर भी जाये। जिससे की बच्चे भारतीय संस्कृति और धर्म के बारे में विस्तार से जान सके। श्री कोली ने आगे बताया कि जिस प्रकार से मर्यादा पुरूषोतम प्रभु श्रीराम ने सभी कार्य मर्यादा में रहते हुए ही किये थे। उसी प्रकार हमें

**पार्षद ने कहा...**

8 निगम पार्षद रेखा गुप्ता ने कहा कि आज बड़े ही भव्य रूप में कथा का आयोजन किया जा रहा है। मैं कार्यक्रम के आयोजको का धन्यवाद करती हूं।

भी सभी कार्य मर्यादा में रहते हुए ही करने चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। क्योंकि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता संजीव शर्मा ने कार्यक्रम के आयोजको को धन्यवाद किया और कहा कि सभी को प्रभु श्रीराम के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर कई गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखें।

# नरेला में मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस, कई हुए सम्मानित










**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी** दिल्ली के नरेला में 75वें गणतंत्र दिवस का जश्न बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान चारों ओर देशभक्ति के गीतों की गूंज सुनाई दी। राष्ट्रीय पर्व के मौके पर पूरा क्षेत्र देशभक्ति के नारों से गुलजार रहा। जगह-जगह विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में नरेला के मेन बाजार में, मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस के जवानों, पत्रकारों को अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सम्मानित भी किया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अति. विशिष्ट अतिथियों का पटका पहनाकर माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीदों को याद कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित की कर किया गया

इसके पश्चात ध्वजारोहण कर उपस्थित सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों ने देशभक्ति के गीतों पर शानदार प्रस्तुति देखकर समा बांधा। मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन के चेयरमेंन हेमराज बंसल ने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि गणतंत्र दिवस के साथ हमारे देश भक्तों के त्याग

**हेमराज बंसल, चेयरमैन, मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशनः** हेमराज बंसल ने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि गणतंत्र दिवस के साथ हमारे देश भक्तों के त्याग और बलिदान की एक लंबी गौरव गाथा जुड़ी हुई है। हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के कठोर संघर्ष, त्याग और बलिदान से हमें आजादी मिली है।



और बलिदान की एक लंबी गौरव गाथा जुड़ी हुई है। हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के कठोर

**मनोज बंसल, महासचिव, मेन बाजार मर्चेंट एसोसिएशनः** आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों को सम्मानित किया गया है। मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी हमेशा ही देशहित में कार्य करें। चाहे परिस्थिति कैसी भी क्यों न हो, क्योंकि सबसे पहले देशहित होता है। उसके बाद ही कुछ और है। इसलिए सभी देशहित में कार्य करें।



संघर्ष, त्याग और बलिदान से हमें आजादी मिली है। आज पूरा देश उनका ऋणी है। उन्होंने अयोध्या में राम जन्मभूमि में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की बधाई भी दी और कहा कि हमें मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के दिखाए हुए मार्ग पर चलकर देश को मजबूत बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। कार्यक्रम पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में अलीपुर वार्ड से निगम पार्षद योगेश राणा, मनोनीत निगम लक्ष्मण आर्य ,पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, पूर्व स्टैंडिंग कमेटी चेयरमेंन मोहन भारद्वाज, पूर्व डिप्टी मेयर अर्चना दिलीप सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सौरभ खत्री, सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब के प्रधान विष्णु भारद्वाज, समाजसेवी खुशीराम, नरेश खत्री, मुकेश भारद्वाज, विजय भारद्वाज, जोगेंद्र दहिया, गुरु दत्त शर्मा, मेंन बाजार मर्चेंट एसोसिएशन के चेयरमेंन हेमराज बंसल, प्रधान श्रीभगवान, महासचिव मनोज बंसल, कोषाध्यक्ष अनिल वर्मा, वाईस चेयरमैन अनिल आर्य, उपप्रधान विकास बंसल, कोषाध्यक्ष सतीश शर्मा, सचिव सुनील गर्ग, सहसचिव अंकित बंसल, कोषाध्यक्ष हरीश खन्ना, संरक्षक दौलत राम, सहकोषाध्यक्ष सतीश शर्मा, संरक्षक नरेश गुप्ता, संरक्षक सीताराम, संरक्षक मास्टर राकेश वर्मा, संरक्षक राकेश बंसल, गौरव गर्ग, सनी भारद्वाज, साहिल गर्ग, गौरव मारवाह, दिनेश बंसल, गौरव बंसल सहित सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जो भगवान श्रीराम का नहीं वो किस काम का: औमप्रकाश धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
भगवान श्रीराम हर भारतवासी के घट में बसता है। हमारी श्रद्धा और आस्था का केंद्र है रामलला। जो भगवान श्री राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं हो सकता। बादली हल्के के गांव बुपनिया के शिव मंदिर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में भागीदारी करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि बहुत आश्चर्य होता है कि कांग्रेस और उनके घमण्डिया गठबंधन के साथी धार्मिक तुष्टिकरण के चलते रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का विरोध कर रहे थे। इन लोगों ने प्रभु श्री राम को वर्षो तक टेंट में रखा। कोर्ट में रामजन्म भूमि का विरोध करने की सारी हदें पार कर दी थी कांग्रेस ने। कांग्रेस ने पहले भगवान श्रीराम को मिथक व काल्पनिक माना, फिर माननीय अदालतों में 21-21 वकील खिलाफ खड़े किए।



धनखड़ ने कहा कि ये मोदी का बदला हुआ भारत है। देश की राजनीति में अब परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्ष्टाचार्र का कोई स्थान नही है। उन्होंने कहा कि रामलला के दर्शनों के लिए चलेंगे। इसकी व्यवस्था की जाएगी। सभी चलेंगे।

धनखड़ ने कहा कि हर भारतवासी के घट में राम बसता है। राम पर्याय हैं भारत के। हम मंदिरों व धार्मिक स्थलों को भगवान श्रीराम से जुड़ा हुआ पाते हैं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा उपरांत हर भारतवासी को गर्व और गौरव की अनुभूति हो रही है। देश में ही नहीं दुनिया में जहां भी भारतीय हैं। उनका सीना चौड़ा हो गया है। दुनियाभर से श्रद्धालुओं की भीड़ रामलला के दर्शनों को लेकर आतुर है।

श्री धनखड़ ने कहा कि कई पीढ़ियों ने संघर्ष किया और 500 साल की प्रतीक्षा और देश की आजादी के बाद 75 साल चले आंदोलन उपरांत यह ऐतिहासिक पल आए। भाजपा राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि गांव गांव में मंदिर हैं। ये हमारे इष्टदेव हैं। हमारी प्राचीन परम्परा रही है कि सारे ग्रामवासी मिलकर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करें एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करें। यह परम्परा आगे बढ़ती रहनी चाहिए। युवा पीढ़ी को बहुत कुछ सीखने को मिलता है ऐसे आयोजनों से। धनखड़ ने शानदार ढंग से कार्यक्रम आयोजित करने और उनको आमंत्रित करने पर क्षेत्र की सरदारी और ग्रामवासियों का धन्यवाद किया।

# जींद रैली बदलेगी हरियाणा का इतिहास :- धर्मवीर भड़ाना

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने दर्जनों गाड़ियों में पार्टी का झंडा दिखाकर बदलाव जनसभा के लिए रवाना किया जिसमें पार्टी के कार्यकर्ता और महिलाएं बुजुर्ग सभी को अलग-अलग गाड़ियों में बिठाकर जींद रैली के लिए रवाना किया जींद बदलाव यात्रा हरियाणा में बदलाव की एक महत्वपूर्ण रैली होगी जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी एवं पंजाब की यशस्वी मुख्यमंत्री भगवत मान संबोधित करेंगे जिसमें हरियाणा में जो बेरोजगारी में नंबर वन भारतीय जनता पार्टी द्वारा बना दिया गया है उसको लेकर दिल्ली और पंजाब के मुख्यमंत्री बताएंगे कि कैसे दिल्ली और पंजाब को रोजगार के मामले में आगे बढ़ाया दिल्ली और पंजाब में जैसे बिजली



फ्री दी जा रही है वैसे ही हरियाणा में भी बिजली फ्री दी जाएगी और जो हरियाणा सरकार मैं बिजली के बिल में नॉन एनर्जी चार्ज के नाम पर लूट मचा रखी उसकी सरकार बनते ही पहले कलम से सभी बिजली के बिल माफ किए जाएंगे और 300 यूनिट फ्री बिजली हर घर तक दी जाएगी धर्मवीर भड़ाना की ने कहा कि जनता बहुत परेशान दुखी है भाजपा सरकार के द्वारा अलग-अलग टैक्स लगाकर कभी प्रॉपर्टी टैक्स कभी पानी टैक्स कभी बिजली के बिलों में टैक्स इन जरिया करो से जनता बहुत परेशान होकर पूरा मन बना चुकी है आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने के लिए धर्मवीर भड़ाना की के कार्यालय पर उनके टीम के सदस्य मैहर चंद्र हरसाना जी नरेश शर्मा जी सुभाष बघेल राजा भैया राम। गौर सचिन चौधरी वह भी सभी अपने काफिले के साथ जींद रैली के लिए रवाना हुई

## संक्षिप्त खबरें

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार उठा रही है अहम कदम-उपायुक्त

**प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार उठा रही है अहम कदम-उपायुक्त**
**-किसान फसलों की गुणवत्ता व जमीन की उर्वरा शक्ति को बनाएं रखने के लिए में कम से कम करें रासायनिक खादों का उपयोग**
**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने बताया कि सरकार खेती में जोखिमों को कम करने व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों के हित में अनेक अहम कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने योजनाओं का विस्तार करते हुए अब स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले ऐसे किसान, जिसके पास 2 से 5 एकड़ भूमि है, को देसी गाय की खरीद पर अधिकतम 25 हजार रुपए का अनुदान देने की योजना की शुरूआत की है।
उपायुक्त ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने वाले किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए जीवामृत का घोल तैयार करने के लिए चार बड़े ड्रम निःशुल्क दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 50 हजार एकड़ में प्राकृतिक खेती करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए कृषि विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर किसानों का प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।
उपायुक्त ने बताया कि बाजार में बढ़ रही मांग के मद्देनजर किसानों द्वारा अधिक उपज प्राप्त करने के लिए रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग में जबरदस्त वृद्धि हुई है, जिसके परिणाम स्वरूप कार्बनिक कार्बन में जबरदस्त कमी आई है। इसलिए इस कमी को दूर करने के साथ-साथ फसलों की गुणवत्ता तथा जमीन की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिए कम से कम रासायनिक खादों का प्रयोग करें। ताकि हमारी मिट्टद्दी के साथ-साथ हम भी स्वस्थ्य रह सके। क्योंकि जब मनुष्य रासायनिक खादों का प्रयोग की गई सब्जी या अनाज को खाता है तो उसके शरीर में भी अनेक बीमारियां जन्म ले लेती हैं।उपायुक्त ने किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसान इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं ताकि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को खेती के लिए एक स्वच्छ व स्वस्थ उपजाऊ भूमि दे सकें।

### फरीदाबाद पुलिस की दंगा नियंत्रण कंपनी ने पुलिस लाइन में किया मॉक ड्रिल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
पुलिस आयुक्त श्री राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश पर आज पुलिस लाइन सेक्टर 30 में दंगा नियंत्रण के लिए अभ्यास किया गया। फरीदाबाद पुलिस की दंगा नियंत्रण के लिए बनाई गई 5 कंपनियां के सभी जवानों को मॉक ड्रिल अभ्यास कराया गया। गठित की गई पांच कंपनियों में 3 जोन की एक-एक कंपनी, एक कम्पनी क्राइम की तथा महिला की एक कंपनी शामिल है। दंगा नियंत्रण के लिए गठित की गई पुलिस आयुक्त कार्यालय की कंपनी ने पुलिस लाइन सेक्टर 30 में ड्रिल आयोजित की गई जिसमें पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निदेर्शानुसार कंपनियों का गठन किया गया जिसमें प्रत्येक कंपनी में 100 से अधिक जवान हैं और प्रत्येक कंपनी में तीन प्लाटून बनाई गई हैं। तीन कंपनियां तीनों जॉन के प्रत्येक डीसीपी तथा चौथी कंपनी डीसीपी क्राइम की अधीन कार्य करेगी। प्रत्येक कंपनी का कमांडर एसीपी रैंक तथा सेकंड कमांडर इंस्पेक्टर रैंक का अधिकारी है और प्लाटून कमांडर सब इंस्पेक्टर तथा सेकंड कमांडर एएसआई है। कंपनी के जवान लाठी डंडा, टियर गैस और सक्षम आधुनिक हथियार के साथ एक कॉल की तैयारी की पोजिशन में रहते है। ड्रिल के दौरान फोर्स के सभी जवानों को किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक या जातिगत हिंसा या किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर तुरंत कार्यवाही करने की ट्रेनिंग दी गई। जवानों को ड्रिल के दौरान अहम दिशा निर्देश दिए और जवानों से उनकी ड्यूटी के बारे में समझाया गया। छोटी-मोटी कमियों को दूर करने को कहा। जवान किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। पुलिस की यह कंपनियां फरीदाबाद में शांति व कानून व्यवस्था स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे तथा उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार इन कंपनियो की ट्रेनिंग के लिए इस प्रकार की मॉक ड्रिल आगे भी लगातार जारी रहेगी। पुलिस आयुक्त के अनुसार जवान का किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना अति आवश्यक है इसलिए उन्हें लगातार अभ्यास करवाया जा रहा है। इन कम्पनियों को फरीदाबाद में किसी भी तरीके दंगे या धरना प्रदर्शन में बलवा, आंदोलन के साथ धार्मिक, साम्प्रदायिक, जातिगत अथवा विभिन्न प्रकार के नियंत्रण के लिए तैयार किया गया है जो त्वरित कार्रवाई करके शहर में कानून व्यवस्था को सुदृढ़

## क्राइम ब्रांच बॉर्डर ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र कुमार की टीम ने अवैध हथियार के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ़्तार किए गए आरोपी का नाम पंकज है जो फरीदाबाद के एसी नगर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को कोतवाली एरिया से अवैध हथियार सहित काबू कर लिया।

# मोदीराज में आर्थिक और आध्यात्मिक शक्ति के रूप में उभर रहा भारत: नायब सैनी

**लोकसभा**

**8 - भाजपा चुनाव के लिए तैयार, दसों लोकसभा सीटें ऐतिहासिक मार्जिन से जीतेंगे: नायब सैनी**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
भाजपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में आध्यात्मिक शक्ति के रूप में उभरा है। अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरा देश राममय हो गया है। उन्होंने कहा कि भगवान राम भारत की आत्मा है और राम ने पूरे भारत को एक सूत्र में पिरोया है। रविवार को प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी रोहतक



के मदन लाल ढींगरा मैदान में प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। यह समारोह अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने के उपलक्ष्य में रखा गया था। यहां बोलते हुए श्री सैनी ने कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार की नदियां बहती थी और पर्ची-खर्ची के चलते नौकरियों की बोली लगती थी। वहीं श्री सैनी ने आम आदमी पार्टी पर भी जमकर निशाना साधा। सम्मेलन में बोलते हुए नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदियों से चली आ रही समस्याओं का समाधान किया है। 500 साल से दुनिया के सनातनी भव्य मंदिर में राम लला के विराजमान होने का इंतजार कर रहे थे। भारतवासियों के इस सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया है। उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हम भव्य और दिव्य मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनें हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य और दिव्य श्रीराम मंदिर के लिए आभार जताया।
नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सांस्कृतिक विरासत के उत्थान और समृद्धि के लिए काम किया जा रहा है। काशी-विश्वनाथ कॉरिडोर और केदारनाथ में मंदिर परिसर के निर्माण से यह स्पष्ट है कि हमारी संस्कृति का परचम अब दुनिया में लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद रूपी अलख जगाने का परिणाम है कि भारतीय राजनीति की दिशा और दशा बदली है। धर्मनिरपेक्षता की आड़ में जो विपक्ष के नेता राम का नाम लेने से कतराते थे आज वे मंदिरों की घंटियां बजा रहे हैं और सरयू में स्नान करने लगे हैं। श्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में प्राचीन धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत रहे मंदिरों को जीर्णोद्धार कर उन्हें अपनी पुरानी गरिमा वापस दिलाकर देश में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पटकथा लिखी है।

# पानी से भरी हुई बाल्टी में डूबने से डेढ़ वर्षीय एक मासूम आयूष की मौत

**बल्लभगढ़/फरीदाबाद, 28 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )।**
इंद्रा कॉलोनी में पानी से भरी हुई बाल्टी में डूबने से डेढ़ वर्षीय एक मासूम आयूष की मौत हो गई। मृतक के पिता विनय का कहना है कि आयूष और उसके तीन-चार भतीजे-भतीजी अपने दादा के कमरे में खेल रहे थे। यहां पर दूसरे बच्चे टीवी देखने में व्यस्त हो गए। डेढ़ वर्षीय आयूष ध्यान भटकने के बाद कमरे से बाहर निकल आया। कमरे के बाहर पानी से भरी हुई बाल्टी रखी हुई थी। वह उस बाल्टी में जाकर गिर गया। उसे स्कूटी से सेक्टर-15 में एक बाल रोग



विशेषज्ञ के पास लेकर गए। वहां डॉक्टर ने उसका इलाज करने से मना कर दिया और किसी बड़े अस्पताल में ले जाने की सलाह दी। वे डॉक्टर की सलाह के बाद सेक्टर-16 ए स्थित एक बड़े अस्पताल में लेकर गए। वहां पर डॉक्टर्स ने उसका उपचार करना शुरू कर दिया, लेकिन उसने उपचार के दौरान ही दम तोड़ दिया।

## क्राइम ब्रांच बॉर्डर ने सरिया चोरी करने वाले आरोपी चोर को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र कुमार की टीम ने निमार्णाधीन मकान से लोहे का सरिया चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ़्तार किए गए आरोपी का नाम बंटी उर्फ बंसी (29) है जो भुपानी गांव का रहने वाला है और मजदूरी का काम करता है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को फरीदपुर के पास से स्कूटर पर लोहे का सरिया ले जाते हुए काबू कर लिया।

# मांगों को लेकर ज्वाईंट एक्शन कमेटी के तत्वावधान में 13 फरवरी को जींद में अनशन पर बैठेगें रिटायर्ड कर्मचारी



**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
- मांगों को लेकर ज्वाईंट एक्शन कमेटी के बैनर तले रिटायर्ड कर्मचारी 13 फरवरी को जींद में क्रमिक अनशन पर बैठेगें। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए ज्वाईंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा के सदस्य एवं मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र कुमार वर्मा कोथ ने बताया कि प्रत्येक जिला व कमिश्नरी लेवल पर धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन देने के बाद सरकार द्वारा रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी के मद्देनजर अब हरियाणा के प्रत्येक जिले में रिटायर्ड कर्मचारियों द्वारा क्रमिक अनशन पर बैठने का फैसला लिया गया है। क्रमिक अनशन की शुरूआत रोहतक में 12 फरवरी से होगी जहां रिटायर्ड कर्मचारी क्रमिक अनशन पर बैठेगें। डीआईपीआरओ रिटायर्ड सुरेन्द्र वर्मा ने आगे बताया कि इसके बाद अगले दिन 13 फरवरी को जींद में, फिर 14 फरवरी को कैथल, 15 फरवरी को हिसार, 16 फरवरी को झज्जर, 17 फरवरी को भिवानी में क्रमिक अनशन पर बैठने का कार्यक्रम बनाया गया है। इसके बाद 18 फरवरी को रेवाडी, 19 फरवरी को दादरी, 20 फरवरी को महेन्द्रगढ़, 21 फरवरी को सोनीपत, 22 फरवरी को फरीदाबाद, 23 फरवरी को करनाल एवं 24 फरवरी को यमुनानगर समेत 25 फरवरी से 5 मार्च तक अन्य जिलों में रिटायर्ड कर्मचारी क्रमिक अनशन पर बैठेगें। इसके बाद फिर भी सरकार ने रिटायर्ड कर्मचारियों की सुध नहीं ली और मांगें पूरी नहीं की तो ज्वाईंट एक्शन कमेटी के तत्वावधान में पैंशनर्ज द्वारा आगामी आन्दोलन का फैसला लिया जाएगा। डीआईपीआरओ रिटायर्ड सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि ज्वाईंट एक्शन कमेटी सेवानिवृत्त कर्मचारी हरियाणा के कनवीनर कुलभूषण शर्मा बनाए गए हैं और राज्य स्तर पर फैसले लेने के लिए 15 सदस्यीय अध्यक्ष मण्डल भी गठित किया गया है।

# राजीव जेटली ने सुनी सैनिक कालोनी वासियों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
सैनिक कालोनी की महिला मोर्चा द्वारा रविवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली का भव्य स्वागत किया। गौरतलब है कि राजीव जेटली काफी समय से समस्याओं का समाधान करवाने के लिए सैनिक कालोनी वासियों का सहयोग कर रहे थे। ऐसे में कालोनी की महिला मोर्चा द्वारा इस स्वागत समारोह का आयोजन किया गया था। इस मौके पर राजीव जेटली ने अवैध कूड़ाघर को सेल्फी पॉइंट बनाने के लिए सैनिक कालोनी वासियों की मेहनत और सहयोग के लिए धन्यवाद किया और कहा कि अगर आपकी मेहनत और सहयोग यूँ ही मिलता



रहा तो हम फरीदाबाद को देश के कुछ स्वच्छ शहरों की श्रेणी में लाने में जल्द ही कमयाब होंगे। राजीव जेटली ने कहा कि कुछ समस्याओं का समाधान इस तरह की युक्तियों से आसानी के साथ किया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक सैनिक कालोनी में एक जगह अवैध रूप से बने कूड़ाघर को लेकर यहां के निवासी काफी समय परेशान थे। कालोनी वासियों के निवेदन पर राजीव जेटली ने उस जगह से कई बार कूड़ा उठवा कर सफाई करवाई। लेकिन कुछ लोग बार बार वहां कूड़ा डाल देते थे। इस समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए लोगों ने उस जगह पर सेल्फी पॉइंट बना दिया। जिसके बाद वहां पर कूड़ा डाला जाना बंद हो गया। अपने स्वागत के दौरान राजीव जेटली ने इस सेल्फी पॉइंट का दौरा भी किया। कार्यक्रम की शुरूआत में सैनिक कालोनी और शिव मंदिर की तरफ से महिलाओं ने शोल ओढ़ा का मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली का स्वागत किया गया। जिसके बाद सैनिक कालोनी सोसायटी की उप प्रधान अंजू चौधरी के निवास स्थान पर राजीव जेटली ने सैनिक कालोनी के निवासियों के साथ कई विषयों को लेकर चाय पर चर्चा की।

# *निरंकारी संत समागम में उमड़ा लाखों का जन सैलाब*

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा , 28 जनवरी, ( कुलदीप सिंह )**
प्रभु परमात्मा को जिस किसी भी नाम से पुकारा जायें पर ब्रह्मज्ञान द्वारा इसके दर्शन करने से ही वास्तविक भक्ति का आरंभ होता है। यह दिव्य प्रवचन निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज द्वारा महाराष्ट्र के 57वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के प्रथम दिन उपस्थित श्रद्धालुजनों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में नागपुर के मिहान एसईजेड़ इलाके में आयोजित इस तीन दिवसीय सन्त समागम में देश-विदेश से लाखों का जन परिवार सम्मिलित हुआ और सभी ने



सतगुरु के दिव्य दर्शन एवं पावन प्रवचनों का आनंद प्राप्त किया।सतगुरु माता जी ने अपने आशीर्वचनों में कहा कि निराकार परमात्मा जो सर्वत्र समाया हुआ है, समूचे ब्रह्माण्ड का कण कण जिसमें निहित है, जो स्थिर, अनंत एवं सर्वव्यापी है ऐसे परमात्मा का बोध होने के उपरांत जब हम इससे भावरुप में इकमिक हो जाते हैं, तब हमारे अंदर मानवीय गुणों का स्वतः ही समावेश हो जाता है। तभी हम समस्त संसार एक परिवार की भावना से युक्त होकर जीवन जीते चले जाते हैं।
सतगुरु माता जी ने आगे समझाया कि हमारी जीव आत्मा इस परमपिता परमात्मा का ही अंश है जो इससे उभरकर अंत में इसी में समाहित हो जाती है। ब्रह्मानुभूति से हमें यह जब बोध हो जाता है कि हमारी वास्तविक पहचान यह शरीर नहीं अपितु हमारी आत्मा है जो इस परमात्मा से ही उत्पन्न हुई है। तो हमारी मुक्ती का मार्ग सहज ही सुलभ हो जाता है।

*सेवादल रैली*
समागम के दूसरे दिन का शुभारम्भ एक आकर्षक सेवादल रैली द्वारा हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में सेवादल के भाईयों एवं बहनों ने वर्दियों में सुसज्जित होकर भाग लिया। सतगुरु माता जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी का रैली में आगमन होते ही मिशन के सेवादल अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर दिव्य युगल का हार्दिक स्वागत किया गया। सेवादल रैली का अवलोकन करने के उपरान्त सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने मिशन के शान्ति के प्रतीक श्वेत ध्वज को लहराया।
इस रैली में शारीरिक व्यायाम के अतिरिक्त योगा, एरिएल सिल्क्स, मानव पिरामिड, रोप स्कीपिंग तथा अनेकों प्रकार के खेल कूद और करतब प्रस्तुत किए गए इसी तरह मिशन की सिखलाई पर आधारित विभिन्न भाषाओं के माध्यम से लघु नाटिकायें प्रस्तुत की गई जिनके माध्यम से भक्ति में सेवा के महत्व को उजागर किया गया।

# क्राइम ब्रांच एनआईटी ने शातिर चोर को गिरफ्तार कर बरामद किया मोबाइल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेश कुमार की टीम ने चोरी के मुकदमे में एक आरोपी चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ़्तार किए गए आरोपी का नाम शाइन है जो फरीदाबाद की गांधी कॉलोनी का रहने वाला है और नशा करने का आदी है। आरोपी ने मुजेसर एरिया में स्थित एक वर्कशॉप से रेडमी का मोबाइल फोन चोरी किया था जिस संबंध में मुजेसर थाने में



मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश की जा रही थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए तकनीकी और गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को चोरी के मोबाइल सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी का मोबाइल बरामद करके मामले में पूछताछ की गई तो सामने आया कि आप दिल्ली में चोरी के दो मामलों में तिहाड़ जेल में सजा काट चुका है और अभी जेल से बाहर आया ही था कि उसने फिर से चोरी की वारदात को अंजाम देना शुरू कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है और नशे की आपूर्ति के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देता है। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 29 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

# 'स्वच्छताकर्मियों को मिलेगा न्यूनतम मानदेय'

## स्वच्छताकर्मियों के गारंटीड मानदेय के लिए पहले ही एक कमेटी गठित है और शीघ्र ही इस पर ठोस कदम उठाए जाएंगेः सीएम

**गारंटीड**

**मुख्यमंत्री ने दस लाख रुपये तक की दुर्घटना बीमा सुविधा एवं कल्याण कोष का शुभारंभ किया**



**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि स्वच्छताकर्मियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी हरहाल में मिलनी चाहिए। जल्द ही इसे पूरे प्रदेश में सुनिश्चित कराया जायेगा। स्वच्छताकर्मियों के गारंटीड मानदेय के लिए पहले ही एक कमेटी गठित है और शीघ्र ही इस पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। मानदेय के साथ स्वच्छताकर्मियों के लिए आवास और जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ की व्यवस्था भी होगी। मुख्यमंत्री योगी रविवार पूर्वाह्न नगर निगम की तरफ से आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा और सम्मान सम्मलेन एवं विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास-लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। अभयनंदन इंटर कॉलेज के मैदान पर हुए इस कार्यक्रम के मंच से मुख्यमंत्री ने सफाई मित्रों हेतु ई-सेवा पोर्टल, दस लाख रुपये तक की दुर्घटना बीमा सुविधा एवं कल्याण कोष का शुभारंभ किया। कल्याण कोष से चार सफाई मित्रों के आश्रितों को सहायता राशि का चेक प्रदान किए। सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों को यूनिफॉर्म, लंच बॉक्स वितरित किए और डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने नगर निगम की 116 करोड़ रुपये की लागत वाली 176 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सुंदरता की आत्मा स्वच्छता में ही निहित होती है। प्रायः देखा जाता है कि जिस पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए, वह किन्हीं कारणों से उपेक्षित हो जाता था। हम शहर को कितना भी सुंदर क्यों न बना लें, चौड़ी सड़कें बना लें लेकिन यदि स्वच्छता नहीं होगी तो सारे मेहनत पर पानी फिर जाएगा। ऐसे में स्वच्छता के लिए समर्पित भाव से कार्य करने वाले कर्मियों का सम्मान सबको करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में पांच सौ वर्षों के इंतजार के बाद रामलला का मंदिर बना है, उनकी प्राण प्रतिष्ठा हुई है तो वहीं गोरखपुर की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार हुआ है। इन दोनों उपलब्धियों के लिए सबको बधाई। योगी ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों को न्यूनतम मानदेय के साथ आवासीय सुविधा भी मिलनी चाहिए। उन्हें राशन कार्ड, स्वास्थ्य बीमा कवर, उज्ज्वला जैसी योजनाओं का लाभ भी मिलना चाहिए। नगर निगम गोरखपुर ने इस दिशा में सराहनीय पहल की है।

### 'स्वच्छ सर्वेक्षण में टॉप टेन में लाएं गोरखपुर को'

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सफाईकर्मी शहर की शक्ल सूरत बदलने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करते हैं और इसी का परिणाम है कि स्वच्छ सर्वेक्षण में गोरखपुर की रैंकिंग 74 से 22 पर आ गई है। गोरखपुर को गार्बेज फ्री सिटी में थ्री स्टार रैंकिंग मिल गई है। गोरखपुर अब अच्छा और सुंदर शहर माना जाता है। परिवर्तन का परिणाम है कि यह देश के अच्छे शहरों में गिना जाता है। इसका सर्वाधिक श्रेय सफाईकर्मियों को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि अगली स्वच्छता रैंकिंग में गोरखपुर टॉप टेन और फिर टॉप थ्री में शामिल हो। इसके लिए जनता को और जागरूक करना होगा। पार्षदों को इस दिशा में जिम्मेदारी देते हुए सीएम ने कहा कि पार्षदगण मोहल्ला स्वच्छता समिति का गठन कर लोगों को सड़क, नाली में कूड़ा न डालने, सफाईकर्मियों से दुर्व्यवहार न करने के प्रति जागरूक करें।

# 'मुख्यमंत्री योगी के विजन से ब्रांड बन गया है गोरखपुर'



**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

नगर निगम की ओर से आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा और सम्मान सम्मलेन को सम्बोधित करते हुए सदर सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के विजन से गोरखपुर एक ब्रांड बन गया है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ताल और उसके आसपास का क्षेत्र फॉरेन कंट्री सा लगता है। विकास के साथ सफाई के मामले में भी गोरखपुर नजीर पेश कर रहा है। उन्होंने सफाई मित्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि पीएम मोदी भी सफाईकर्मियों के चरणों का वंदन करते हैं। स्वागत संबोधन में महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने नगर निगम की उपलब्धियों और परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आभार ज्ञापन विधायक विपिन सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, पूर्व महापौर श्रीमती अंजू चौधरी, डॉ. सत्या पांडेय, भाजपा के महानगर अध्यक्ष मौजूद रहे।

**नजीर**

**रामगढ़ताल का क्षेत्र फॉरेन कंट्री सा लगता है। विकास के साथ सफाई के मामले में भी गोरखपुर नजीर पेश कर रहा है**

**फास्ट न्यूज**

## 'गिरगिट को टक्कर दे सकते हैं...'

**नई दिल्ली:** बिहार में मचे सियासी हलचल और नीतीश कुमार के इस्तीफे के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि 2024 में बिहार की जनता नीतीश कुमार और दिल्ली में बैठे लोगों को सही जवाब देगी। दरअसल, नीतीश कुमार के इस्तीफे से विपक्षी क्ळड्ड्रक्र गठबंधन को बड़ा झटका लगा है।

**'दे रहे गिरगिट को टक्कर':** जयराम रमेश ने कहा, "बार-बार राजनीतिक साझेदार बदलने वाले नीतीश कुमार रंग बदलने में गिरगिटों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। इस विश्वासघात के विशेषज्ञ और उन्हें इशारों पर नचाने वालों को बिहार की जनता माफ नहीं करेगी। बिलकुल साफ है की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से प्रधानमंत्री और भाजपा घबराए हुए हैं और उससे ध्यान हटाने के लिए यह राजनीतिक ड्रामा रचा गया है।"

**विपक्षी गठबंधन को करेंगे मजबूत**

जयराम रमेश ने कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन के दौरान उन्होंने कहा था कि वह जोरो-शोरों से भाजपा के खिलाफ लड़ेंगे, लेकिन अब कुछ और ही देखने को मिल रहा है। हालांकि, अब भी हम चाहते हैं कि क्ळड्ड्रक्र गठबंधन मजबूत हो। इसके लिए मल्लिकार्जुन खरगे और ममता बनर्जी लगातार बातचीत कर रहे हैं।

**'पहले से ही पता था':** वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नीतीश कुमार के इस्तीफे पर कहा है, "जा रहे हैं तो जाने दें, हम तुम मिलकर लड़ेंगे। हमें यह भी सोचना है कि वो हमारे हाथ से जा रहे है, मैं फिर भी कोशिश करता हूं सभी को अपने साथ रखने का, बाकी हमें पहले से मालूम था कि यह होने वाला है। तेजस्वी यादव ने पहले ही बता दिया था ये आया राम गया राम है।"

## मराठा आरक्षण: शिंदे के फैसले से सत्तापक्ष में ही नाराजगी उभरी

**मुंबई:** मराठा आरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के फैसले पर सत्तापक्ष में ही नाराजगी उभरने लगी है।

शिंदे सरकार में कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल ने इस फैसले पर नाराजगी जताते हुए रविवार को कहा कि ओबीसी को आरक्षण से बाहर करने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने भी मुख्यमंत्री शिंदे के फैसले का पुरजोर विरोध किया है।

# 'अधिकारी विश्वसनीयता और निर्भरता में सबसे ऊपर'



**२टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से राजभवन में उत्तराखण्ड प्रान्तीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) संघ के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। पदाधिकारियों ने राज्यपाल को वार्षिक अधिवेशन की जानकारी दी और संघ की वार्षिक पत्रिका आरोही भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि आप सभी अधिकारी योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वयन और उनको आमजन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता और सरकार के मध्य जितना अच्छा समन्वय स्थापित करेंगे, जनहित में कार्य और तेजी से होंगे। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के अधिकारी बेहतर कार्य कर रहे हैं। वे विश्वसनीयता और निर्भरता में सबसे ऊपर हैं। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ आमजन को मिले आप सभी की सर्वोच्च प्राथमिकता में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में टेक्नोलॉजी को इस्तेमाल करें और गुड गवर्नेंस पर फोकस किया जाये। उन्होंने कहा वर्ष 2023 में उत्तराखंड ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसमें सभी अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने अधिकारियों से इसी लगन और सेवाभाव से कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उत्तराखण्ड प्रान्तीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) संघ के अध्यक्ष गिरधारी सिंह रावत, उपाध्यक्ष डॉ. ललित नारायण मिश्रा, प्रताप शाह एवं पीसीएस एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

**माध्यम**

**अधिकारी योजनाओं को धरातल पर क्रियान्वयन और उनको आमजन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं**

# 'मन की बात' प्रेरणादायीः सीएम पुष्कर सिंह धामी

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' का 109वां संस्करण उत्तराखंड के लोगों के लिए काफी प्रेरक रहा। प्रधानमंत्री ने इसमें पद्म पुरस्कार प्राप्त लोगों की चर्चा की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को इस 109वें संस्करण को जाखन में सुना जबकि मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कांवली रोड शिवाजी नगर स्थित अनुसूचित बस्ती के वार्ड 24 बूथ संख्या 29 में आयोजित कार्यक्रम में भागीदारी कर सुना। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में कहा कि पद्म पुरस्कार पाने वाले अधिकतर लोग, अपने-अपने क्षेत्र में काफी अनूठे काम कर रहे हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में काफी तेजी से कार्य हुए हैं। इसी का परिणाम है कि आज हमारी नारी शक्ति हर क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों का जिक्र किया। उत्तराखंड में आयुर्वेद के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। उत्तराखंड का अधिकांश भाग वनों से आच्छादित है। राज्य में आयुर्वेद के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। आयुर्वेद की संभावनाओं को बढ़ाने के राज्य में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से साज सेवा के लिए विशिष्ट कार्य करने और जन सरोकारों से जुड़े अभियानों में सराहनीय कार्य करने वालों को आगे लाने का कार्य किया है। इससे समाज में अन्य लोगों को भी अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दिव्यांग बच्चों को व्हील चेयर भी प्रदान किये।



**मन की बात**

**पद्म पुरस्कार पाने वाले अधिकतर लोग, अपने-अपने क्षेत्र में काफी अनूठे काम कर रहे हैं**

## एनडीए ने केरल में शुरू की पदयात्रा

**कासरगोड:** भाजपा के नेतृत्व वाले राजग ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को पदयात्रा आरंभ करके अपने अभियान की शुरुआत कर दी है। राजग केरल की राजनीति में जमीन तैयार करने की कोशिश कर रहा है। भाजपा की केरल इकाई के प्रमुख के सुरेंद्रन के नेतृत्व में राज्यव्यापी पदयात्रा के उद्घाटन समारोह के लिए शाम को सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता और नेता कासरगोड के थलिप्पडुपु मैदान में एकत्र हुए। इस मौके पर उपस्थित प्रमुख नेताओं में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन और राजग के राज्य संयोजक तुषार वेल्लापल्ली शामिल थे।

## एएसआई का सर्वे रिपोर्ट अभी आखिरी नहीं है : शहाबुद्दीन

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने रविवार को एक वीडियो जारी किया। इस वीडियो के जरिए वाराणसी के ज्ञानवापी मामले में मौलाना बरेलवी ने कहा कि एएसआई का सर्वे रिपोर्ट अभी आखिरी नहीं है। मौलाना ने कहा कि ज्ञानवापी प्रकरण अभी भी कोर्ट में विचाराधीन है और ऐसे में एएसआई की सर्वे रिपोर्ट सामने है। सर्वे रिपोर्ट पर कोर्ट की ओर से कोई निर्णय नहीं हुआ है। एएसआई का सर्वे रिपोर्ट आखिरी नहीं है, ना ही हम आंख बंद करके इस पर भरोसा करेंगे। हमारे लोग कोर्ट के फैसले का इंतजार करें। उन्होंने अपनी मांग रखते हुए कहा कि ज्ञानवापी पर आज तक कोर्ट ने कोई निर्णय नहीं दिया। कोर्ट का फैसला आने से पहले विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ज्ञानवापी को अपना ना बतायें। ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर हम विहिप के मुतालबे को खारिज करते हैं। उनकी मांग जायज नहीं है।

## 'उत्तर भारत में एक फरवरी को हो सकती है बारिश'

**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.पांडेय ने रविवार को बताया कि उत्तर भारत में एक फरवरी को बारिश हो सकती है। यह बारिश उत्तर भारत के अलावा पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिम उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी होने की संभावना है। इसकी वजह से उत्तर भारत में सूखे खेत और धूल से भरा आसमान को राहत की सांस मिल सकती है। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य कारण पश्चिमी विक्षोभों की एक श्रृंखला है, जो पश्चिमी हिमालय की ओर आ रही है। पहाड़ों में भारी बर्फबारी और भारी बारिश होने की संभावना है। ये विक्षोभ उत्तर भारत में एक चक्रवाती परिसंचरण बना सकते हैं, जिससे बारिश होने की संभावना बढ़ जाएगी। श्री पांडेय ने बताया कि उम्मीद है कि फरवरी के पहले सप्ताह में बारिश धीरे-धीरे विस्तार और तीव्रता दोनों में बढ़ेगी। उत्तरी राजस्थान के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है।

# रायपुर : सीएम साय ने पीएम को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**

**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर अयोध्या धाम में श्री रामलला की प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर छत्तीसगढ़वासियों की भावनाओं को साझा किया है। मुख्यमंत्री ने यह पत्र 25 जनवरी को लिख है जिसे सीएम साय ने आज रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया है। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में लिखा है कि अयोध्या धाम से दिये गये संबोधन में प्रधानमंत्री जी ने माता शबरी की भक्ति और भगवान राम के आने की प्रतिक्षा को जिस तरह रेखांकित किया, उसने छत्तीसगढ़वासियों को द्रवित कर दिया है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि पूरा देश और हम सभी छत्तीसगढ़वासी अयोध्या धाम के श्री राम जन्मभूमि में श्री रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर आह्लादित हैं। भारतीय जनमानस के इस स्वप्न को आकार देने के पीछे करोड़ों रामभक्तों और सैकड़ों बलिदानियों के साथ आपके संकल्प की महती भूमिका रही है। पत्र में आगे मुख्यमंत्री ने लिखा कि छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल भी है, इसलिए हमारी खुशी का कोई पारावार नहीं है।

पूरे छत्तीसगढ़ में इस तिथि को रामोत्सव के रूप में मनाया गया। मैंने इस अवसर पर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का अवलोकन माता शबरी के पवित्र धाम शिवरीनारायण से करने का निश्चय किया।



**विकास कार्य** सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे से सड़क सुदृढ़ीकरण को बढ़ावा देकर नई मिसाल पेश कर रही योगी सरकार

# योगी सरकार में 27,397 किमी ग्रामीण सड़कों का हुआ निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को विकास के नए सोपानों की ओर अग्रसर कर रही योगी सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने के साथ इसके निस्तारण की एक ऐसी प्रक्रिया शुरू की है जो पूरे देश में मिसाल बन गई है। मुख्यमंत्री योगी के विजन अनुसार सड़कों के निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए कोलतार के साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक वेस्ट का भी इस्तेमाल बड़े स्तर पर किया जा रहा है। इससे सड़कें कम लागत में तैयार होने के साथ ही बेहद टिकाऊ तरीके से अवस्थित रहती हैं। इतना ही नहीं, इस प्रक्रिया के जरिए सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे को उचित तरीके से बिना प्रदूषण निस्तारित किए जाने का मार्ग भी प्रशस्त हो रहा है।

इस तरह योगी सरकार की यह पहल एक नहीं कई मायनों में खास है और यही कारण है कि देश-दुनिया में योगी सरकार के इस प्रयास की चर्चा हो रही है। लोक निर्माण विभाग के आंकड़ों अनुसार उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने इस प्रक्रिया के जरिए कुल 813 किमी की लंबाई में सड़कों का निर्माण व सुदृढ़ीकरण कराया है। कुल मिलाकर, 466 सड़कों व मार्गों को नवीन तकनीक से प्लास्टिक मार्ग के तौर पर सुदृढ़ करने में मदद मिली है। वर्ल्ड बैंक ब्लॉग्स की रिपोर्ट के अनुसार प्लास्टिक से सड़क बनाने के मामले में भारत अग्रणी है। यहां 2500 किलोमीटर से ज्यादा की सड़कें प्लास्टिक से बनी हैं। सड़क निर्माण की यह प्रक्रिया अमेरिका समेत दुनिया के 15 देशों में इस्तेमाल में लाई जा रही है। इस लिहाज से उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के कार्यकाल में 813 किमी कुल लंबाई में प्लास्टिक से सड़कों का निर्माण करना इस बात को दशार्ता है कि भारत में उत्तर प्रदेश ही इस प्रक्रिया के अग्रणी राज्य के तौर पर देखा जाता है।



